नई दिल्ली
सोमवार 25 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 36
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


दोनों देशों के बीच जल्द दिया जाएगा द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप

# होर्मुज में स्वतंत्र और निर्बाध नौवहन व्यापार को बनाए रखने के पक्ष में भारत-अमेरिका

- विदेश मंत्री एस.जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक से निकला है यह निष्कर्ष
- वैश्विक संघर्षों के मामले में जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री के समक्ष स्पष्ट की भारत की पांच बिंदुओं पर आधारित सोच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच रविवार को राजधानी के हैदराबाद हाउस में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें द्विपक्षीय संबंधों, व्यापक रणनीतिक साझेदारी से जुड़े सभी जरूरी मुद्दों (व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा-सुरक्षा, आतंकवाद, परमाणु ऊर्जा, अवैध प्रवासन, दुर्लभ खनिज, एआई, सेमीकंडक्टर, तकनीक-नवाचार और लोगों के बीच संबंध) के अलावा वर्तमान में प्रासंगिक बने हुए क्षेत्रीय-अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के मामले (पश्चिम एशिया संकट, खाड़ी के मौजूदा हालात और ▶▶ शेष पेज 7 पर



### जल्द भारत आएगी अमेरिकी टीम

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि एक अच्छी खबर यह है कि इस पुनर्संतुलन के बीच हमारा मानना है कि हम दुनियाभर में व्यापारिक समझौते कर रहे हैं। जो सिर्फ अमेरिका के लिए नहीं बल्कि हमारे व्यापारिक साझेदार देशों के लिए भी अच्छा है। जिसमें भारत भी शामिल है। इतना ही नहीं हम इसे साबित करके भी दिखाएंगे। मुझे उम्मीद है कि जल्द ही अमेरिका के व्यापारिक प्रतिनिधि भारत की यात्रा कर सकते हैं। रुबियो ने कहा कि व्यापार के मामले में अमेरिका की अपने साझेदारों के साथ समस्याएं हैं। जिसमें यूरोपीय संघ भी शामिल है। लेकिन भारत के मामले में अंतर केवल इतना है कि यहां की अर्थव्यवस्था काफी बड़ी है। एक बड़ी अर्थव्यवस्था, जहां हम एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार हैं। अमेरिका भारत के साथ काफी व्यापार करता है। इसलिए व्यापार को फिर से संतुलित का मुद्दा रहता है। दोनों देशों के संबंध मजबूत हो रहे हैं। मेरा मानना है कि हमारी सरकार के कार्यकाल के समापन तक इन्हें और अधिक मजबूती प्रदान की जाएगी।

### आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे

जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद को लेकर भारत शून्य सहिष्णुता की नीति पर कायम है। मामले पर भारत, अमेरिका की एजेंसियों के बीच निकट सहयोग बना हुआ है। जिसकी हम सराहना करते हैं। उन्होंने 2025 में अमेरिका द्वारा मुंबई आतंकी हमले के मुख्य मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की प्रशंसा की है। रुबियो ने कहा कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद का दंश दोनों देशों ने झेला है। वैश्विक आतंकी नेटवर्क की वजह से हमारे बीच इस मामले को लेकर सहयोग बना हुआ है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि रक्षा-सुरक्षा सहयोग के मुद्दे पर 10 वर्षीय रक्षा साझेदारी फ्रेमवर्क समझौते को नवीनीकृत किया गया है। एक अंडरवाटर डोमेन जागरूकता रोडमैप पर हस्ताक्षर किए गए हैं। देश की मेक इन इंडिया नीति और बीते वक्त में आए विवादों से सीखे गए सबक पर भी हमने चर्चा की है।

### व्यापार से जुड़ेंगे एआई से जुड़े क्षेत्र

भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि देश में इस साल फरवरी महीने में हुए एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन हुआ था। दोनों देशों के संबंधों के मामले में भी इसे लेकर काफी संभावनाएं हैं। आगामी समय में हम अपने व्यापार में भी एआई से जुड़े क्षेत्रों को शामिल कर उन्हें प्रोत्साहित करेंगे। साथ ही अपनी उन्नत सेमीकंडक्टर क्षमताओं को भी बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने भारत के हालिया वक्त में जटिल खनिजों के मामले में पैक्स सिलिका से जुड़ने का उल्लेख किया। वार्ता में परमाणु ऊर्जा सहयोग और शांति कानून का जिक्र किया गया। एक अमेरिकी टीम ने परमाणु ऊर्जा सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए भारत का दौरा किया है। जयशंकर ने कहा कि मैंने विदेश मंत्री रुबियो के समक्ष कुछ नियामक संबंधी मुद्दों को उठाया है।

### भारत के पास मध्यस्थता की ताकत: रुबियो

अमेरिकी विदेश मंत्री ने किसी वैश्विक संघर्ष का नाम लिए बिना कहा कि दोनों देशों की विशिष्ट और व्यापक रणनीतिक साझेदारी केवल एक क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं है। इससे बाहर भी इसका संबंध है। अमेरिका की दुनिया के कई देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी है। लेकिन कुछ एकाध देश ही होते हैं। जिनके पास आर्थिक और कूटनीतिक ताकत होती है। जिससे वह वैश्विक नजरिए से रणनीतिक या सामरिक मुद्दों में भी प्रभाव डाल सकते हैं। भारत भी इनमें से एक है। दोनों देशों की यही साझेदारी हमें अपने बाकी संबंधों से अलग करती है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा करेंगे, जिसमें दोनों शीर्ष नेता मिलेंगे। अन्य मंचों पर भी यह मुलाकात हो सकती है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी के साथ वायरल हुए दो नन्हे दोस्त

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर दो प्यारे बच्चों के साथ तस्वीरें साझा कर लिखा



कि दो छोटे दोस्त सेवा तीर्थ आए थे। इन तस्वीरों में पीएम बच्चों के साथ खेलते नजर आ रहे हैं। बताया गया कि ये बच्चे केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु के हैं। केंद्रीय मंत्री अपने पूरे परिवार के साथ प्रधानमंत्री से मिलने सेवा तीर्थ पहुंचे थे।

### कर्नाटक में नीट छात्रा ने की आत्महत्या, अब तक 5 मरे

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कलबुर्गी में 18 वर्षीय नीट छात्रा भाग्यश्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



12वीं में 92% अंक लाने वाली भाग्यश्री की नीट परीक्षा अच्छी गई थी। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 3 मई को हुई नीट-यूजी परीक्षा पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को रद्द कर दी गई थी, जिसे अब 21 जून को दोबारा कराया जाएगा।

### बद्रीनाथ के नजदीक फटा ग्लेशियर

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में बद्रीनाथ धाम के पास कंचन गंगा नदी क्षेत्र में एक ग्लेशियर टूटने की घटना सामने आई है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें भारी मात्रा में बर्फ और बड़े-बड़े पत्थरों को नीचे गिरते हुए देखा जा सकता है। दृश्य को देखकर लोगों में चिंता और दहशत फैल गई, हालांकि प्रशासन ने स्थिति को सामान्य बताया है। चमोली के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने पुष्टि की है।

रुबियो बोले, हम अमेरिका के इमीग्रेशन सिस्टम को 21वीं सदी के हिसाब से आधुनिक बना रहे हैं

# जयशंकर ने रुबियो के समक्ष उठाया अमेरिकी वीजा को लेकर भारतीयों की समस्याओं का मुद्दा

- यह प्रक्रिया केवल भारत पर केंद्रित नहीं हैं, बल्कि इसे दुनिया के सभी देशों पर लागू किया जाएगा
- वर्तमान में अवैध रूप से अमेरिका में रहने वालों का आंकड़ा 20 मिलियन तक पहुंच गया है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई कई जटिल चुनौतियों के दौर में रविवार को नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की बीच द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें आपसी सहयोग में शामिल विभिन्न मामलों के अलावा पश्चिम-एशिया, खाड़ी देशों के घटनाक्रमों, यूक्रेन विवाद, भारतीय उपमहाद्वीप और पूर्वी एशिया के मामलों पर भी गहनता के साथ विचार-विमर्श किया गया है। बैठक के बाद आयोजित किए गए संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने बताया कि अपनी वार्ता में उन्होंने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के समक्ष अमेरिका के वीजा के मामले को लेकर भारतीयों के सामने आ रही दिक्कतों का मुद्दा उठाया है। साथ ही कहा कि भारत भी अनियंत्रित और अवैध प्रवासन के मुद्दे से जूझ रहा है। हम मानते हैं कि इसका वैध प्रवासन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। ▶▶ शेष पेज 7 पर



### हम तय करेंगे कौन अमेरिका आएगा और रहेगा

विदेश मंत्री रुबियो ने मामले पर अमेरिका के रुख को साफ करते हुए कहा कि वर्तमान में अमेरिका के प्रवासन यानी इमीग्रेशन सिस्टम को 21वीं सदी के हिसाब से आधुनिक बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जो महज भारत पर केंद्रित नहीं है। बल्कि इसे दुनिया के सभी देशों पर समान रूप से लागू किया जाएगा। आधुनिकीकरण का फायदा केवल अमेरिकी नागरिकों को ही नहीं मिलेगा। बल्कि बाहर से आने वाले लोगों को भी इसका समान रूप से लाभ होगा। अभी फिलहाल अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों की कुल संख्या 20 मिलियन तक पहुंच गई है। जो हमारे लिए एक संकट या चुनौती के समान है। एक देश के रूप में आप जो भी करते हैं। वह आपके राष्ट्रीय हित में होना चाहिए। जिसमें आव्रजन नीति भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अमेरिका दुनिया का एक ऐसा देश है जो आव्रजन के मामले में सबसे ज्यादा स्वागत करने वाला देश है। प्रतिवर्ष 10 लाख लोग अमेरिका के स्थायी निवासी बनते हैं और वहां महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

अमेरिका में भारतीयों पर की जाने वाली नस्लीय टिप्पणियों को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री की प्रतिक्रिया

## मूर्खों की दुनिया में कोई कमी नहीं...ये अमेरिका और भारत दोनों में हैं': मार्को रुबियो

- ईरान युद्ध के बीच भारत से रुबियो का ऐलान, जल्द मिलेगी गुड न्यूज



(ब्यूरो)नई दिल्ली। अगले सप्ताह मंगलवार को भारत में क्वाड समूह देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। जिसमें भाग लेने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो चार दिवसीय यात्रा के तहत स्वदेश में हैं। इसके पूर्व में रविवार को उनकी हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ एक अहम द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के साझा संबंधों के अलावा कई अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी चर्चा की गई है। बैठक के बाद हुए संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अमेरिका में भारतीयों पर की जाने वाली नस्लीय टिप्पणियों के मामले को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में मार्को रुबियो ने कहा कि मूर्ख लोगों की पूरी दुनिया में कहीं कोई कमी नहीं है। यह अमेरिका में भी हैं और भारत में भी हैं। यह वो लोग हैं ▶▶ शेष पेज 7 पर

### ऐसी टिप्पणी की निंदा करता अमेरिका

उन्होंने कहा कि अमेरिका हालांकि ऐसी सभी टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है। यह कहीं से भी उनके देश के मूल चरित्र को नहीं दर्शाती हैं। रुबियो ने साफ किया कि भले ही ऐसी टिप्पणियां सोशल मीडिया पर की गई हों या अन्य ऑनलाइन माध्यमों पर। लेकिन यह जो भी लोग हैं, वह मूर्ख होते हैं। अमेरिका दुनिया का एक ऐसा देश है। जिसने हमेशा से ही प्रवासियों का स्वागत किया है। हमारे देश को दुनिया के बाकी देशों से आने वाले लोगों से काफी फायदा हुआ है।

### गुड न्यूज संग खुल जाएगी होर्मुज की खाड़ी

अमेरिका के विदेश मंत्री ने भारत की धरती से ईरान युद्ध के मामले में एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही हमें एक खुशखबरी मिल सकती है। जिसमें युद्ध के बीच बहुत संभावना है कि संघर्षविराम दो महीने यानी 60 दिनों के लिए ▶▶ शेष पेज 7 पर

लाल किला मैदान से गूंजा जनजातीय गौरव का स्वर

## राष्ट्रीय जनजाति समागम में बोले विष्णुदेव साय - जनजातीय समाज दुनिया को सिखा सकता है प्रकृति संग विकास



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में रविवार को जनजातीय अस्मिता, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक चेतना का एक विराट दृश्य देखने को मिला, जब भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय जनजाति सांस्कृतिक समागम में देशभर से हजारों जनजातीय प्रतिनिधि, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और पारंपरिक समुदाय एक मंच पर जुटे। जनजाति सुरक्षा मंच एवं जनजाति जागृति समिति द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। लाल किले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में पारंपरिक वेशभूषा, लोक वाद्ययंत्रों और जनजातीय संस्कृति की विविध रंगों से सजा यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक समागम नहीं, बल्कि देश की मूल सांस्कृतिक चेतना और जनजातीय पहचान के संरक्षण का राष्ट्रीय संदेश बनकर उभरा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनजातीय समाज केवल प्रकृति का रक्षक नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का सबसे प्राचीन और जीवंत स्वरूप है। उन्होंने कहा कि सदियों से जल, जंगल और जमीन की रक्षा करते हुए जनजातीय समाज ने प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने का कार्य किया है और आज पूरी दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है, ऐसे समय में जनजातीय जीवन दर्शन मानवता को टिकाऊ विकास का रास्ता दिखा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध जनजातीय संस्कृति से जुड़ी हुई है, जहां 42 प्रकार की जनजातियां निवास करती हैं और राज्य का लगभग 44 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्र निर्माण तक जनजातीय समाज का योगदान अतुलनीय रहा है और भगवान बिरसा मुंडा तथा छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीर नारायण सिंह जैसे महानायकों ने अपनी संस्कृति, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष और बलिदान का इतिहास रचा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उनकी सरकार जनजातीय संस्कृति, ▶▶ शेष पेज 7 पर

12 दिन बाद ट्विशा का भदभदा घाट पर अंतिम संस्कार, पांच महीने पहले शादी और, अब संसार से विदाई

भदभदा श्मशान घाट पर भाई मेजर हर्षित ने दी मुखाग्नि

## 3 घंटे में हुआ दूसरा पोस्टमार्टम आज सुप्रीम कोर्ट सुनेगा 'केस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्विशा का मौत के 12 दिन बाद रविवार को उसके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। भोपाल के भदभदा श्मशान घाट में भाई मेजर हर्षित ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इस दौरान ट्विशा की मां और परिवार भावुक होकर रो पड़ा। इससे पहले रविवार को ही दिल्ली एम्स की टीम ने ट्विशा की डेडबॉडी का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया। भोपाल एम्स में करीब 3 घंटे चली प्रक्रिया के बाद टीम भोपाल से रवाना होकर दिल्ली पहुंच गई। इस प्रक्रिया को वैज्ञानिक



मुखाग्नि देते हर्षित

प्रोटोकॉल और वीडियोग्राफी के साथ किया गया। पोस्टमॉर्टम से जुड़े सैंपल और विसरा भोपाल एम्स में ही सुरक्षित रखे गए हैं। टीम अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सौंपेगी। फॉरेंसिक जांच के तहत टीम ने घटनास्थल से जुड़े कई पहलुओं की ▶▶ शेष पेज 7 पर

दिल्ली लाल किला ब्लास्ट: एनआईए का बड़ा खुलासा

7500 पन्नों की चार्जशीट में एआई और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की बात

## चैटजीपीटी और यूट्यूब से सीखा था रॉकेट और आईईडी बनाना



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला इलाके में हुए कार ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एनआईए द्वारा विशेष अदालत में दाखिल 7,500 पन्नों की ▶▶ शेष पेज 7 पर

### उपकरण के लिए 'फ्लिपकार्ट' अकाउंट का इस्तेमाल

एनआईए की चार्जशीट में यह भी सामने आया है कि जासिर ने आईईडी ट्रिगर मैकेनिज्म तैयार करने के लिए दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'फ्लिपकार्ट' अकाउंट का इस्तेमाल किया था। उसने वहां से सेंसर, आरएफ ट्रांसमीटर-रिसीवर किट, सोल्डरिंग किट और इलेक्ट्रॉनिक स्विच जैसे उपकरण ऑनलाइन ऑर्डर किए थे। इन्हीं उपकरणों की मदद से तैयार ट्रिगर सिस्टम का इस्तेमाल लाल किला इलाके में हुए वाहन ब्लास्ट में किया गया था। इस मॉड्यूल की योजना ड्रोन की क्षमता बढ़ाकर सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की थी, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया।

बोर्ड की भुगतान गेटवे प्रणाली में सुधार के मुद्दे पर वित्त मंत्री से की बातचीत

# आईआईटी विशेषज्ञों की सहायता से दूर होंगी सीबीएसई की तकनीकी चुनौतियां: प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आ रही गड़बड़ियों से इतर छात्रों और अभिभावकों के मन में बनी हुई तमाम आशंकाओं के बीच रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की तरफ से दो जरूरी कदम उठाए गए हैं। जिसमें सबसे पहले उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी-एम) के प्रोफेसरों और तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की सहायता के लिए भेजने का निर्देश दिया है। जिससे पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया त्रुटिरहित हो सके। यह निर्णय केंद्रीय मंत्री ने सीबीएसई के परीक्षा से जुड़े हुए पोर्टल में आई तकनीकी समस्याओं को लेकर हालिया वक्त में छात्रों, अभिभावकों द्वारा प्रकट की गई चिंताओं के मद्देनजर लिया है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आईआईटी मद्रास के प्रोफेसरों और तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम को बोर्ड की मदद के लिए भेजने का दिया निर्देश

### इन मुद्दों की जांच करेगी टीम



शिक्षा मंत्री ने कहा कि आईआईटी मद्रास की विशेषज्ञ टीम मुख्य रूप से बोर्ड के सिस्टम और तकनीकी कार्यप्रवाहों में लक्षित तकनीकी सुधार लागू करेगी। इसके अलावा पोर्टल की स्थिरता और सर्वर के प्रदर्शन की भी उसके द्वारा जांच की जाएगी। समग्र आईटी अवसंरचना की मजबूती का इस दौरान आकलन किया जाएगा। लॉगिन प्रमाणीकरण, उपयोगकर्ता पहुंच प्रणाली, भुगतान गेटवे की सटीकता और सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सुधारों से जुड़े सुधारात्मक उपाय करने में टीम मदद करेगी।

### छात्रों के हित सर्वोपरि रहेंगे

प्रधान ने दोहराते हुए कहा कि छात्रों के हित सर्वोपरि हैं। एक पारदर्शी, कुशल और छात्र हितैषी प्रणाली को बनाए रखने के लिए बोर्ड द्वारा तमाम महत्वपूर्ण सुधारात्मक उपाय प्राथमिकता के आधार पर किए जाने चाहिए।

### निर्मला सीतारमण से की चर्चा


वहीं, दूसरे कदम के तहत केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सीबीएसई की भुगतान गेटवे प्रणाली में सुधार को लेकर केंद्रीय वित्त-कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से बातचीत की है। जिसमें ये तय किया गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंक जिनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक और इंडियन बैंक सीबीएसई को उसके भुगतान गेटवे से संबंधित बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और परीक्षा बाद की सेवाओं के पोर्टल के साथ आवश्यक एकीकरण में सहायता करेंगे। यह सभी बैंक बोर्ड को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, इस संबंध में आने वाली समस्याओं को दूर करने और अगर कोई अतिरिक्त भुगतान हुआ हो तो स्वचालित रूप से धनवापसी करने के लिए मजबूत प्रोटोकॉल लागू करने में सक्षम बनाएंगे। उन्होंने बोर्ड को अपनी भुगतान गेटवे प्रणाली में पूर्ण सुधार का भी निर्देश दिया है।



# नंदू गैंग के तीन शूटर समेत पांच बदमाश किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली







दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के तीन शूटरों और हथियारों के दो संदिग्ध आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से पुलिस ने रंगदारी से जुड़े एक सुनियोजित गोलीबारी कांड को विफल करने का भी दावा किया।

पुलिस के अनुसार आरोपियों को जेल में बंद गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के निर्देश पर छावला इलाके में एक क्लीनिक पर गोलीबारी कर उसके मालिक को रंगदारी के लिए धमकाने का काम सौंपा गया था। आरोपियों के पास से तीन सेमी ऑटो मेटिक पिस्तौल, चार कारतूस और गिरोह के सदस्यों से संपर्क के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। शूटरों के नाम पंजाब के अमृतसर निवासी अभिषेक (23), साहिल (21) और हर्षदीप उर्फ पोलू (23) बताये गये। वहीं, कथित हथियार आपूर्तिकर्ताओं करण उर्फ अंकुश (20) और अमन (23) हरियाणा के कैथल के रहने वाले हैं। स्पेशल सेल की टीमें दिल्ली-एनसीआर में रंगदारी और सुपारी लेकर हिंसक वारदातों में शामिल संगठित आपराधिक गिरोहों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान उन्हें इस सुनियोजित हमले की विशेष सूचना मिली थी। पुलिस ने बताया कि एक महीने से अधिक समय तक तकनीकी निगरानी के बाद टीम ने आरोपियों की पहचान की, जिन्होंने इस वर्ष फरवरी में लक्ष्य स्थल की रेकी की थी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे नंदू के निर्देश पर क्लीनिक को निशाना बनाने के लिए फरवरी में दिल्ली आए थे।

गिरोह ने कैथल स्थित अपने सहयोगियों के माध्यम से हथियार, कारतूस और मोटरसाइकिल की व्यवस्था की थी। हालांकि क्लीनिक के पास लोगों की अधिक मौजूदगी के कारण आरोपी गोलीबारी की योजना को अंजाम नहीं दे सके और रेकी करने के बाद लौट गए थे। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर बाद में शेष चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और सहयोगियों की पहचान के लिए मामले की आगे जांच जारी है।

# बवाना इलाके से 90 किलो गांजा सहित एक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




बाहरी उत्तरी जिले की एएटीएस टीम ने गांजा सप्लाई मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में बवाना इलाके से 90.225 किलोग्राम गांजे की भारी बरामदगी हुई है। एक शख्स को पकड़ा गया है। आरोपी का नाम अब्दुल रहमान उर्फ बबलू पुत्र मोइनुद्दीन, निवासी ग्राम बवाना बताया गया है।

पुलिस के अनुसार नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में एएटीएस टीम के हेड कांस्टेबल संजय कुमार को सूचना मिली कि अब्दुल रहमान अपने घर से ही गांजे की सप्लाई में लिप्त है। यह सूचना तुरंत इंस्पेक्टर आनंद कुमार झा के साथ साझा की गई। एडीपीएस अधिनियम की धारा 41 और 42 का विधिवत पालन करने तथा आधिकारिक माध्यम से घर की तलाशी की अनुमति प्राप्त करने के बाद एक रेडिंग टीम का गठन किया गया। टीम ने बवाना गांव में सुबह लगभग 10:35 बजे बबलू के घर छापा मारा। घर की तलाशी के दौरान एक कमरे में रखे डीप फ्रीजर के अंदर से गांजे से भरे चार बोरे बरामद किए गए। बरामद पदार्थ की फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जांच की गई और वह नशीला पदार्थ होने की पुष्टि हुई। इसके बाद बबलू को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह पिछले कई सालों से अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गांजे की तस्करी में शामिल था। उसने आगे बताया कि गांजा कथित तौर पर आंध्र प्रदेश-ओडिशा सीमा से मंगाया जाता था और उसके बाद अवैध मुनाफे के लिए दिल्ली में इसकी सप्लाई की जाती थी। आरोपी चित्रकोंडा पुलिस स्टेशन, मलकानगिरी, ओडिशा में इसी प्रकार के अन्य केस में शामिल रहा है। आरोपी ने आगे बताया कि वह सीमापुरी और बवाना इलाकों में सक्रिय स्थानीय खरीदारों और साथियों को गांजे की सप्लाई करता था।

# चाकू से हमला कर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ शाहबाद डेयरी इलाके में वारदात

बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी इलाके में एक 31 वर्षीय युवक की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नारायण दत्त पुत्र राम बाबू निवासी गुप्ता कॉलोनी, प्रहलादपुर के रूप में हुई। वारदात को तीन लड़कों ने अंजाम दिया। इनमें से एक सूरज (20) पुत्र शिवानी निवासी झुग्गी नंबर ई-154 शाहबाद डेयरी को पकड़ लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार 23 मई को चाकू मारने की एक घटना के संबंध में सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस टीम महादेव चौक, शाहबाद डेयरी पहुंची। पता चला कि घायल को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल, पूठ खुर्द ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर नारायण दत्त इलाज के लिए भर्ती पाया गया। एमएलसी में चाकू से कई घाव होने की बात कही गई थी। हालांकि घायल को बयान देने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था और आगे बेहतर इलाज के लिये सफदरजंग अस्पताल के लिये रेफर किया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटनास्थल के पास लगे कैमरों की जांच के दौरान तीन लड़के नारायण पर हमला करते हुए दिखाई दिए। शाहबाद डेयरी थाने में केस दर्ज किया गया। वारदात के पीछे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## भाजपा शासन में छात्र गंदगी, बदबू और खतरनाक कचरे से घिरे माहौल में पढ़ने को विवशः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि भाजपा शासन में दिल्ली के छात्रों को गंदगी, बदबू और खतरनाक कचरे से घिरे माहौल में पढ़ने को विवश किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाए कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों रुपये बर्बाद करने के बाद भी दिल्ली नगर निगम की आंखें खोलने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट को नोटिस भेजना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर कोर्ट द्वारा नोटिस भेजना साबित करता है कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। भाजपा की ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने सरकारी स्कूल के सामने कूड़ा फेंकने के मामले में निगम आयुक्त को नोटिस भेजा है। यह दिल्ली में ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार के लिए बेहद शर्मनाक और प्रशासनिक विफलता का मामला है। यह चौंकाने वाली घटना भाजपा के नेतृत्व वाली निगम द्वारा स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गरिमा को लेकर उदासीनता, गंभीर चिंताएं पैदा करती है। यादव ने कहा कि यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है कि छात्रों को गंदगी, बदबू और खतरनाक कचरे से घिरे माहौल में पढ़ने के लिए मजबूर किया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस का मानना है कि यह मामला सिर्फ एक स्कूल या एक इलाके का नहीं है यह राष्ट्रीय राजधानी में स्वच्छता, कचरा निस्तारण और जन स्वास्थ्य के प्रबंधन में भाजपा की बड़ी विफलता को उजागर करता है। स्वच्छ दिल्ली के बार-बार किए गए वादों के बावजूद, पूरे शहर में कूड़ा जमा होता जा रहा है, जबकि नागरिक रोजाना परेशान हो रहे हैं। यादव ने कहा कि बीजेपी के शहरी घोषणापत्रों में 100 प्रतिशत कचरा प्रोसेसिंग और कचरे से धन जैसी पहलों पर ज़ोर दिया गया था। लेकिन ये पहले सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गईं। आज भी शहर के निवासियों के लिए साफ-सफाई, कचरे का निपटारा, और हवा व पानी का प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या बनी हुई हैं।

## ट्रांसपोर्टरों की तीन दिवसीय हड़ताल समाप्ति के बाद बॉर्डर पर खड़े वाहनों ने किया दिल्ली में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अपनी मांगों के समर्थन में गत तीन दिनों से चल रही चक्का जाम हड़ताल रविवार को समाप्त हो गई। हड़ताल खत्म होने के बाद सिंधु बॉर्डर, गुरुग्राम बॉर्डर सहित अन्य जगह खड़े वाहन अब दिल्ली में प्रवेश करने लगे है। रविवार के चलते कई बाजार बंद रहे, जबकि सोमवार को भी कई थोक बाजार बंद रहने के चलते मंगलवार के बाद ही कहीं जाकर हालात सामान्य होंगे। हड़ताल के चलते दिल्ली से बाहर की बुकिंग जो बंद थी वह अब खुल चुकी है। कई थोक व्यापारियों ने शनिवार -रविवार आधी रात बाद माल लोडिंग शुरू करवा दिया था। जबकि सदर बाजार, नई सड़क, खारी बावली आदि बाजारों के व्यापारियों ने रविवार रात में अपने पुराने आर्डरों का माल लोडिंग कराया है। व्यापारी एस के शर्मा का कहना है कि बेशक हड़ताल शनिवार रात को समाप्त हो गई थी। लेकिन पूरी तरह से माल लोडिंग अनलोडिंग तो रविवार देर रात से ही होगा। वहीं सोमवार को बाजारों के बंद रहने से भी अभी माल लोडिंग अनलोडिंग में कुछ दिक्कत है। बता दें कि हड़ताल समाप्ति को लेकर फिलहाल सरकार व ट्रांसपोर्टरों के बीच कोई निर्णयायक सहमति नहीं बनी है। इस बारे में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) के अध्यक्ष हरीश सभरवाल का कहना है कि अगर तीन महीने में सरकार ने हमारी मांगें नहीं मानी तो फिर मजबूरी में हमें देशव्यापी आंदोलन चलाना पड़ेगा। सरकार के भरोसे पर विश्वास करने के अलावा हमारे पास अभी तो कोई विकल्प नहीं है। लेकिन अगर सरकार ने वादाखिलाफी की तो अगली बार यह लड़ाई सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे देश में चक्का जाम किया जाएगा। बताया कि संगठन ने पहले से ही तीन दिवसीय 21-23 मई तक सांकेतिक चक्का जाम हड़ताल की घोषणा की थी। सरकार से मिले भरोसे के बाद संगठन ने शनिवार रात हो ही हड़ताल समाप्त कर दी थी। संगठन ने 21-23 मई तक हड़ताल की जो कामयाब रही है।

## एथलेटिक्स गुरिंदरवीर के सबसे तेज धावक बनने पर एलजी की बधाई, कड़ी मेहनत को बताया सफलता का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ वर्ग में भारत के सबसे तेज धावक बने गुरिंदरवीर सिंह को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बधाई देते हुए बेहतरीन भविष्य की शुभकामनाएं दी है। एलजी ने गुरिंदरवीर द्वारा 10.09 सेकंड की ज़बरदस्त स्प्रिंट रिकॉर्ड बनाने पर कहा कि यह कड़ी मेहनत ही इस सफलता का राज है। एलजी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर गुरिंदरवीर सिंह की फोटो सहित पोस्ट करते हुए उन्हें बधाई दी है। एलजी ने लिखा कि यह भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक ऐतिहासिक पल है। गुरिंदरवीर सिंह की 10.09 सेकंड की ज़बरदस्त स्प्रिंट ने उन्हें भारत का सबसे तेज धावक बना दिया है। एलजी ने लिखा कि यह एक शानदार उपलब्धि है, जो पूरे देश के अनगिनत युवा एथलीटों को भी प्रेरित करेगी। एलजी ने लिखा कि उनकी यह यात्रा इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे एकाग्रता, अनुशासन और अटूट समर्पण महानता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। हम उनके भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएँ देते हैं। एलजी ने लिखा कि आशा है कि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे, देश के लिए पदक जीतते रहेंगे और अपनी कई और रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शनों से को गौरवान्वित करते रहेंगे। बता दें कि पंजाब के धावक गुरिंदरवीर सिंह ने रांची में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता (29वें फेडरेशन कप) में 100 मीटर की दौड़ महज़ 10.09 सेकंड में पूरी करके एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया है। इसके साथ ही गुरिंदरवीर सिंह 10.10) सेकंड का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट बन गए हैं।

# पीरागढ़ी इलाके में बुजुर्ग चौकीदार की कार से कुचलकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम विहार वेस्ट थाना एरिया के पीरागढ़ी में एक बुजुर्ग चौकीदार की कार से कुचलकर हत्या कर दी गई। शुरु में पुलिस को दुर्घटना की कॉल मिली थी लेकिन सीसीटीवी विश्लेषण के बाद पता चला कि बुजुर्ग को दो बार कुचला गया था। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार रविवार को सुबह लगभग 4:03 बजे पश्चिम विहार वेस्ट थाने में एक जानलेवा दुर्घटना के संबंध में एक कॉल प्राप्त हुई। पुलिस अपराध स्थल पीरागढ़ी गांव के प्रवेश द्वार पर स्थित टेम्पो स्टैंड के पास श्री सिद्ध बाबा मंदिर के निकट पहुंची। मृतक की पहचान बिजेंद्र (60) पुत्र स्वर्गीय चंद्र भान निवासी पीरागढ़ी गांव के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच के दौरान यह पता चला कि मृतक पीरागढ़ी स्थित उक्त टेम्पो स्टैंड पर चौकीदार के रूप में कार्यरत था। अपराध स्थल पर गाड़ी के फिसलने के निशान मौजूद थे। इसी को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरों का विस्तृत विश्लेषण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि मृतक को एक चार पहिया वाहन द्वारा दो बार कुचला गया था। इसके बाद बीएनएस की धारा 103(1)/3(5) के तहत एक मामला दर्ज किया गया। इस मामले को सुलझाने के लिए कई टीमों को लगाया गया है, जिनमें पश्चिम विहार सब-डिवीजन की विशेष टीमें और बाहरी जिले की ऑपरेशनल यूनिट्स शामिल हैं। एफएसएल और क्राइम टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर सबूत इकट्ठा किये हैं।

# चीनी मांझा गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने प्रतिबंधित कृत्रिम मांझे की 2,040 रील उत्तम नगर इलाके से बरामद कर अवैध चीनी मांझा कारोबार का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम शंकी सिंघल उर्फ कालू (36) और मनमोहन (52) बताये गये।

पुलिस के अनुसार त्योहारों पर पतंगबाजी के दौरान खतरनाक कृत्रिम मांझे से जुड़े हादसों में बढ़ोतरी को देखते हुये यह कार्रवाई की गई। क्राइम ब्रांच की टीम को उत्तम नगर के हनुमान मार्केट में प्रतिबंधित चीनी मांझा का भंडारण किए जाने की सूचना मिली थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बाजार में भूतल स्थित एक परिसर से 34 कार्टन बरामद किए। प्रतिबंधित मांझा का भंडारण स्वतंत्रता दिवस के दौरान पतंगबाजी से पहले बिक्री के लिए किया गया था। पूछताछ में शैंकी ने बताया कि उसने त्योहारों के दौरान जल्द मुनाफा कमाने के लिए यह खेप उत्तम नगर के थोक पतंग कारोबारी मनमोहन से खरीदी थी। इसके बाद पुलिस ने मनमोहन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि अधिक मांग और मुनाफे के कारण उसने प्रतिबंधित कृत्रिम मांझे की खरीद-बिक्री की। पुलिस के अनुसार शैंकी 2018 में उत्तम नगर थाने में दर्ज मारपीट और पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मामले में शामिल रहा है जबकि मनमोहन 2023 में बिंदापुर थाने में दर्ज एक मामले में आरोपी है।

# एक करोड़ की चोरी का मामला 48 घंटों के भीतर सुलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दक्षिण जिले की ग्रेटर कैलाश और स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने एक करोड़ की चोरी का हाई प्रोफाइल मामला पुलिस ने 48 घंटों के भीतर सुलझाने का दावा किया है। आरोपी पहले के एक मामले में भी फरार चल रहा था। इसके पास से सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों के साथ 3.57 लाख कैश बरामद हुआ है।

डीसीपी अनंत मित्तल के अनुसार 20 मई को ग्रेटर कैलाश में पमपोश एन्क्लेव में हुई एक बड़ी चोरी के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि दिन के समय घर बंद था और रात को लौटने पर ताले टूटे हुए मिले। घर से सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों सहित लगभग 1 करोड़ की कीमत का कीमती सामान और 6.5 लाख नकद चोरी हुये है। केस दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की गई। जांच में स्पेशल स्टाफ की टीम को भी शामिल किया गया। दोनों टीमों ने तकनीकी निगरानी, स्थानीय खुफिया जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के गहन विश्लेषण का उपयोग करते हुए एक सघन जांच शुरू की। 250 से ज्यादा कैमरों को खंगाला गया और आरोपी की हरकतों को लगभग 10 किलोमीटर तक ट्रैक किया गया। इसके बाद 22 मई को सांवरा गुर्जर उर्फ सुनील (28) को पकड़ा। आरोपी दिन के समय रिहायशी कॉलोनियों की रेकी करता था और बंद घरों को निशाना बनाता था। घर तोड़ने वाले औजारों का इस्तेमाल करके चोरी करने के बाद वह तुरंत अपना ठिकाना बदल लेता था। आरोपी टोंक, राजस्थान का रहने वाला है। इसके खिलाफ पूर्व में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में भी केस दर्ज था। उक्त मामले में यह फरार चल रहा था और न्यायालय द्वारा 10 अप्रैल को गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था।

## 1170 एफआईआर दर्ज, 1179 वाहन किए जब्त

# गलत दिशा ड्राइविंग करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




■ उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ 12568 चालान जारी हुये

सड़क अनुशासन और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई एक सख्त कार्रवाई में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने राजधानी क्षेत्र में गलत दिशा ड्राइविंग की खतरनाक और गैर-कानूनी प्रथा के खिलाफ पूरे शहर में एक विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू किया है। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गई। इसके तहत न सिर्फ चालान जारी किये गये बल्कि वाहन मालिकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। चौबीस घंटे के इस अभियान के दौरान 1170 एफआईआर दर्ज की गई। 1179 वाहन जब्त किए और 12568 चालान जारी हुये।

एडिशनल सीपी विजयांता गोयल आर्य ने बताया कि गलत साइड ड्राइविंग केवल एक ट्रैफिक उल्लंघन नहीं है बल्कि यह एक गंभीर और जानलेवा अपराध है, जो सड़क पर चल रहे निर्दोष लोगों की जिंदगी को खतरे में डालता है। कई बार आमने-सामने की टक्करों का कारण भी गलत दिशा में ड्राइविंग बनता है। गलत दिशा की ड्राइविंग जानलेवा दुर्घटनाओं की ओर ले जाता है और ट्रैफिक के प्रवाह को बुरी तरह बाधित करता है। इस तरह का लापरवाही भरा आचरण शहर की सड़कों पर अव्यवस्था के प्रमुख कारणों में से एक बनकर उभरा है। इस खतरनाक प्रथा से जुड़े चिंताजनक जोखिमों को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने 22 और 23 मई को पूरी दिल्ली में प्रमुख सड़कों, चौराहों, राजमार्गों, संवेदनशील हिस्सों और दुर्घटना संभावित स्थानों पर गहन प्रवर्तन कार्रवाई की।

# अगले पांच दिन दिल्ली में सूरज आग उगलने के मूड में, राहत के लिए अभी करना पड़ेगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पहले से ही भीषण गर्मी व लू से झुलस रही दिल्ली वालों के लिए आफत वाली खबर है कि अभी करीब पांच दिन राहत नहीं मिलने वाली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि 25-30 मई के बीच भीषण गर्मी से निजात मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। हालांकि इस दौरान बीच बीच में आसमान पर बादल छाए रह सकते है, हल्की बूंदाबांदी की उम्मीद की जा सकती है। लेकिन पारा गिरने की बजाए चढ़ सकता है। आईएमडी का कहना है कि रविवार को अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री दर्ज हुआ, यह सामान्य से 2.0 डिग्री अधिक है। वहीं निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के महेश पलावत का कहना है कि इस समय एक कमजोर वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहाड़ों के ऊपर है। एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र पाकिस्तान से सटे पंजाब और हरियाणा के ऊपर दिखाई दे रहा है। इसके प्रभाव से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान आंधी और बारिश की संभावना है। लेकिन 26 मई से मौसम एक बार फिर शुष्क हो जाएगा। अगला वेस्टर्न डिस्टरबेंस 28 मई को आएगा, जिसके कारण उत्तर भारत में एक बार फिर बारिश और आंधी शुरू हो सकती है। उत्तर पूर्वी राज्यों में तेज बारिश है, सिक्किम सहित बिहार के उत्तर पूर्वी जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं,दक्षिण भारत में मानसून से पहले की बारिश काफी ज्यादा तेज होने वाली है।

VELLORE INSTITUTE OF TECHNOLOGY VIT

# VIT® BHOPAL

www.vitbhopal.ac.in


## IT ISN'T JUST AN ALGORITHM ANSWER...

## IT IS THE LEGACY OF BEING

# FUTURE READY


Sprawling on a lavish 300+ Acre campus, equipped with top-notch labs, doctoral faculty, strong centralized placement team and a cosmopolitan student community, the curriculum at VIT Bhopal is designed for the future.

That is why even the most advanced AI tools recommend us!









## FUTURISTIC CURRICULUM

### FUTURE READY B.TECH PROGRAMMES

- Aerospace
- Bioengineering
- ECE ■ ECE - Artificial Intelligence & Cybernetics
- Mech ■ Mech - Artificial Intelligence & Robotics
- CSE
  - Artificial Intelligence & Machine Learning
  - Cloud Computing & Automation
  - Cyber Security & Digital Forensics
  - E-Commerce Technology
  - Education Technology
  - Gaming Technology
  - Health Informatics


**Eligibility:** VITEEE Rank holders (Ranks ranging from 1 to 1,50,000)

### ARCHITECTURE PROGRAMME

**B.Arch** - 5 years (Approved by COA)
**Eligibility:** Students with valid score of NATA / JEE Paper2

### UG PROGRAMME - B.B.A.

Regular (3 Years); Honours (4 Years); Honours with Research (4 Years) as per NEP norms





### FUTURE READY 5-YEAR INTEGRATED M.TECH PROGRAMMES

**(Admission after 10+2 | No Entrance Exam)**

- M.Tech Artificial Intelligence
- M.Tech CSE (Computational & Data Science)
- M.Tech CSE (Cyber Security)
- M.Tech Artificial Intelligence & Bioinformatics

### FUTURE READY 2-YEAR PG PROGRAMMES

- M.Tech CSE (Cyber Security & Digital Forensics)
- M.Tech Artificial Intelligence & Data Science
- M.Tech VLSI Design
- M.B.A.
- M.C.A.

### RESEARCH PROGRAMME - Ph.D

- Engineering
- Sciences
- Business Studies
- Humanities

Explore more : www.vitbhopal.ac.in

### PLACEMENT STATISTICS*

Centralized Placement through VIT Vellore

**₹70 LPA**
Highest CTC
2026 Batch

**International**
Placements
4 years in a row

**Microsoft**
Placements
7 years in a row

* As on 31st Mar 2026

### GET THE VIT BHOPAL EDGE

- World-Class Faculty with Doctoral Expertise
- Collaborative & Active Learning (CALTech™) Pedagogy
- 300+ Acre lush Green Campus
- VIT Bhopal has exclusively signed 100+ MoUs with Global Universities
- Diverse Cultural Environment with students from 32 States / UTs

**VIT BHOPAL UNIVERSITY**
Bhopal-Indore Highway, Kothrikalan,
Sehore, Madhya Pradesh 466 114.

Admission Helpline:
**70241 81820**
**07560-350900 / 01 / 02**

To interact and know more type **'VIT'** and WhatsApp to **+91 70242 40878**

admissions@vitbhopal.ac.in

Scan to interact

## खबर संक्षेप

### चोरी करने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। घर से फोन चोरी करने के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान वंश निवासी आर्य नगर बल्लबगढ़ के रुप में हुई है।



पुलिस प्रवक्ता अनुसार सेक्टर 69 वासी एक व्यक्ति ने थाना सदर बल्लभगढ में दी अपनी शिकायत में बताया कि 15-16 मई की रात को उसके घर में तीन नामपता नामालुम व्यक्ति दिवार फांद कर अंदर घुस गए थे तथा घर में रखे फोन चोरी कर वहां से फरार हो गए। जिस संबंध में थाना सदर बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वंश नशा करने का आदी है। नशापूर्ति के लिए उसने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर 15-16 मई की रात को फोन चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी से चोरीशुदा फोन बरामद कर लिया गया है।

### लूट के मामले में एक आरोपी पकड़ाया

फरीदाबाद। चाय वाले को चाकू मारकर 500 रुपए व आधार कार्ड लूटने के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान पुनित निवासी उंचा गांव बल्लभगढ़ फरीदाबाद के रुप में हुई है।



पुलिस के अनुसार प्रमोद निवासी सेक्टर-62 ने थाना आदर्श नगर में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह साईं वाटिका अपार्टमेंट के सामने चाय की एक छोटी दुकान चलाता है। 6-05-2026 की सुबह 3 बजे तीन लड़के मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये और उसे चाकू मारकर उसकी जेब से 600 रुपये व आधार कार्ड लूटकर फरार हो गये। थाना आदर्श नगर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपी पुनित 6-05-2026 की रात को समय करीब 3 बजे अपने अन्य 2 साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर शिकायतकर्ता की दुकान पर आए थे उन्होंने शिकायतकर्ता को चाकू मारकर उससे 600 रुपये व आधार कार्ड लूटकर फरार हो गये।

### फोर्टिस गुरुग्राम ने महिला पुलिसकर्मियों के लिए चलाई विशेष स्वास्थ्य पहल

■ 100 से ज्यादा महिला पुलिस अधिकारियों ने लिया हिस्सा, सेहत, खुशहाली पर जोर दिया

# जागरूकता अभियानः वह हमारी रक्षा करती है, हम उसकी रक्षा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने गुरुग्राम पुलिस के सहयोग से महिला पुलिसकर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य और खुशहाली पहल 'शी प्रोटेक्ट्स अस, वी प्रोटेक्ट हर' का आयोजन किया। इसमें 100 से अधिक महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डीसीपी मानेसर प्रबीना पी मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में फोर्टिस गुरुग्राम के डॉ राहुल भार्गव, प्रधान निदेशक एवं प्रमुख रक्त रोग विभाग, डॉ रमा जोशी, अध्यक्ष-स्त्री कैंसर एवं रोबोटिक सर्जरी तथा डॉ वेदांत काबरा, प्रधान निदेशक-सर्जिकल कैंसर विभाग ने विशेष सत्र लिए। इनमें महिलाओं की सेहत, रोग रोकथाम देखभाल, कैंसर जागरूकता, जीवनशैली प्रबंधन और खुशहाली पर जोर दिया गया। सामने की पंक्ति के कर्मियों के लिए



मानसिक स्वास्थ्य पर भी सत्र हुआ। इसमें तनाव प्रबंधन और भावनात्मक खुशहाली पर चर्चा की गई। मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर में पैप स्मीयर, मैमोग्राफी, एसजीपीटी, एसजीओटी, सीबीसी, कोलेस्ट्रॉल और क्रिएटिनिन जांच जैसी जरूरी रोग रोकथाम जांच शामिल थीं। इसका उद्देश्य महिला कर्मियों को जल्द निदान और स्वास्थ्य रक्षा के लिए सक्रिय करना था। डीसीपी मानेसर प्रबीना पी ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी अक्सर दबाव वाली पेशेवर जिम्मेदारियों और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के बीच तालमेल बैठाती हैं। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच और मानसिक खुशहाली पर ध्यान देना जरूरी है। वहीं यश रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और एसबीयू प्रमुख, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने कहा कि महिला पुलिस अधिकारी समाज की सुरक्षा के लिए बिना थके अपना कर्तव्य निभाती हैं। इस पहल से हम उनके योगदान को स्वीकार करते हुए उन्हें सेहत और खुशहाली को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। रोग रोकथाम देखभाल और मानसिक खुशहाली उन लोगों के लिए बेहद जरूरी है जो सार्वजनिक सेवा में जीवन समर्पित करते हैं

### कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न विकास आधुनिक कार्यों की रखी नीव

# जनसुविधाओं का विस्तार, विकास को नई रफ्तार, सेक्टर 12 टाउन पार्क में बनेगा अत्याधुनिक जॉगिंग ट्रैक और ओपन एयर थिएटर

■ शहरवासियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी

■ सरकार का उद्देश्य नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने आज सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में विभिन्न जनहित एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े विकास कार्यों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्क में बाउंड्री वॉल, अत्याधुनिक सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक, सीमेंट कंक्रीट पाथ, ओपन एयर थिएटर, मुख्य प्रवेश द्वार के नवीनीकरण, आकर्षक आधुनिक फाउंटेन सहित अन्य जनसुविधाओं एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े विकास कार्यों की नींव रखी गई। इन विकास कार्यों से पार्क की सुंदरता, सुरक्षा एवं उपयोगिता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा शहरवासियों को आधुनिक और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल विकास कार्यों की शुरुआत भर नहीं है, बल्कि विकसित, आधुनिक, स्वच्छ एवं व्यवस्थित फरीदाबाद के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहर को आधुनिक स्वरूप देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर की पहचान केवल बड़ी इमारतों और



चौड़ी सड़कों से नहीं होती, बल्कि वहां रहने वाले नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं, स्वच्छ वातावरण और सार्वजनिक स्थलों की गुणवत्ता से होती है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य करवाना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन को अधिक सुविधाजनकए सुरक्षित स्वस्थ और बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि सेक्टर 12 का यह टाउन पार्क आने वाले समय में स्वास्थ्य, मनोरंजन, सामाजिक गतिविधियों और सांस्कृतिक आयोजनों का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां सुबह की सैर करने वाले नागरिकों, व्यायाम करने वाले युवाओं, बच्चों के साथ समय बिताने वाले परिवारों, महिलाओं तथा वरिष्ठजनों सभी को एक बेहतर और सकारात्मक वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद केवल एक शहर नहीं, बल्कि हम सभी का परिवार है और इसकी स्वच्छताए सुंदरता तथा सार्वजनिक संपत्तियों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि जिस प्रकार सरकार शहर को बेहतर सुविधाएं देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, उसी प्रकार आमजन भी पार्कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### मंत्री गोयल ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया

*कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि विकास अब केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि धरातल पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। एक विकास कार्य पूरा होते ही दूसरा कार्य तेज गति से शुरू हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सभी उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी फरीदाबाद में इसी प्रकार विकास कार्यों की गति निरंतर जारी रहेगी और शहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। इस दौरान पार्षद सचिन शर्मा, कुलदीप साहनी, करण सिंगला, अजीत नंबरदार, प्रियंका बिष्ट बुधानी, वजीर सिंह डागर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।*

### मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया

# श्री हनुमान मंदिर का 49 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल द्वारा संचालित तीन नम्बर डी ब्लॉक स्थित श्री हनुमान मंदिर का 49वां वार्षिकोत्सव एवं मंदिर प्रांगण में खाटू श्याम बाबा मूर्ति चौथा स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया।

इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और इस भक्तिमय कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मंदिर के प्रधान डा. राजेश भाटिया ने बताया कि यह स्थान 3 नं निवासी श्री मिलाप चंद ने सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल, मार्किट नं 1 को भेंट स्वरूप दिया था और आज कार्यक्रम में सुबह आठ बजे मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, उसके उपरांत हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। तत्पश्चात नारायणी महिला मंडल एनआईटी द्वारा कीर्तन किया गया। इसके बाद आरती और विशाल भंडारा किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान डॉ. राजेश भाटिया ने बताया कि इस आयोजन को लेकर मंदिर कमेटी के सदस्यों ने पूरा सहयोग किया और इसे सफल भी बनाया। उन्होंने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर प्रांगण में आगमन शुरु हो गया था और जैसे-जैसे दिन चढता गया, श्रद्धालु भी बढ़ते गए। इस धार्मिक आयोजन में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस भक्तिमय कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया। उन्होंने



बताया कि हर वर्ष मंदिर का वार्षिकोत्सव विशेष रुप से मनाया जाता है और शहर भर से भारी संख्या में श्रद्धालु इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेते है। इस अवसर पर आनंद कांत भाटिया, अधिवक्ता सुरेंद्र गेरा, मोहन लाल अरोड़ा, परसोत लाल माटा, कालू बांगा, गुलशन बग्गा, अधिवक्ता तरुण भाटिया, सुशील भाटिया, हरीश भाटिया, वेद प्रकाश भाटिया, विशम्भर भाटिया, पवन माटोलिया एवं परिवार, अंजलि माटोलिया, मेघा माटोलिया, अर्जुन, प्रीति, शुभम, राज कुमार, मधु सूदन, कमल, पीयूष, पुष्पा, कविता, मोहित, अंजली, संगीता माटोलिया, सोनू पंडित, राकेश चुघ, मनीष, मनीष भाटिया, मनोज अग्रवाल, राजीव चावला, अनुज बाधवा, सुनील बाधवा, मीनू चावला, सोनिका, सपना नोमी, ललित शर्मा, प्रभा, राधिका, चंदर, शालू भीमराजका, हरीश, नितिन, राकेश, लाला पंडित, प्रदीप भाटिया, रागिनी जी, डीपी सिंह, वैभव अरोड़ा, रजनीश, नवीन अरोड़ा, मोहित खत्री, राजन उप्पल, मदन, सोनी तिवारी, शिवांशी, हरिंदर भाटिया, प्रेम बब्बर, रिंकल भाटिया, रविंदर गुलाटी, अमित नरूला, अमित, मुकुल कपूर, मोक्ष, कुनाल, पंकज अरोड़ा, आशीष अरोड़ा, सौरभ रतड़ा, 3ई ब्लॉक निवासी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मेलोडी का प्यार पेट्रोल 100 पार

# आप प्रवक्ता नरेश ने बीके चौक पर पेट्रोलियम पदार्थों के रेट बढ़ाने के विरोध में मेलोडी बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के प्रमुख बादशाह खान चौक पर रविवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा का अनोखा और आकर्षक प्रदर्शन लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। मेलोडी का प्यार, पेट्रोल 100 पार, मेलोडी खाओ, अच्छे दिन भूल जाओ जैसे व्यंग्यात्मक नारों के साथ किए गए। इस प्रदर्शन ने राहगीरों और आम जनता का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। प्रदर्शन के दौरान नरेश शर्मा ने राहगीरों को मेलोडी टॉफियां बांटी और केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई और



पेट्रोल-डीजल के दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से मध्यम वर्ग और गरीब परिवार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगातार इजाफा होने से केवल वाहन चलाना ही महंगा नहीं हुआ, बल्कि इसका असर हर वस्तु पर पड़ रहा है। ट्रांसपोर्ट महंगा होने से सब्जियों, राशन, दूध और अन्य जरूरी सामानों के दाम भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता भारी आर्थिक बोझ झेल रही है। नरेश शर्मा ने केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक ओर देश की जनता महंगाई से त्रस्त है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री विदेश दौरों में मेलोडी टॉफियां बांटने में व्यस्त दिखाई देते हैं। लोग रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी लगातार जनता की आवाज उठाती रहेगी और महंगाई, बेरोजगारी तथा पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई और कई लोगों ने बढ़ती महंगाई को लेकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की और आम जनता से सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील की।

### कनावनी मदरसे से निकले मास के अवशेष, बच्चों के हाथ कट्टे में भरकर हिण्डन नदी में डालने के लिए भेजा, महापौर ने पकड़ा

# भारत सरकार नदियों की सफाई पर कर रही है कार्य और ये लोग कर रहे अशुद्धः महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने मदरसे के दो बच्चों को कथित रूप से गोमांस के साथ पकड़ा है। महापौर का कहना है कि इस मास को दोनों बच्चे हिंडन नदी में फेंकने आये थे। इस सम्बंध में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बच्चों से बरामद मांस को परीक्षण के लिए भेज दिया है।

महापौर सुनीता दयालन ने बताया कि वसुंधरा जाते वक्त हिण्डन बैराज पर कूड़ा देख कर रुकी। वहाँ दो बच्चे साइकिल व एक कट्टे के साथ खड़े थे। जिनको देख उनसे पूछा यहाँ क्या कर रहे हो तो उन्होंने बताया कि नदी में समान डालने आये है, महापौर ने उनको धमकाया की नदी में कूड़ा नही डालते, कोनसा कूड़ा है तो पहले चुप रहे थोड़ा दबाव डाला तो बताया कि कथित गाय का मास है। तब महापौर आश्चर्यचकित रह



गयी और गाड़ी से उतार कर उनके नाम पूछे, कहा से लाए और किसने भेजा है। तो बच्चों ने बताया कि कनावनी के मदरसे से मौलाना ने भेजा है। महापौर ने बच्चों को समझाया और फिर महापौर ने डी सी पी ट्रांस हिण्डन व थाने को वार्ता कर सूचना दी जिसमे पुलिस मौके पर पहुँची और बच्चों, अवशेषों व बाद में आये मौलाना व उनके साथियों को पकड़ लिया और थाने ले गयी।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि सनातन धर्म मे गाय को माता कहा गया है और हम गाय की पूजा भी करते हैं लेकिन एक समुदाय विशेष के लोग पूजनीय गाय को चोरी से हत्या कर खाने का कार्य कर रहे हैं जिसको बर्दाश्त नही किया जाएगा, वही इस समाज के लोगो के लिए मदरसे बनाये जाते हैं जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके लेकिन मदरसों के मौलाना बच्चों को भटकाने का कार्य कर रहे हैं। बच्चों को ज्ञान के मंदिर में गाय काटने व अवशेषों को नदी में डलवाने का कार्य कर रहे हैं जिससे किसी को शक भी न हो पाए। कुछ मौलानाओं द्वारा मुस्लिम समाज के साथ धोखा किया जा रहा है मदरसा ज्ञान का मंदिर होता है लेकिन वहाँ जिहाद सिखाया जा रहा है हमारी सरकार नदियों की सफाई पर कार्य कर रही है और इस प्रकार की सोच के लोग नदियों में गंदगी डाल रहे है इस प्रकार देश का भविष्य क्या होगा।

### राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के 301वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

### जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श आज भी समाज को देते हैं नई दिशाः सतीश फागना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नव युवा बघेल संगठन फरीदाबाद द्वारा जवाहर कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर वाली गली में बघेल चौपाल पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के 301वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह विशाल शोभायात्रा नव युवक बघेल संगठन के अध्यक्ष विक्रम बघेल और उनकी टीम के नेतृत्व में निकाली गई, इस अवसर पर युवा टीम के सोहनलाल बघेल, दीपक बघेल, अशोक बघेल, उमेश बघेल, राजेश बघेल, ललित बघेल, सतीश बघेल, तीरथ हिन्दू, राकेश बघेल, राजवीर बघेल, कृष्ण बघेल, रवि बघेल, हरीश बघेल, संदीप बघेल, गुलशन बघेल, दिनेश बघेल, अनिल बघेल, विशाल बघेल मौजूद रहे। जिसमें समाज के युवाओं, बुजुर्गों, मातृशक्ति एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनआईटी क्षेत्र के विधायक सतीश फागना शामिल हुए। वहीं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला सचिव सुनीता भाटिया, पार्षद नम्बर-9 नीरज भाटिया, अमरपुर की सरपंच श्रीमती सुशीला पाली, उद्योगपति पूरन सिंह बघेल, मटरू लाल बघेल एवं मुरारी लाल बघेल मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का नव युवक बघेल संगठन के पदाधिकारियों द्वारा बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना ने अपने संबोधन में कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति, धर्म और जनसेवा की अद्भुत प्रतीक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया तथा देशभर में मंदिरों, घाटों एवं धर्मस्थलों का निर्माण करवाकर भारतीय संस्कृति को नई पहचान



दिलाई। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में आगे आना चाहिए। उनका जीवन त्याग, सेवा और संस्कारों की मिसाल है जिनके विचार सदैव समाज को नई दिशा देते रहेंगे। नव युवा बघेल संगठन के अध्यक्ष विक्रम बघेल ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, समाजबंधुओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकता और सहयोग से ही ऐसे भव्य आयोजनों को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में मोहल्ले की छोटी बेटियों से लेकर बुजुर्ग माताओं तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसने समाज में नारी शक्ति, संस्कार और एकता की सुंदर मिसाल प्रस्तुत की। महिलाओं और युवाओं की शानदार भागीदारी ने पूरे कार्यक्रम को और भी भव्य एवं प्रेरणादायक बना दिया। इसके बाद विधायक सतीश फागना ने हरी झंडी दिखाकर विशाल शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर, भारत माता, धरती माता तथा भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। यात्रा दुर्गा मंदिर, डबुआ चौक, प्याली चौक, सारन चौक, जवाहर कॉलोनी 45 फुट रोड, नेन चौक और एयरफोर्स चौक होते हुए पुनः बघेल चौपाल पहुंची, जहां सभी लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जसवंत सिंह बघेल, सांवलिया बघेल, डालचंद बघेल, किशन सिंह बघेल, तोताराम बघेल, हरिमोहन बघेल, कमल बघेल, श्याम भजन, गिर्राज बघेल, महेन्द्र, प्रेम चंद बघेल, प्रवेश पाल, प्रदीप पाल बघेल सहित समाज के युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू

# गाड़ी हटाने के विवाद में कारोबारी की सुआ घोंपकर हत्या, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

खांडसा अनाज मंडी में रविवार सुबह गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में आढ़ती ने फ्रूट कारोबारी की सुआ घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी ने ताबड़तोड़ कई वार किए और वारदात के बाद फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। जानकारी अनुसार, शिवाजी नगर थाना एरिया की खांडसा मंडी में फल कारोबारी भारत भूषण (55) रविवार सुबह फलों से लदा ट्रक पार्क करा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी दुकान के अनार आढ़ती जय भगवान ने ट्रक को साइड में लगाने को कहा। इसी बात पर दोनों में बहस शुरू हो गई। हंगामा बढ़ने पर आसपास के आढ़ती भी जमा हो गए। बहस के बीच जय भगवान अचानक दुकान के अंदर गया और सुआ निकाल लाया। बाहर आते ही उसने भारत भूषण के पेट और छाती पर एक के बाद एक कई वार कर दिए। लोगों ने मुश्किल से जय भगवान को हटाया। भारत भूषण को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। वहीं वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और एफएसएल टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## नजफगढ़ क्षेत्र में अमृत योजना के तहत 860 करोड़ रुपये से लगेंगे 12 नए सीवेज प्लांट

# दिल्ली सरकार ने यमुना पुनर्जीवन के लिए एक हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को दी मंजूरी : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- 122 करोड़ रुपये की लागत से बढ़ेगी केशोपुर एसटीपी की क्षमता, 7 लाख लोगों को मिलेगा फायदा
- भूजल स्तर सुधारने को दिल्ली सरकार गंभीर, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए नियुक्त होंगे एक्सपर्ट्स



दिल्ली सरकार यमुना नदी के पुनर्जीवन और नजफगढ़ ड्रेन की सफाई के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। इसी क्रम में सरकार ने दिल्ली जल प्रबंधन, सीवेज ट्रीटमेंट और जलापूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस की बात की जानकारी रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता राजधानी के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं देना और दिल्ली को एक स्वच्छ, हरित और जल-सुरक्षित राजधानी बनाना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नजफगढ़ क्षेत्र में 12 नए डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपी) लगाने की मंजूरी दी गई है। करीब 860 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इन प्लांटों की कुल क्षमता 46.5 एमजीडी होगी और इन्हें केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत विकसित किया जाएगा। इनमें मित्राऊं में 17 एमजीडी क्षमता का डीएसटीपी बनाया जाएगा। इसके अलावा कैर, कांगनहेड़ी, ककरोला और दिचाऊं कलां में 4, गालिबपुर, सारंगपुर और शिकारपुर में 3 और हसनपुर, जाफरपुर, काजीपुर और खेड़ा डाबर में 4 डीएसटीपी स्थापित किए जाएंगे। इन परियोजनाओं से 121 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियों, 35 गांवों और लगभग सात लाख लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही, अनुपचारित सीवेज को नजफगढ़ ड्रेन में जाने से रोका जा सकेगा, जिससे यमुना की सफाई और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि केशोपुर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के पहले चरण का अपग्रेडेशन और क्षमता विस्तार किया जाएगा। इसके तहत प्लांट की क्षमता 12 एमजीडी से बढ़ाकर 18 एमजीडी की जाएगी। करीब 122 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के जरिए उपचारित जल की गुणवत्ता को नवीनतम मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना में 11 वर्षों तक संचालन और रखरखाव (ओएंडएम) की व्यवस्था भी शामिल होगी। इससे रिसाइकल्ड पानी के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और जल संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूजल स्तर में सुधार और जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। अब दिल्ली जल बोर्ड विभिन्न विभागों की ओर से नए वर्षा जल संचयन ढांचों का निर्माण और पुराने ढांचों के पुनर्स्थापन का कार्य करेगा। इस पहल को प्रभावी बनाने के लिए चार ग्राउंड वॉटर एक्सपर्ट्स और दस रेन वाटर हार्वेस्टिंग सोशल मोबिलाइजर्स की नियुक्ति भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि त्रिलोकपुरी विधानसभा क्षेत्र में अमीचंद चौक से पुराना कल्याणपुरी सीवेज पंपिंग स्टेशन तक लगभग 57 करोड़ रुपये की लागत से प्रमुख ट्रंक सीवर लाइन का पुनर्वास किया जाएगा। यह लाइन 40 वर्ष से अधिक पुरानी हो चुकी है और पिछले कुछ वर्षों में इसमें कई बार धंसाव और तकनीकी समस्याएं सामने आई थीं। नई परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और प्रभावी बनेगी। इसका अलावा, शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के रोहतास नगर में 0.72 एमजीडी क्षमता वाला नया अंडरग्राउंड रिजर्वायर (यूजीआर) और बूस्टर पंपिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा। लगभग 27 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना से स्थानीय जलापूर्ति प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा।

### यमुना पुनर्जीवन के क्षेत्र में देश के लिए उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगी सरकार

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है कि राजधानी में उपलब्ध प्रत्येक संसाधन का उपयोग जनता की सुविधाओं और विकास के लिए किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली जल प्रबंधन, सीवेज ट्रीटमेंट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और यमुना पुनर्जीवन के क्षेत्र में देश के लिए उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगी। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों, अभियंताओं, फील्ड स्टाफ और सभी जनप्रतिनिधियों को इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं और निर्णयों के लिए बधाई देते हुए कहा कि इन पहलों से लाखों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और दिल्ली को साफ, हरा और जल-सुरक्षित राजधानी बनाने के संकल्प को नई शक्ति प्राप्त होगी।

## बिधूड़ी ने तिगड़ी में पार्कों और सड़कों के विकास कार्य का किया शुभारंभ



- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विकास निधि से उपलब्ध कराए हैं 1.62 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार राजधानी में विकास के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं को भी तेजी से लागू कर रही है। दिल्ली को वर्ल्ड क्लास राजधानी बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना शीघ्र ही पूरा होगा। यह बात रविवार को दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पुनर्वास कॉलोनी तिगड़ी में पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा सड़कों के विकास के कार्य का शुभारंभ करते हुए कही। बिधूड़ी ने बताया कि इस कार्य के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सीएम विकास निधि से 1 करोड़ 62 लाख रुपए उपलब्ध कराए हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष माया बिष्ट, निगम पार्षद अनिता सिंघल और निगम पार्षद मीरा पहाड़िया भी उपस्थित थीं। बिधूड़ी ने बताया कि देवली विधानसभा में अलग-अलग विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 150 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रेखा गुप्ता के नेतृत्व में ये कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है और ओल्ड एज पेंशन फिर से शुरू कर दी गई है। आयुष्मान योजना से गरीबों के इलाज के साथ-साथ बड़ी संख्या में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी खोले जा रहे हैं। अटल कैंटीन के साथ-साथ आठ लाख लोगों के राशन कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं और जन कल्याणकारी योजनाओं से दिल्ली शीघ्र ही वर्ल्ड क्लास राजधानी के रूप में सामने आएगी।

# शिव विहार कॉलोनी और पूंठकलां ग्राम सभा में गलियों-नालियों का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- प्राथमिकता के आधार पर हो रहा दिल्ली देहात का विकास : इंद्राज

बवाना विधानसभा क्षेत्र के शिव विहार कॉलोनी और पूंठकलां ग्राम सभा में गलियों व नालियों का निर्माण कार्य रविवार से शुरू हो गया है। यहां स्थानीय विधायक और मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रविवार को इन विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री इंद्राज ने कहा कि यह विकास कार्य मुख्यमंत्री विकास निधि के अंतर्गत कराए जा रहे हैं। यह कार्य दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के सहयोग से क्रियान्वित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री इंद्राज ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के लोग इन विकास कार्यों की मांग कर रहे थे, लेकिन पिछली सरकार केवल आश्वासन देने तक सीमित रही। अब दिल्ली सरकार द्वारा इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विकास निधि के माध्यम से दिल्ली देहात के व्यापक विकास का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से लंबित आधारभूत सुविधाओं को तेजी से पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बवाना क्षेत्र वर्षों तक विकास से अछूता रहा, लेकिन अब इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। अब यहां नई सड़कों का निर्माण, सीवर लाइन, जल पाइपलाइन तथा नालियों के निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि बवाना क्षेत्र के पूंठकलां ग्राम सभा में नालियों, गलियों तथा 10 फुटी गलियों में सीवर लाइन डालने का काम ऐसा किया जाएगा कि 15 से 20 साल तक जल निकासी एवं अन्य समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं होते, बल्कि उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्य कर उन्हें जनता को समर्पित कर देगी, लेकिन जनता को भी इन कार्यों का संरक्षक बनकर जिम्मेदारी निभानी होगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्र लंबे समय तक सुंदर, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बने रहें। उन्होंने कहा कि बवाना क्षेत्र के विकास में कोई भी स्थान पीछे नहीं रहेगा। आने वाले समय में शेष गलियों और सड़कों के जीर्णोद्धार का कार्य भी इसी गति से आगे बढ़ाया जाएगा। कई स्थानों के लेआउट तैयार किए जा चुके हैं तथा प्रत्येक क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रेखा गुप्ता सरकार पेट्रोल डीजल वाहनों की लेने जा रही सेवा : संजीव झा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी पेट्रोल-डीजल वाहनों की सर्विस लेने के लिए जारी कर रहा है टेंडर

बुराड़ी से आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने अगले छह महीने तक पेट्रोल और डीजल के वाहन नहीं खरीदने के रेखा गुप्ता सरकार के फैसले पर कहा कि पीएम की अपील को दरकिनार कर रेखा गुप्ता सरकार पेट्रोल- डीजल वाहनों की सेवा लेने जा रही है। झा ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री कह रही हैं कि अगले छह महीने तक सरकार पेट्रोल-डीजल के वाहन नहीं खरीदेगी और दूसरी तरफ पीडब्ल्यूडी विभाग पेट्रोल-डीजल वाहनों की सेवा लेने के लिए टेंडर जारी कर रहा है। संजीव झा ने एक्स पर कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कह रही हैं कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर अगले 6 महीने तक दिल्ली सरकार कोई पेट्रोल-डीजल वाहन नहीं खरीदेगी। लेकिन दूसरी तरफ पीडब्ल्यूडी विभाग अपने एक्जीक्यूटिव इंजीनियर्स (जेसीडी- 2) के साइट इंस्पेक्शन के लिए पेट्रोल-डीजल से चलने वाली गाड़ियों की सेवा लेने के लिए टेंडर जारी कर रहा है। झा ने कहा कि यानि जनता के सामने ग्रीन पॉलिटिक्स एक दिखावा है और अंदरखाने पुराने पेट्रोल-डीजल मॉडल पर निर्भरता है। अगर सरकार सच में प्रदूषण और पर्यावरण को लेकर गंभीर है, तो पहले अपने विभागों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अनिवार्य क्यों नहीं करती।

## डीडीए फिर लाया क्विज टाइम , दीजिए चुनिंदा ग्रीन ट्रांसफॉर्मेशन स्थलों की जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) एक बार फिर लोगों के लिए एक ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी क्विज टाइम लेकर आया है। इसमें शामिल होकर आप अपना ज्ञान वर्धन कर सकते हैं। यह एक ज्ञान मीटर की तरह है जिससे आपका सामान्य ज्ञान बढ़ेगा और राजधानी दिल्ली के बारे में भरपूर जानकारी से रूबरू होगें। जानकारी अनुसार डीडीए ने अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर अस्तिता पार्क को लेकर एक क्विज़ टाइम शुरू किया है। जिसमें दिल्ली से जुड़े कई सवाल पूछे जाते है। जैसे लिखा है कि दिल्ली के ग्रीन ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में अपनी जानकारी टेस्ट करें और अपना जवाब नीचे कमेंट्स में दें। जैसे की क्या आप जानते हैं कि अस्तिता इकोलॉजी के साथ-साथ क्या ठीक करना चाहता है। अस्तिता में विज़िटर्स इनमें से किन एक्टिविटीज का मज़ा ले सकते हैं। जिसमें पूछा जा रहा है कि आप बता सकते है कि अस्तिता में कैसे कैसे वीजिटर आते है। एक पोस्ट में डीडीए ने एक बड़े ब्रिज की फोटो डालकर पूछा है कि बताओ अस्तिता के उपर से गुजरने वाला यह पुल कौन सा है। इसी प्रकार डीडीए ने अस्तिता से जुड़ी कई रोचक तस्वीरें पोस्ट करते हुए सवाल पूछे है। डीडीए ने पोस्ट में ही सवाल के नीचे चार ऑप्शन दिए है आपको उनमें से किसी एक सही ऑप्शन चुनते हुए उसको अपने जवाब के रूप में लिखना है। बता दें कि डीडीए समय समय पर लोगों के लिए ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम लाता रहता है।, यह भी उसी का हिस्सा है।

## पिछले 11 साल में काम न होने की कीमत चुका रहे हैं दिल्ली वाले : प्रवेश

- जल मंत्री ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जल संकट पर दिए गए ट्वीट पर दिया करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के ट्वीट पर जवाब देते हुए कहा कि अगर 11 साल में पानी, सीवर और जल भंडारण पर काम हुआ होता तो आज यह हालात नहीं होते। गौरतलब है कि केजरीवाल ने रविवार को सोशल मीडिया मंच पर दक्षिणीपुरी में जल संकट पर एक खबर पोस्ट कर लिखा कि किसने सोचा था कि एक दिन देश की राजधानी का ये हाल होगा। इस ट्वीट पर दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने लिखा कि जिस दिल्ली पर 11 साल राज किया, आज उसी दिल्ली की बदहाली पर पोस्ट करके हैरानी जताई जा रही है। सच ये है कि 11 साल में पानी, सीवर और जल भंडारण पर काम हुआ ही नहीं, जितना प्रचार किया गया। झूठे मॉडल और विज्ञापनों की राजनीति ने दिल्ली को इस हालत में पहुंचा दिया, जिसकी कीमत आज आम लोग चुका रहे हैं। अब दर्द दिख रहा है, लेकिन दिल्ली वाले पूछ रहे हैं जब पूरा सिस्टम आपके हाथ में था, तब ज़मीन पर बदलाव क्यों नहीं दिखा।


# वर्षों इंतजार के बाद हर्ष विहार के 36 परिवारों को मिला बिजली कनेक्शन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- जन सुनवाई में उठाई गई समस्या का हुआ समाधान, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर मिशन मोड में स्थापित किया गया ट्रांसफॉर्मर

हर्ष विहार (गोकुलपुरी) के ए-3 क्षेत्र के 36 परिवारों को वर्षों के इंतजार के बाद रविवार को बिजली कनेक्शन मिल गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खुद जन सेवा सदन में 36 परिवारों से मुलाकात की और उन्हें बिजली कनेक्शन सौंपे। इस अवसर पर परिवारों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित उनकी समस्या का समाधान होने से उनके जीवन में एक नई उम्मीद और सुविधा का संचार हुआ है। इस अवसर पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने परिवारों से संवाद करते हुए कहा कि हर्ष विहार ए-3 क्षेत्र के इन परिवारों ने बिजली कनेक्शन के लिए वर्षों तक प्रतीक्षा की है और आज उनके चेहरों पर दिखाई दे रही संतुष्टि इस बात का प्रमाण है कि संवेदनशील प्रशासन और समयबद्ध कार्रवाई लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। दिल्ली सरकार नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और प्रत्येक नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जन सुनवाई के दौरान क्षेत्रवासियों ने उन्हें अवगत कराया था कि वर्ष 2018 से क्षेत्र के अनेक परिवार नियमित बिजली कनेक्शन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए और मामले के शीघ्र समाधान के लिए सभी संबंधित एजेंसियों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। गौरतलब है कि हर्ष विहार के ए-3 क्षेत्र में वर्ष 2018 में लगभग 50 से 60 मकान बन चुके हैं और अनेक परिवार वहां निवास कर रहे हैं। लेकिन कॉलोनी विकसित होने के बावजूद बिजली व्यवस्था के लिए आवश्यक इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन (ईएसएस) के लिए भूमि उपलब्ध न होने के कारण क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पाई थी। इस वजह से अधिकांश परिवारों को बिना बिजली कनेक्शन के रहना पड़ रहा था, जबकि कुछ लोग अस्थायी और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं पर निर्भर थे। मुख्यमंत्री के सीधे हस्तक्षेप के बाद संबंधित पक्षों के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित किया गया और ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई गई। इसके बाद बिजली वितरण कंपनी द्वारा मिशन मोड में कार्य करते हुए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया गया और पूरे क्षेत्र में आवश्यक विद्युत नेटवर्क का विस्तार किया गया। वर्तमान में क्षेत्र का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही, पात्र आवेदकों के लिए बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया तेजी से जारी है।





# दिवाली से एक हफ्ते पहले आ सकती है रामायणम

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' के मेकर्स ने एक मास्टरस्ट्रोक चला है। खबर है कि यह फिल्म अब दिवाली से एक हफ्ते पहले रिलीज हो सकती है। 30 अक्टूबर के आसपास यह सिनेमाघरों में आ सकती है। इसका कारण भी सामने आया है। वहीं, 450 करोड़ की ओटीटी डील भी चर्चा में है। नमित मल्होत्रा की 4,000 हजार करोड़ी 'रामायणम' जहां एक तरफ अपनी मोटी ओटीटी डील के कारण सुर्खियों में है, वहीं, दूसरी ओर अब इसे दिवाली से पहले रिलीज किए जाने की खबरें आ रही हैं। 'रामायणमः पार्ट 1' दिवाली के मौके पर 6 नवंबर को रिलीज होनी थी, पर अब कहा जा रहा है कि मेकर्स इसे एक हफ्ते पहले रिलीज करने के बारे में सोच रहे हैं।

लाइफ Style

# रंजना

## कान के अनुभव को बताया गर्व का पल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वागले की दुनिया फेम दिग्गज अभिनेता अंजन श्रीवास्तव की बेटी और थिएटर कलाकार रंजना अंजन इन दिनों अपनी पहली फिल्म चांद तारा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल में लॉन्च हुआ।

फिल्म में रंजना, 17वीं सदी की मशहूर सिंगर और नृत्य कलाकार तारामती का किरदार निभा रही हैं। रंजना ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, 'तारामती एक ऐतिहासिक किरदार हैं। वह कुतुब शाही दौर की 17वीं सदी की मशहूर सिंगर और नृत्य कलाकार थीं। जो अब्दुल्ला कुतुब शाह के दरबार से जुड़ी थीं। उनके बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। इसलिए उनके स्वभाव, सोच और पर्सनालिटी को समझने के लिए मुझे काफी हद तक अपने डायरेक्टर की दृष्टि और उनकी समझ पर भरोसा करना पड़ा।' जो चीज मुझे उनसे सबसे ज्यादा जोड़ती है, वो उनकी इमोशंस हैं। समय चाहे कोई भी हो, इंसान के इमोशंस नहीं बदलते। वर्षों तक मंच पर काम करते हुए जो अनुभव और सीख मिली, वही मुझे यहां तक लेकर आई। कान जैसे बड़े मंच पर अपनी पहली फिल्म का ट्रेलर लॉन्च होते देखना मेरे लिए बहुत इमोशनल और गर्व का पल था। एक पल के लिए लगा कि वर्षों की मेहनत का फल मिला है। लेकिन, दिल में आज भी यही लगता है कि यह मंजिल नहीं, बल्कि एक नई और खूबसूरत शुरुआत है।' रंजना ने अपने पिता अंजन श्रीवास्तव से मिली सीख के बारे में भी बात की।



हॉलीवुड मसाला



# फाइनल चैप्टर की ओर एमिली

**दिल्ली।** 'एमिली इन पेरिस' ने अपने छठे और फाइनल सीजन की घोषणा कर दी है। एक पोस्ट के साथ मेकर्स ने तय किया कि आने वाला सीजन शो का आखिरी और फाइनल सीजन होगा। 21 मई को फाइनल सीजन की शूटिंग शुरू हुई और निर्माताओं ने ग्रीस से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए इसका एलान किया। ऑनलाइन वायरल हो रही तस्वीरों में कई कलाकार खूबसूरत सेट पर पहुंचते नजर आए, जहां उन्होंने इस रोमांटिक कॉमेडी सीरीज के आखिरी चैप्टर की शूटिंग शुरू की।



# सिंगर दुआ ने दिग्गज टेक कंपनी पर ठोंका मुकदमा

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर दुआ लिपा ने इलेक्ट्रॉनिक्स की एक दिग्गज कंपनी पर केस ठोंका है। मामला सिंगर की एक तस्वीर के बिना अनुमति इस्तेमाल से जुड़ा है। दुआ लीपा ने कंपनी के खिलाफ लीगल एक्शन लेते हुए हर्जाने में करोड़ों रुपये मांगे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'सिंगर दुआ लीपा ने टेक कंपनी सैमसंग पर 15 मिलियन डॉलर (करीब 125 करोड़ रुपए) का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कंपनी ने बिना उनकी अनुमति के टीवी की पैकेजिंग पर उनकी तस्वीर का इस्तेमाल किया'। शिकायत के अनुसार, दुआ लीपा ने दावा किया कि 2024 में ऑस्टिन सिटी लिमिट्स म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान ली गई उनकी एक बैकस्टेज तस्वीर का इस्तेमाल, 2025 से शुरू होने वाले सैमसंग टेलीविजन के कई मॉडलों की पैकेजिंग पर किया गया।



# एलियन थ्रिलर समुक में आएंगे नजर...


**नई दिल्ली।** भूत बंगला की कामयाबी के बाद अब अक्षय कुमार एक और थ्रिलर फिल्म के साथ बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने की तैयारी में हैं। खिलाड़ी कुमार की नई फिल्म आ रही है जो एलियन एक्शन थ्रिलर समुक है। अक्षय कुमार की आगामी फिल्म समुक भारत की पहली बड़े स्तर की एलियन थ्रिलर बताई जा रही है। फिल्म का निर्देशन सनक, इनसाइड एज और ग्लोरी जैसे प्रोजेक्ट्स बना चुके कनिष्क वर्मा करने वाले हैं, जबकि फिल्म का निर्माण विपुल अमृतलाल शाह कर रहे हैं। अक्षय कुमार ने समुक का हिस्सा बनने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, "हां मैंने यह फिल्म साइन की है। समुक की कहानी और विषय मुझे बेहद दिलचस्प लगे। एलियन थ्रिलर मेरे लिए और हमारी फिल्मों के लिए बिल्कुल नया जॉनर है। मैं इसे लेकर काफी उत्साहित हूं।



# डेविड लेंगे संन्यास करण हुए भावुक...

**नई दिल्ली।** डेविड धवन ने 6 साल बाद फिल्मों में बतौर निर्देशक वापसी की, लेकिन अब वह संन्यास लेने का मन बना चुके हैं और अपनी आखिरी फिल्म के बाद रिटायरमेंट की अनाउंस करने की योजना बना रहे हैं। इस बात का खुलासा करण जौहर ने किया है। करण ने बताया है कि डेविड ने उन्हें बताया है कि वह जल्द ही संन्यास लेने वाले हैं। करण, डेविड के रिटायरमेंट की बात पता चलने पर भावुक हो गए। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कहा, 'कल जब मैं डेविड जी के सेलिब्रेशन में गया और उन्होंने मुझे बताया कि यह उनकी आखिरी फिल्म आने वाली है। तो मेरे दिल में एक मिली-जुली सी भावना उमड़ पड़ी। सोचिए, यह एक ऐसे फिल्ममेकर हैं जो फिल्मों की एक पूरी की पूरी नई शैली बनाने के लिए जिम्मेदार हैं।

टीवी मसाला




# पहले ही टास्क में मजबूत खिलाड़ी का एविक्शन पक्का!

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की शुरुआत हो गई है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में खतरनाक खेल में एक कंटेस्टेंट की बली चढ़ने वाली है। रोहित शेट्टी होस्टेड खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में इस बार पुराने खिलाड़ी भी खतरों से खेलने लौटे हैं। शो में खतरनाक गेम शुरू हो गया है और पहले टास्क में दो खिलाड़ी सेफ हो गए हैं, जबकि दो को फियर फंदा में डाला गया है। इसका मतलब है कि फियर फंदा में पहुंचने वाले दो कंटेस्टेंट्स में से कोई एक अब घर वापसी करने जा रहा है। शो से जुड़े बड़े अपडेट्स आए हैं, जो आपकी दिलतस्पी को और भी बढ़ा देगा। खतरों के खिलाड़ी 15 से जुड़े अपडेट्स देने वाले एक इंस्टाग्राम पेज ने बताया है कि शो का पहला टास्क कंप्लीट हो गया है। केप टाउन में हुए इस खतरनाक गेम में दो खिलाड़ियों ने बाजी मार ली और वह हैं बिग बॉस सीजन 19 के विनर गौरव खन्ना और फर्स्ट रनर-अप फरहाना भट्ट है। जी हां, खबरों की मानें तो दोनों खिलाड़ी पहले टास्क में सेफ हो चुके हैं। बाकी दो कंटेस्टेंट्स पर एलिमिनेशन की तलवार लटक रही है। पहले टास्क में सही परफॉर्मेंस न करने के बाद उन्हें फियर फंदा मिला है। यह कंटेस्टेंट्स हैं ओरी और ऋत्विक धनजानी हैं। कहा जा रहा है कि दोनों फियर फंदा में हैं। दोनों में से कोई भी फियर फंदा टास्क हारा तो वह एलिमिनेट हो जाएगा। इस सीजन में नए खिलाड़ियों के साथ पुराने कंटेस्टेंट्स को भी लिया गया है। शो में रुबीना दिलैक, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, रित्विक धनजानी, हर्ष गुजराल, ओरी, जैस्मिन भसीन, शगुन शर्मा, अविनाश मिश्रा, रुहानिका धवन, अविका गौर, विशाल आदित्य सिंह हैं।

## ओटीटी पर छाया पुरानी मूवी का नया वर्जन

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अक्सर एक न एक नई फिल्म या वेब सीरीज ट्रेंडिंग में बनी रहती है। लेकिन हैरानी तब होती है, जब कोई पुराना थ्रिलर ओटीटी पर धमाल मचा रहा होता है।



इस मामले में एक 6 महीने पुरानी फिल्म का नया वर्जन हाल ही में ऑनलाइन स्ट्रीम किया गया है, जो आते ही ऑडियंस की पहली पसंद बन गया है। आलम ये है कि अब ये फिल्म ओटीटी पर नंबर-2 पर ट्रेंड कर रही है और पूरे इंडिया में फैंस का भरपूर मनोरंजन कर रही है। हाल ही में रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर पार्ट-1 का रॉ और अनदेखा वर्जन ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया है। ओटीटी पर आते ही धुरंधर के इस नए वर्जन ने अपना कमाल दिखाना शुरू कर दिया है और ये मूवी फिलहाल नेटफ्लिक्स पर नंबर-2 पर ट्रेंड कर रही है।

# कान का हुआ समापन, अवॉर्ड के मामले में खाली रही भारत की झोली

**मुंबई।** शनिवार देर रात कान फिल्म फेस्टिवल का समापन हो गया। आखिरी दिन इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का ग्लैमरस लुक सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर छा गया। लेकिन अवॉर्ड के मामले में भारत की झोली खाली ही रही। ऐश्वर्या राय हर साल कान फेस्टिवल के आखिरी दिनों में रेड कारपेट पर नजर आती हैं और सारी लाइमलाइट लूट लेती हैं। शनिवार देर रात ऐश्वर्या राय का कान फेस्टिवल से लास्ट लुक सामने आया। यह लुक अब सोशल मीडिया पर चर्चा में है। ऐश्वर्या राय व्हाइट पैंटसूट में रेड कारपेट पर छा गईं। एक तरफ जहां उनकी वजह से कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर भारत का जलवा देखने को मिला, वहीं अवॉर्ड के मामले में निराशा ही हाथ लगी। कान फेस्टिवल के आखिरी दिन ऐश्वर्या राय ने व्हाइट पैंटसूट के साथ एक फेदर लेस वाला बोआ स्कार्फ टीमअप किया था। इससे उनका लुक और भी खूबसूरत नजर आने लगा। पैंटसूट के साथ ऐश्वर्या ने डायमंड रिंग पहनकर अपने लुक को कंप्लीट किया था। फैंस ने भी ऐश्वर्या के इस लुक को खूब पसंद है, उन्हें कान फेस्टिवल की क्वीन कह दिया है। इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में कुछ भारतीय फिल्मों का प्रीमियर भी हुआ, इस लिस्ट में अम्मा अरियन, बालनः द बॉय, चर्डीकला, 21 सितंबर, शैडोज ऑफ द मूनलेस नाइट और स्पिरिट ऑफ द वाइल्डफ्लावर शामिल रहीं। अवॉर्ड के मामले में भारत की झोली कान फिल्म फेस्टिवल में खाली ही रहीं।



# एक-दूसरे पर जान छिड़कते हैं फिल्म जगत के ये भाई

**मुंबई।** भाई एक ऐसा रिश्ता है, जिसके होने से एक भरोसा मजबूत होता है कि कोई संभाल लेगा। मन की जो बातें किसी दोस्त या रिश्तेदार से शेयर करने में सहज न हों, उन्हें भाई-बहन आपस में शेयर कर लेते हैं। इमोशनली इंसान थोड़ा और मजबूत होता है। तभी तो भाई के रिश्ते को सबसे खास, मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते में गिना जाता है। हम आपको बॉलीवुड के कुछ ऐसे ही भाइयों से रूबरू करा रहे हैं।





### भाई-बहनों पर जान छिड़कते हैं भाईजान

सलमान खान को यूं तो बॉलीवुड में भाईजान कहा जाता है। वे जिसे अपना मान लें और कोई उन्हें भाई कह दे तो फिर वे अपने सगे भाई की तरह उससे रिश्ता निभाते हैं। अपने घर में भी वे बड़े भाई की जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। छोटे भाइयों-अरबाज खान और सोहेल खान के लिए वे आधी रात भी मदद को तैयार रहते हैं। सिर्फ भाई ही नहीं, दोनों बहनों-अलवीरा और अर्पिता खान शर्मा के साथ भी उनकी गजब बॉन्डिंग है।

### देओल ब्रदर्स

सनी देओल और बॉबी देओल के बीच गजब की बॉन्डिंग है। दोनों के रिश्ते में प्यार और अपनेपन के साथ-साथ सम्मान और बड़े-छोटे का लिहाज भी देखने को मिलता है। बॉबी देओल कई इंटरव्यू में खुलकर यह बात कह चुके हैं कि उनके भैया सनी देओल ने उन्हें कितना सपोर्ट किया है। अक्सर वे अपने बडे भाई और परिवार के बारे में बात करते हुए इमोशनल हो जाते हैं।

### खुराना भाई

आयुष्मान खुराना और अपारशक्ति खुराना के बीच भी कुछ ऐसा ही प्यार देखने को मिलता है। दोनों भाई इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। भाई का रिश्ता होने के साथ-साथ दोनों के बीच एक दोस्ती भी देखी जाती है।

### कौशल ब्रदर्स

अभिनेता विक्की की अपने छोटे भाई सनी कौशल के साथ शानदार बॉन्डिंग है। दोनों के बीच भाइयों वाला प्यार और अपनापन है और साथ ही दोस्ती भी है।

## 32 साल तक नहीं टूटा रिकॉर्ड, मात्र 2 लाख के बजट में कमाए 1 करोड़

# 3 साल थिएटर्स से नहीं हटी थी 80 साल पुरानी फिल्म

*नई दिल्ली। 80 साल पहले बड़े पर्दे पर एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई जिसका रिकॉर्ड कोई भी फिल्म 32 साल तक नहीं तोड़ पाई। ये फिल्म 3 साल तक थिएटर में टिकी रही। इस फिल्म को बनाने में सिर्फ 2 लाख की लागत आई थी, लेकिन इसकी कमाई 1 करोड़ से भी ज्यादा थी। 1940 का दशक वह दौर था जब पूरा विश्व और भारत द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका तथा स्वतंत्रता संग्राम की हलचलों से गुजर रहा था। इसी कठिन समय में साल 1943 में एक ऐसी फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसने देश के दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया। उस जमाने में फिल्मों का हफ्तों तक चलना ही बड़ी बात होती थी, लेकिन इस फिल्म ने कामयाबी के सारे पिछले रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। थिएटरों के बाहर टिकटों के लिए मीलों लंबी लाइनें लगती थीं और हर शो पूरी तरह हाउसफुल रहता था। लोग एक ही फिल्म को बार-बार देखने सिनेमाघर पहुंच रहे थे। इसी अभूतपूर्व दीवानगी की वजह से इस फिल्म को भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली 'ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर' फिल्म का दर्जा मिला। हम बात कर रहे हैं ऐतिहासिक फिल्म 'किस्मत' की।*



### बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई

उस दौर में अधिकांश फिल्मों का ताना-बाना एक जैसे विषयों के इर्द-गिर्द बुना जाता था, लेकिन 'किस्मत' ने एक बेहद अनोखी और साहसी कहानी पेश की। प्रतिष्ठित फिल्म निर्माण कंपनी 'बॉम्बे टॉकीज' के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन ज्ञान मुखर्जी ने किया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि यह फिल्म बेहद सीमित संसाधनों और मात्र 2 लाख रुपए के मामूली बजट में तैयार की गई थी, लेकिन जब यह रिलीज हुई तो इसकी सफलता ने फिल्म समीक्षकों और निर्माताओं को चौंका दिया। उस दौर में करोड़ों की कमाई का सपना देखना भी नामुमकिन था, लेकिन 'किस्मत' ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 1 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने साफ कर दिया कि यदि कहानी में दम हो तो बजट मायने नहीं रखता।

### हिंदी सिनेमा के पहले असली सुपरस्टार

इस फिल्म की अपार सफलता ने मुख्य अभिनेता अशोक कुमार को रातों-रात लोकप्रियता के उस शिखर पर पहुंचा दिया, जहां उनसे पहले कोई नहीं पहुंचा था। 'किस्मत' के बाद उन्हें हिंदी सिनेमा का पहला 'सुपरस्टार' कहा जाने लगा। फिल्म में उनके साथ मशहूर अभिनेत्री मुमताज शांति नजर आई थीं। अशोक कुमार ने फिल्म में एक ऐसे चोर का किरदार निभाया था, जो अंदर से साफ दिल का है। उस दौर के सिनेमा के लिए यह एक बिल्कुल नया और बोल्ड प्रयोग था। दर्शक उनके इस स्टाइलिश अंदाज और अभिनय के इस कदर मुरीद हुए कि सिनेमाघरों में उनके दृश्यों पर जमकर तालियां और सीटियां बजती थीं।

### बोल्ड विषय और अमर देशभक्ति गीत

'किस्मत' की कहानी अपने समय से काफी आगे मानी गई थी। फिल्म में बिना शादी के एक युवती के गर्भवती होने जैसे बेहद संवेदनशील और गंभीर मुद्दे को दिखाया गया था। समाज के एक वर्ग ने इस पर आपत्ति भी जताई, लेकिन आम दर्शकों ने इस प्रगतिशील सोच का खुलकर स्वागत किया। इसके अलावा कवि प्रदीप द्वारा लिखा गया फिल्म का एक गीत 'दूर हटो ऐ दुनिया वालों, हिंदुस्तान हमारा है' जबरदस्त हिट रहा। इस गाने ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष कर रहे भारतीयों में देशभक्ति का नया जोश भर दिया और यह गीत हर स्वतंत्रता सेनानी की जुबान पर चढ़ गया।

### रॉक्सी सिनेमा का वो अटूट रिकॉर्ड

इस फिल्म की लोकप्रियता का सबसे बड़ा प्रमाण कोलकाता का रॉक्सी सिनेमा बना। वहां यह फिल्म बिना रुके लगातार 187 हफ्तों यानी लगभग साढ़े तीन साल तक चलती रही। यह अपने आप में एक ऐसा कीर्तिमान था, जिसे अगले 32 सालों तक भारतीय सिनेमा की कोई भी दूसरी फिल्म नहीं तोड़ सकी थी। बाद में इस फिल्म की लोकप्रियता को भुनाने के लिए इसे तमिल और तेलुगु भाषाओं में भी रीमेक किया गया। आज आठ दशक से भी ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी 'किस्मत' को भारतीय फिल्म जगत की सबसे मील का पत्थर और ऐतिहासिक फिल्मों में बेहद सम्मान के साथ गिना जाता है।

# कांग्रेस आतंकियों को बिरयानी खिलाती थी, मोदी सरकार घर में घुसकर मारती है

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुरादाबाद में कहा कि मोदी सरकार आतंकवादियों को घर में घुसकर मारती है, जबकि कांग्रेस उन्हें बिरयानी खिलाती थी।

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

कांग्रेस की सरकार आतंकवादियों को बिरयानी खिलाने का काम करती थी। मोदी सरकार आतंकवादियों को घर में घुसकर मारने का काम करती है। भारत ने 2019 के पुलवामा हमले का करारा जवाब बालाकोट एयरस्ट्राइक के रूप में दिया था।

पहलगाम में नागरिकों व पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण हमले के जवाब में, भारत ने "ऑपरेशन सिंदूर" चलाया, जिसके तहत सीमा पार स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया गया।

मुरादाबाद में बोले ब्रजेश पाठक



### मेक इन इंडिया से भारत बना मजबूत

मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में "आत्मनिर्भर भारत" के तहत स्वदेशीकरण को बढ़ावा दिया है। विदेशी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए "मेक इन इंडिया" के तहत तेजस लड़ाकू विमान, ब्रह्मोस मिसाइलें, और अग्नि-5 जैसे स्वदेशी हथियार सेना में शामिल किए गए हैं। बुद्धि विहार स्थित व्हाइट हाउस में आयोजित भाजपा के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के समापन सत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यह बातें कहीं।

### केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। कोई भी सामान्य से सामान कार्यकर्ता इसका नेतृत्व कर सकता है। भाजपा कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होना चाहिए कि वह केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

### सोलर एनर्जी में उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन

वर्ष 2014 के बाद देश में बहुत बड़ा बदलाव आना शुरू हुआ और वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में बड़े बदलाव की शुरुआत हुई। आज उत्तर प्रदेश में हवाई अड्डों की बात की जाए या सरकारी विश्वविद्यालय की बात, यह प्रदेश सभी चीजों में अग्रणी है। वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में अगर सोलर ऊर्जा की बात करें तो भारत दुनिया का नंबर वन देश बन चुका है वही सोलर एनर्जी में उत्तर प्रदेश भारत में नंबर वन है। प्रदेश में योगी नेतृत्व की सरकार आने के बाद बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति, सड़क, रेल, हवाई अड्डा, बिजली, पानी सभी ने नए आयाम हासिल किए हैं। इससे पहले क्षेत्रीय महामंत्री और जिला वर्ग प्रभारी डॉ. विकास अग्रवाल ने विचार परिवार विषय पर कहा कि भाजपा का जो वृहद स्वरूप देखने को मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मणों को बसपा ने दिया सर्वाधिक सम्मान




लखनऊ। राजधानी लखनऊ में मॉल एवेन्यू स्थित आवास पर रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने राज्य स्तरीय बैठक की। इसमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर बड़ा संदेश दिया। बैठक में आकाश आनंद और आनंद कुमार मौजूद रहे। साथ ही यूपी के सभी जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी बुलाए गए थे।

### देवघर में युवती की रेत में दबी मिली लाश, हत्या



देवघर। जिले में 6 दिन से लापता एक 21 साल की महिला की लाश नदी के पास रेत में दबी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। हत्या इसलिए, क्योंकि वह मुख्य आरोपी व उसकी प्रेमिका के संबंधों के बारे में जानती थी। इस मामले में पुलिस ने फॉरेंसिक और खुफिया जानकारी से एक महिला समेत तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बेतिया में तेंदुए का आतंक 2 बकरियां बनी निवाला



बेतिया । बिहार के बेतिया के रामनगर में तेंदुए के आतंक से लोग रात भर नहीं सोते हैं। यहां गुदगुदी पंचायत के सेवरही बरवा गांव में तेंदुए के हमले से दहशत फैल गई। तेंदुए ने गांव में घुसकर दरवाजे पर बंधी दो बकरियों को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद पूरे गांव में भय का माहौल व्याप्त है। वन विभाग ने एडवाइजरी जारी करके लोगों को सावधान किया है।

### बिजली व्यवस्था बिगड़ने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त संदेश

# गांव हो या शहर भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली देना सुनिश्चित करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में बढ़ती बिजली मांग के बीच उत्पादन क्षमता बढ़ाने और सभी इकाइयों को पूरी दक्षता से संचालित करने के निर्देश दिए और कहा कि आम जन को बिजली आपूर्ति के बारे में सही जानकारी दें, समाधान कब तक, यह भी बताएं।, लापरवाही पर होगी कार्रवाई*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

- रिकार्ड मांग के बीच ऊर्जा विभाग को अलर्ट मोड में रहने की हिदायत
- फीडर से लेकर काल सेंटर तक सभी की जवाबदेही की जाएगी तय

भीषण गर्मी में रिकार्ड स्तर पर पहुंची बिजली की मांग के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ निर्देश दिए हैं कि गांव हो या शहर, प्रदेश में कहीं भी बिजली संकट की स्थिति नहीं बननी चाहिए। ऊर्जा विभाग, पावर कारपोरेशन और सभी डिस्काम अधिकारियों के साथ रविवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को निर्बाध तथा गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि शिकायत निस्तारण, ट्रांसफार्मर मरम्मत और फीडर संचालन में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने आवास में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए उत्पादन क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है।



### ट्रांसमिशन नेटवर्क की मजबूती पर विशेष जोर

*ऊर्जा व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने ट्रांसमिशन नेटवर्क की मजबूती पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गर्मी और आंधी-तूफान जैसी परिस्थितियों में भी बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए त्वरित रिस्पांस सिस्टम चौबीसों घंटे सक्रिय रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फील्ड स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए और फीडरवार मानिटरिंग से यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतों का तत्काल समाधान हो।*

### ट्रांसफार्मर क्षति में आई कमी

*मुख्यमंत्री ने ट्रांसफार्मर क्षति में आई कमी को सकारात्मक उपलब्धि बताते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2022-23 में जहां 429 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे, वहीं वर्ष 2025-26 में यह संख्या घटकर 87 रह गई है। बड़े वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षति दर में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। प्रदेश में बिजली मांग लगातार नए रिकार्ड बना रही है। बैठक में बताया गया कि भीषण गर्मी में पीक डिमांड 30,339 मेगावाट तक दर्ज की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बढ़ती मांग के अनुरूप सभी संभावित स्रोतों से बिजली खरीद और आपूर्ति प्रबंधन सुनिश्चित की जाए। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर भी जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2029 तक अतिरिक्त 10,719 मेगावाट क्षमता जोड़ने की तैयारी चल रही है, जिसमें विंड एनर्जी, बैटरी स्टोरेज, पंप हाइड्रो और हाइब्रिड परियोजनाएं शामिल हैं।*

### हेल्पलाइन और स्मार्ट मीटर सिस्टम की भी समीक्षा

*उपभोक्ता सेवाओं को तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने हेल्पलाइन व्यवस्था और स्मार्ट मीटर सिस्टम की भी समीक्षा की। 1912 काल सेंटर व्यवस्था के तहत अब प्रतिदिन 90 हजार काल संभालने की क्षमता विकसित की गई है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत को काल सेंटर का भौतिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल शिकायत दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को यह भी बताया जाए कि समस्या कब तक दूर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली आपूर्ति केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि किसानों की सिंचाई, उद्योगों की उत्पादन क्षमता, व्यापारिक गतिविधियों और आम नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है, इसलिए हर स्तर पर सतर्कता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए ताकि भीषण गर्मी में प्रदेशवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।*

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महर्षि कश्यप चेयर के लिए सरकार देगी फंड : नायब



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कश्यप समाज के लिए कई बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि कैथल में महर्षि कश्यप के नाम से धर्मशाला निर्माण के लिए समाज द्वारा प्रस्ताव दिए जाने पर उचित स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा। साथ ही इंद्री में महर्षि कश्यप के नाम से चौक का नामकरण कर वहां उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महर्षि कश्यप चेयर स्थापित करने के लिए उचित फंड भी उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में आयोजित राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महर्षि कश्यप को महान परोपकारी और प्रजापालक बताते हुए कहा कि उन्होंने स्मृति ग्रंथ और कश्यप संहिता जैसे महान ग्रंथों की रचना कर समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्यप समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। रामायण काल में निषाद जैसे बलशाली राजा इसी समाज से हुए, जिन्होंने वनवास के दौरान भगवान श्रीराम को आश्रय दिया था। भक्त प्रहलाद और दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी के पंच प्यारों में भाई हिम्मत सिंह कश्यप भी इसी समाज से थे। उन्होंने कश्यप समाज को साहसी, वीर, परिश्रमी और स्वाभिमानी बताते हुए कहा कि समाज में अपार क्षमताएं हैं और इनका उपयोग समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुख्यमंत्री ने समाज से अपने बच्चों को नशे जैसी कुप्रवृत्तियों से दूर रखने की अपील भी की। इंद्री से विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज महर्षि कश्यप जयंती को कैथल में बड़े स्तर पर मनाना चाहता था, लेकिन पश्चिमी देशों में युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की संभावित कमी को देखते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अपील पर छोटा कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि डीजल और पेट्रोल की बचत हो सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी सहित समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### होर्मुज में स्वतंत्र और...

यूक्रेन विवाद) पर भी विस्तृत चर्चा की गई है। भारत और अमेरिका इस बात को लेकर सहमत हैं कि होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय नौवहन व्यापार पूरी तरह से स्वतंत्र और सुरक्षित होना चाहिए। अमेरिकी विदेश मंत्री ने होर्मुज और उससे इतर चीन का नाम लिए बगैर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी अपने देश के समान रुख की पुष्टि की है। ये मुद्दा 26 मई को होने वाली क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के एजेंडे में शामिल रहेगा। यह जानकारी इस बैठक के बाद आयोजित किए गए संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान दोनों विदेश मंत्रियों ने दी है। बताते चलें कि मार्को रुबियो बीते शनिवार से भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। जिसमें अगले सप्ताह वह क्वाड की बैठक में भाग लेंगे।

**ये हैं शांति-स्थिरता के 5 बिंदु :** जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा का मुद्दा हमारी बातचीत में शामिल रहा है। जिसे लेकर भारत की सरकार की मुख्य प्राथमिकता 140 करोड़ भारतीयों की जरूरतों को पूरा करना और उन तक सुलभता के साथ इससे जुड़े उत्पादों को पहुंचाना है। विविधतापूर्ण सप्लाई भारत की ऊर्जा सुरक्षा के केंद्र में स्थित है। उन्होंने यह साफ किया कि हम अमेरिका से बीते कुछ वर्षों से ऊर्जा उत्पादों (क्रूड ऑयल) की सप्लाई कर रहे हैं। ये कोई नई बात नहीं है। लेकिन इसमें भी कोई शक नहीं है कि पिछले साल से इसमें तेजी आई है। मैंने और अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस बात का स्वागत किया है कि बीते कुछ महीनों में हमारे ऊर्जा व्यापार का विस्तार हुआ है। वैश्विक संघर्षों के समाधान को लेकर नई दिल्ली के पांच बिंदु हैं। जिनमें-

1 संघर्षों के समाधान को लेकर भारत बातचीत-कूटनीति के पक्ष में हैं।

2 हम सुरक्षित और निर्बाध अंतरराष्ट्रीय नौवहन व्यापार के समर्थक हैं।

3 हम मांग करते हैं कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान किया जाना चाहिए।

4 भारत संसाधनों के बाजारीकरण के खिलाफ है।

5 वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम से बचाने के लिए हम भरोसेमंद साझेदारी और लचीली सप्लाई चेन में विश्वास रखते हैं।

**ऊर्जा कीमतों में कमी आनी चाहिए :** उन्होंने कहा कि भारत बहुपक्षीय सहयोग के जरिए चुनौतियों को संभालता है। ईरान युद्ध के बीच हमारा देश ही दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल है। जिसका अमेरिका, इजरायल, ईरान के साथ-साथ खाड़ी देशों के साथ भी संबंध है। सच कहूं तो हमारे हित भी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। लेकिन मौजूदा हालात में चुनौती इन संबंधों को संभालने के अलावा अपने हितों को सुरक्षित रखते हुए उन्हें आगे बढ़ाने की है। भारत की मामले में क्षेत्र को लेकर सोच और सिद्धांत स्पष्ट है। हम शांति-स्थिरता चाहते हैं। लेकिन इलाके में बड़ी तादाद में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा भी हमारी प्राथमिकता है। हम चाहते हैं कि ऊर्जा (कच्चे तेल, डीजल) की कीमतों में कमी आनी चाहिए। क्योंकि भारत ऊर्जा उत्पादों का एक बड़ा आयातक भी है। जिसका बड़ा भाग हम खाड़ी देशों से लेते हैं। ऐसे में हम चाहते हैं कि क्षेत्र से व्यापार सुरक्षित और निर्बाध रूप से आगे बढ़ना चाहिए। बाजार खुले रहें ताकि कोई समस्या न आए। मैं मानता हूं कि हर परिस्थिति अलग होती है। हमारे संबंध बढ़ रहे हैं, इसलिए हमें सभी पक्षों को साथ लेकर चलना पड़ता है।

**जल्द होगा द्विपक्षीय व्यापार समझौता :** दोनों देश जल्द ही पारस्परिक रूप से लाभप्रद और सतत द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप प्रदान करना चाहते हैं। जयशंकर ने कहा कि हमारी वार्ता में आर्थिक मुद्दे में यह मामला शामिल रहा। इस पर बातचीत की शुरुआत पिछले साल फरवरी महीने में की गई प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद शुरू हुई थी। मामले पर भारत की एक टीम ने हाल ही में वाशिंगटन डीसी का दौरा भी किया है। अब हमारी अपेक्षा यही है कि जल्द ही इसी उद्देश्य के साथ अमेरिका की भी एक टीम नई दिल्ली का दौरा करे। अमेरिका के विदेश मंत्री ने माना कि भारत, अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध समूचे रूप में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने के पक्ष में हैं। जिससे हमारे साझा हितों के साथ-साथ हमारे राष्ट्रीय हित भी आगे बढ़ेंगे।

**व्यापार असंतुलन को दूर करने पर ध्यानः रुबियो :** मार्को रुबियो ने भारत पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा कि व्यापार के मामले में अमेरिकी प्रशासन की सोच व्यापक लक्ष्य से जुड़ी हुई है। यह किसी देश विशेष पर केंद्रित नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कभी ये नहीं कहा कि भारत के साथ व्यापार में टकराव के रास्ते पर चलो। उनका कहना है कि हमारे पास एक व्यापार की स्थिति है, जिसमें अमेरिका की अर्थव्यवस्था शामिल रही है और यह आगे नहीं बढ़ रही है। मामले में काफी असंतुलन बना हुआ है, जिस पर वैश्विक नजरिए के साथ ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, दुनिया का कोई देश ऐसा नहीं है, जहां वो गए हों और व्यापार का मामला न उठा हो। राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि हमारा व्यापार पुनः संतुलित हो। इसलिए यह मुद्दा केवल भारत पर केंद्रित नहीं है।

### जयशंकर ने रुबियो...

**मेरे माता-पिता क्यूबा से आए थे :** उन्होंने कहा, अमेरिका दुनिया में ऐसा देश है। जहां हर साल कई मिलियन लोग आते हैं और रहते हैं। मेरे माता-पिता 1956 में क्यूबा से आकर अमेरिका के स्थायी नागरिक बने थे। यह एक समृद्ध प्रक्रिया है। लेकिन जो लोग वहां रह रहे हैं, उनके साथ भी न्याय होना चाहिए। हम एक ऐसे सिस्टम में बदलाव करने जा रहे हैं, जिसे हमने चुना है। उसमें हम ये देखते हैं कि कौन हमारे देश में आएगा और रहेगा? या कौन कब और कैसे हमारे देश में आ रहा है? रुबिया के हिसाब से हालांकि बदलाव की इस प्रक्रिया को बहुत पहले ही पूरा कर लिया जाना चाहिए था। जो कि नहीं हुआ। तभी हमने अब इसकी शुरुआत की है। हर युग में बदलाव मौजूदा वास्तविक परिस्थितियों के हिसाब से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कभी भी आप सुधार करते हैं। खासकर उस सिस्टम में जिसमें लोग रह रहे होते हैं। तब बदलाव के बीच कुछ ऐसे क्षण भी आते हैं। जिसमें कुछ परेशानियां और चुनौतियां रहती हैं। लेकिन जब ये प्रक्रिया पूरी हो जाती है। तो उसका लाभ केवल संबंधित देश यानी अमेरिका को ही नहीं। बाकी देशों को मिलता है।

**भारतीयों ने किया 20 अबर डॉलर का निवेश :** अमेरिका के विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की कंपनियों ने अमेरिका की अर्थव्यवस्था में कुल 20 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में भारतीयों द्वारा हमारी अर्थव्यवस्था में जो विशेषज्ञता शामिल की जाती है। वह हमारी लिए बेहद मूल्यवान है। भारत से कई उच्च-कौशल वाले कर्मी भी अमेरिका में आते हैं। उन्होंने कहा एक बार इमीग्रेशन सिस्टम के आधुनिक बन जाने के बाद हमें पता चलेगा कि यह पहले से कहीं अधिक बेहतर और लाभप्रद है। हमारा सिस्टम बेहतर होने के साथ ही प्रभावी भी होगा।

**भारत को सराहा, समझाए साझेदारी के मायने :** विदेश मंत्री रुबिया ने भारत को अमेरिका के लिए दुनिया के सबसे बड़े रणनीतिक साझेदारों में से एक बताते हुए अपनी इस यात्रा को बड़ा सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि दोनों क्षेत्रीय मामलों को लेकर विश्व के कई देशों के साथ काम करते हैं। लेकिन रणनीतिक साझेदारी बिलकुल अलग होती है। जिसमें दोनों देशों के हित पूर्णतः एक दिशा में संरेखित होते हैं। भारत, अमेरिका के मामले में क्योंकि हमारे संबंध साझा मूल्यों, लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े हुए हैं। हमारे शीर्ष नेता लगातार संपर्क में रहते हैं। दोनों के फैसलों का आधार अपने लोगों को फायदा पहुंचाना होता है। लोकतंत्र में आप जनता के प्रति उत्तरदायी होते हैं। वहां विपक्षी दल भी होते हैं। हमारे यहां बड़ा मीडिया भी है, जिससे काफी निगरानी और सतर्कता बनी रहती है। हमारा हर निर्णय अपने मतदाताओं और उनके प्रति न्याय को लेकर समर्पित रहता है।

### मूर्खों की दुनिया में...

जो हर वक्त सिर्फ बेवकूफी वाली बातें ही करते हैं। मैं, नस्लवादी टिप्पणियों के मामले को गंभीरता से लूंगा।

यूं पाकिस्तान-चीन से बढ़ती नजदीकियां : पाकिस्तान और चीन से बढ़ती अमेरिका की नजदीकियों के मामले पर रुबियो ने कहा कि चीन से बढ़ती नजदीकियों का उद्देश्य खासतौर पर वैश्विक संकट (ईरान युद्ध, होर्मुज का मामला शामिल) का प्रबंधन करना है। जबकि पाकिस्तान से हमारा जुड़ाव क्षेत्रीय स्थिरता और कूटनीतिक रणनीतिक वास्तविकता के मद्देनजर बना हुआ है। इससे भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी बिलकुल भी कमजोर नहीं होगी। दोनों देशों के साथ हमारे संबंध भारत के साथ जारी साझेदारी की कीमत पर नहीं होंगे।

### गुड न्यूज संग खुल...

और आगे बढ़ सकता है। हो सकता है कि इसी के तहत होर्मुज की खाड़ी भी खुल सकती है, जिसे लेकर अमेरिका की चिंताएं दूर होंगी। जो इस युद्ध की शुरुआत से बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कुछ घंटों में यह अच्छी खबर हमें सुनने को मिल सकती है। उनका यह बयान एक ऐसे समय में सामने आया है। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ऐसी ही एक बड़ी और अच्छी खबर सामने आने की बात कही है। जिसमें उन्होंने कहा कि वाशिंगटन संघर्षविराम को 60 दिनों के लिए आगे बढ़ाने के लिए राजी है। जिसमें होर्मुज को खोलने का मुद्दा भी शामिल है। यहां बता दें कि अमेरिका के विदेश मंत्री की नई दिल्ली में की गई इस टिप्पणी के बाद पश्चिम-एशिया क्षेत्र में हमलों का सिलसिला थमा नहीं है।

### राष्ट्रीय जनजाति समागम...

परंपराओं और जीवन मूल्यों को संरक्षित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि नया रायपुर में आयोजित 'आदि परब', बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजातीय प्रतिभा, परंपरा और पहचान को राष्ट्रीय मंच देने का प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की संस्कृति उसकी भाषा से जीवित रहती है, इसलिए छत्तीसगढ़ सरकार गोंडी, हल्बी और सादरी जैसी जनजातीय भाषाओं में बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने की दिशा में विशेष पहल कर रही है, ताकि नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रह सके। साथ ही बस्तर से सरगुजा तक देवगुड़ी और मातागुड़ी जैसे पारंपरिक आस्था केंद्रों के संरक्षण और विकास का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि समाज के भीतर यह भावना लगातार प्रबल हो रही है कि जो लोग अपनी मूल जनजातीय परंपराओं, संस्कृति और धर्म को छोड़ चुके हैं, उन्हें अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर किए जाने पर गंभीरता से विचार होना चाहिए, ताकि आरक्षण और सरकारी सुविधाओं का वास्तविक लाभ उन समुदायों तक पहुंचे जो आज भी अपनी मूल पहचान और परंपराओं को संरक्षित किए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह मांग किसी समुदाय के विरोध में नहीं, बल्कि जनजातीय समाज की अस्मिता, अधिकारों और सांस्कृतिक अस्तित्व की रक्षा की भावना से जुड़ी हुई है तथा इसे लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में उठाया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य, लोक संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत की जीवंत झलक प्रस्तुत की। लाल किला मैदान में दिनभर गूंजते मांदर, ढोल और पारंपरिक लोकधुनों के बीच यह समागम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जनजातीय समाज की एकता, स्वाभिमान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सशक्त राष्ट्रीय घोष बनकर सामने आया।

### 3 घंटे में हुआ दूसरा...

पड़ताल की। 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद ट्विशा का अंतिम संस्कार शाम 5 बजे भदभदा विश्राम घाट पर किया गया। पूर्व मॉडल और अभिनेत्री रहीं 33 वर्षीय ट्विशा शर्मा 12 मई को भोपाल के कटारा हिल्स स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकी मिली थीं। मायके पक्ष ने दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है, जबकि ससुराल पक्ष ने उन्हें नशे की लत से पीड़ित बताया था। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के 22 मई के आदेश के बाद एम्स दिल्ली ने चार वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम गठित कर दूसरा पोस्टमार्टम कराया। गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट ने ट्विशा शर्मा केस को स्वतः संज्ञान लिया है। सोमवार को चीफ जस्टिस की बेंच इस केस की सुनवाई करेगी। भोपाल कोर्ट में सास गिरिबाला सिंह की जमानत निरस्त करने के लिए आवेदन दायर किया गया है। इस पर सोमवार को सुनवाई होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले की जांच सीबीआई से कराने पर सहमति दे दी है।

**घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम :** पोस्टमार्टम के बाद दिल्ली एम्स की टीम पुलिस के साथ गिरिबाला सिंह के घर पहुंची, जहां ट्विशा की मौत हुई थी। टीम ने घर के अंदर और आसपास के हिस्सों का निरीक्षण किया। माना जा रहा है कि फॉरेंसिक टीम घटनास्थल से जुड़े तथ्यों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मिलाकर जांच करेगी। टीम के साथ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

**भदभदा श्मशान घाट पर भावुक माहौल :** अंतिम यात्रा की तैयारियों के बीच माहौल भावुक हो गया। अर्थी सजने से पहले ट्विशा की मां फूट-फूटकर रो पड़ीं। ट्विशा के भाई मेजर हर्षित शर्मा ने बताया कि शाम 5 बजे भदभदा श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। इस बारे में परिजनों की तरफ से एक भावुक अपील भी जारी की गई। इसमें लिखा कि किसी भी मां-पिता के लिए अपनी युवा बेटी को कंधा देना जीवन का सबसे कठिन व असहनीय पल होता है।

**समर्थ से एसआईटी ने दो घंटे तक की पूछताछ :** आरोपी पति समर्थ सिंह से एसआईटी ने दो घंटे तक कड़ी पूछताछ की। समर्थ ने आरोपों से पल्ला झाड़ने के लिए 'प्रेगनेंसी और ग्लैमर' की नई थ्योरी रची। उसने दावा किया कि 17 अप्रैल को प्रेगनेंसी की पुष्टि के बाद से ट्विशा का व्यवहार बदल गया था। वह घरेलू जिंदगी के बजाए बेहद ग्लैमरस लाइफस्टाइल जीना चाहती थी। समर्थ ने कहा कि बेंगलुरु जाने का टिकट बुक होने के बावजूद ट्विशा अजमेर अपने भाई के पास जाने की जिद कर रही थी, जिसे लेकर दोनों में बहस हुई थी। फिलहाल, एसआईटी दावों की पड़ताल कर रही है।

### चैटजीपीटी और यूट्यूब...

चार्जशीट के अनुसार, अल-कायदा से जुड़े आतंकी मॉड्यूल के आरोपियों ने कथित तौर पर आधुनिक तकनीक यानी 'चैट जीपीटी' और यूट्यूब का इस्तेमाल कर रॉकेट और आईईडी बनाने की जानकारी जुटाई थी। एनआईए के मुताबिक, इस खतरनाक साजिश का मुख्य आरोपी जासिर बिलाल वानी था, जो इस आतंकी संगठन का इन-हाउस इंजीनियर बन चुका था। वह लगातार इंटरनेट पर 'रॉकेट कैसे बनाएं' और "विस्फोटक मिश्रण किस अनुपात में तैयार किया जाए। जैसे संवेदनशील विषयों को सर्च कर रहा था। इस काम में उसे कुछ शिक्षित पेशेवरों का भी साथ मिला, जिसमें जांच के दायरे में आए तीन डॉक्टर डॉ. उमर उन नबी, डॉ. आदिल अहमद रादर और डॉ. मुजम्मिल शकील शामिल हैं। डॉ. आदिल ने जहां विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराई, वहीं डॉ. उमर ने रॉकेट आईईडी और ड्रोन आधारित हमलों की रिसर्च में जासिर का मार्गदर्शन किया। इस मॉड्यूल ने बिल्कुल लैबोरेट्री-ग्रेड तरीके से ट्राई एसीटोन ट्राई पेरॉक्साइड (टीएटीपी) नामक घातक विस्फोटक गुप्त रूप से तैयार किया। इसके बाद आरोपियों ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, काजीगुंड और यूसमर्ग के घने जंगलों में रॉकेट आईईडी और सिलेंडर आधारित आईईडी के कई सफल परीक्षण भी किए।

चिंतन

# फालता के परिणाम ने तोड़ दिए कई मिथक

पश्चिम बंगाल की फालता सीट का ऐतिहासिक परिणाम केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि उन तमाम राजनीतिक मिथकों पर करारा प्रहार है, जिन्हें पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और विपक्षी नैरेटिव के जरिए स्थापित करने की कोशिश की जा रही थी। चुनाव से पहले तथाकथित "कॉकरोच जनता पार्टी" के नाम पर भाजपा विरोधी माहौल तैयार किया गया। नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में राजनीतिक हंगामा खड़ा हुआ और यह संदेश देने की कोशिश हुई कि भाजपा की लोकप्रियता तेजी से गिर रही है, लेकिन फालता के नतीजों ने साफ कर दिया कि सोशल मीडिया का शोर और जमीन की वास्तविकता अलग-अलग चीजें हैं। इस चुनाव का सबसे बड़ा संदेश यही है कि जनता ने डिजिटल प्रचार से ज्यादा अपने अनुभव और स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों को महत्व दिया। यदि वास्तव में नीट पेपर लीक और सोशल मीडिया अभियानों का असर इतना व्यापक होता, तो उसका सीधा लाभ भाजपा विरोधी दलों, खासकर सीपीआई (एम), को मिलता। सीपीआई (एम) उम्मीदवार दूसरे स्थान पर जरूर रहे, मगर भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु की भारी बढ़त के आसपास भी नहीं पहुंच सके। भाजपा को जहां लगभग डेढ़ लाख वोट मिले, वहीं सीपीआई (एम) करीब 40 हजार वोटों तक सीमित रही। यह अंतर बताता है कि मतदाताओं ने केवल नारों और प्रचार के आधार पर मतदान नहीं किया। इस चुनाव का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू भय की राजनीति का कमजोर पड़ना रहा। इस सीट पर टीएमसी नेता जहांगीर का प्रभाव लंबे समय से चर्चा में रहा है। स्थानीय राजनीति में उन्हें "पुष्पा राज" जैसी छवि के साथ देखा जाता रहा है। माना जा रहा था कि उनका दबदबा चुनावी माहौल को प्रभावित करेगा और मतदाता खुलकर अपनी पसंद व्यक्त नहीं कर पाएंगे, लेकिन चुनाव परिणामों ने इस धारणा को भी तोड़ दिया। भारी मतदान और भाजपा के पक्ष में स्पष्ट जनादेश यह संकेत देता है कि जनता अब भय और दबाव की राजनीति से बाहर निकलने लगी है। लोकतंत्र की असली ताकत भी यही है कि अंततः मतदाता अपने विवेक से निर्णय करता है। दरअसल, फालता का परिणाम केवल एक सीट की कहानी नहीं है, बल्कि यह आज की राजनीति का बड़ा संकेत है। पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया राजनीतिक हथियार के रूप में तेजी से उभरा है। ट्विटर यानी एक्स ट्रेंड, फेसबुक कैंपेन और व्हाट्सएप संदेशों के जरिए माहौल बनाने की कोशिश होती है। कई बार ऐसा प्रतीत कराया जाता है कि वही जनता की असली आवाज है, लेकिन फालता ने यह साबित किया कि इंटरनेट की दुनिया और मतदान केंद्र की दुनिया हमेशा एक जैसी नहीं होती। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जितना बड़ा विरोध दिखाई देता है, जरूरी नहीं कि उसका असर वोटिंग मशीन तक भी पहुंचे। यह चुनाव भाजपा के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि फालता 74 वर्षों तक कांग्रेस, सीपीआई (एम) और बाद में तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा। ऐसे क्षेत्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत यह संकेत देती है कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में धीरे-धीरे नया सामाजिक और राजनीतिक समीकरण बन रहा है। मतदाता अब स्थानीय नेतृत्व, संगठन की मजबूती, सुरक्षा की भावना और राजनीतिक व्यवहार को भी गंभीरता से देख रहा है। फालता का जनादेश अंततः यही कहता है कि लोकतंत्र में आखिरी फैसला सोशल मीडिया नहीं, मतदाता करता है। और जब जनता तय कर लेती है, तो डर, प्रचार और राजनीतिक नैरेटिव सब पीछे छूट जाते हैं।

# भारतीय टेक कर्मियों का बढ़ता संकट



अमेरिकी नीति
कांतिलाल मांडोत

अमेरिका में भारतीय टेक पेशेवरों पर छाया संकट अब केवल नौकरी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह उनके भविष्य परिवार बच्चों की पढ़ाई और पूरी जीवन व्यवस्था पर असर डालने लगा है। पिछले कुछ महीनों में अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियों में बड़े पैमाने पर छंटनी हुई है। मेटा अमेज़न और ओरेकल जैसी कंपनियों ने हजारों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। इन छंटनियों में सबसे अधिक प्रभावित भारतीय कर्मचारी हुए हैं क्योंकि अमेरिकी टेक सेक्टर में एच वन बी वीजा पर काम करने वाले पेशेवरों की संख्या बहुत बड़ी है। अनुमान है कि करीब पंद्रह हजार भारतीय टेक कर्मियों की नौकरी चली गई है और अब उनके सामने डिपोर्टेशन का खतरा खड़ा हो गया है।

अमेरिका में भारतीय टेक पेशेवरों पर छाया संकट अब केवल नौकरी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह उनके भविष्य परिवार बच्चों की पढ़ाई और पूरी जीवन व्यवस्था पर असर डालने लगा है। पिछले कुछ महीनों में अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियों में बड़े पैमाने पर छंटनी हुई है। मेटा अमेज़न और ओरेकल जैसी कंपनियों ने हजारों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है।

इन छंटनियों में सबसे अधिक प्रभावित भारतीय कर्मचारी हुए हैं क्योंकि अमेरिकी टेक सेक्टर में एच वन बी वीजा पर काम करने वाले पेशेवरों की संख्या बहुत बड़ी है। अनुमान है कि करीब पंद्रह हजार भारतीय टेक कर्मियों की नौकरी चली गई है और अब उनके सामने डिपोर्टेशन का खतरा खड़ा हो गया है। अमेरिका का एच वन बी वीजा सिस्टम लंबे समय से भारतीय इंजीनियरों और आईटी पेशेवरों के लिए अवसर का बड़ा माध्यम रहा है। हर साल लाखों भारतीय युवा अमेरिका जाकर वहां की टेक कंपनियों में काम करते रहे हैं। बेहतर वेतन, आधुनिक जीवनशैली और वैश्विक अवसरों की वजह से अमेरिका भारतीय युवाओं का सपना माना जाता रहा है, लेकिन अब वही सपना डर और असुरक्षा में बदलता दिखाई दे रहा है। नौकरी जाने के बाद एच वन बी वीजा धारकों को केवल साठ दिन का समय मिलता है, जिसमें उन्हें नई नौकरी ढूंढनी होती है। यदि इस समय के भीतर नया नियोक्ता नहीं मिलता तो उनका वीजा स्टेटस समाप्त हो सकता है और उन्हें अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है। पहले स्थिति इतनी कठिन नहीं थी, क्योंकि टेक इंडस्ट्री में लगातार भर्ती होती रहती थी। नौकरी जाने के बाद भी कुछ ही दिनों में नया अवसर मिल जाता था। अब वैश्विक आर्थिक सुस्ती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ऑटोमेशन और कंपनियों की लागत घटाने की नीति के कारण नई नौकरियां कम हो गई हैं। इंटरव्यू प्रक्रिया लंबी हो चुकी है और कंपनियां विदेशी कर्मचारियों को स्पॉन्सर करने से बच रही हैं।

इसका सबसे बड़ा असर भारतीय पेशेवरों पर पड़ा है क्योंकि वे एच वन बी वीजा पर पूरी तरह निर्भर हैं। अमेरिकी प्रशासन की नई सख्त इमिग्रेशन नीति ने हालात को और गंभीर बना दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के बाद विदेशी कर्मचारियों की जांच और दस्तावेज सत्यापन काफी कड़ा कर दिया गया है। छोटी सी गलती भी वीजा रद्द होने का कारण बन सकती है। अब केवल नौकरी होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कंपनी को यह साबित करना पड़ रहा है कि उस पद के लिए अमेरिकी नागरिक उपलब्ध नहीं था। इससे भारतीयों के लिए नौकरी पाना पहले से ज्यादा कठिन हो गया है। ग्रीन कार्ड प्रक्रिया में बदलाव ने भी भारतीयों की चिंता बढ़ा दी है। पहले अमेरिका में रहते हुए एडजस्टमेंट ऑफ स्टेटस के जरिए ग्रीन कार्ड प्रक्रिया पूरी हो जाती थी, लेकिन अब नई नीति के तहत आवेदकों को अपने देश लौटकर अमेरिकी दूतावास से प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इससे न केवल समय बढ़ेगा बल्कि नौकरी और अमेरिका वापसी दोनों पर अनिश्चितता पैदा होगी। भारतीय पेशेवरों के लिए यह स्थिति इसलिए भी कठिन है, क्योंकि ग्रीन कार्ड




बैकलॉग में भारतीयों की संख्या सबसे अधिक है। लाखों भारतीय वर्षों से इंतजार कर रहे हैं और कई मामलों में प्रतीक्षा अवधि दस से पंद्रह साल तक पहुंच चुकी है। इस संकट का असर केवल नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय परिवारों के सामाजिक और मानसिक जीवन को भी प्रभावित कर रहा है। अमेरिका में रहने वाले कई भारतीय परिवार अब भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। बच्चों की पढ़ाई घर की ईएमआई, स्वास्थ्य बीमा और जीवनसाथी के वीजा जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। कई परिवार बैकअप प्लान बना रहे हैं और भारत लौटने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। कुछ लोग अपने बच्चों को भारतीय स्कूलों में दाखिला दिलाने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि कुछ परिवार आर्थिक बचत बढ़ाने में जुट गए हैं। भारतीय इंजीनियरों की स्थिति इसलिए भी कठिन हो गई है क्योंकि नौकरी मिलने के बावजूद वीजा स्पॉन्सरशिप आसान नहीं रही। अब कंपनियां हर नियुक्ति में ज्यादा दस्तावेज मांग रही हैं। उम्मीदवार की भूमिका, वेतन अनुभव और विशेषज्ञता का विस्तृत रिकॉर्ड देना पड़ रहा है। यदि किसी सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी जाती है तो वह किसी छोटे या अलग क्षेत्र के काम में जाकर एच वन बी स्टेटस नहीं बचा सकता। उसे उसी स्तर की नौकरी और लगभग समान वेतन वाली भूमिका ही ढूंढनी होगी। इससे विकल्प और सीमित हो जाते हैं। अमेरिका में रह रहे भारतीय पेशेवरों के अनुभव इस संकट की गंभीरता को साफ दिखाते हैं। कई इंजीनियर सैकड़ों आवेदन भेजने के बाद भी नई नौकरी नहीं पा रहे हैं।

कंपनियों की भर्ती प्रक्रिया कई महीनों तक चल रही है, जबकि वीजा नियम केवल साठ दिन की मोहलत देते हैं। इससे मानसिक दबाव तेजी से बढ़ रहा है। लोग बाहर से सामान्य दिखने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भीतर असुरक्षा और भय गहराता जा रहा है। यह संकट भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। लंबे समय तक भारतीय युवा विदेशों में रोजगार को सफलता का सबसे बड़ा माध्यम मानते रहे हैं, लेकिन अब यह स्पष्ट हो रहा है कि केवल विदेशी अवसरों पर निर्भर रहना सुरक्षित विकल्प नहीं है। भारत को अपने यहां रोजगार के मजबूत अवसर पैदा करने होंगे ताकि प्रतिभाशाली युवा विदेश जाने को मजबूरी न समझें। साथ ही भारतीय शिक्षा व्यवस्था को भी बदलने की जरूरत है। केवल डिग्री आधारित शिक्षा अब पर्याप्त नहीं है। युवाओं को नई तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइबर सुरक्षा डेटा साइंस और डिजिटल स्किल्स में दक्ष बनाना होगा ताकि वे वैश्विक बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल सकें। भारत के लिए यह समय आत्मनिर्भर तकनीकी ढांचा विकसित करने का भी है। यदि देश में मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम रिसर्च और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा तो लाखों युवाओं को देश के भीतर ही अवसर मिल सकते हैं। इससे विदेशी नीतियों और वीजा नियमों पर निर्भरता कम होगी। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों को मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जहां प्रतिभा को सम्मान और अवसर दोनों मिलें। अमेरिका में भारतीय टेक कर्मियों पर आया यह संकट केवल इमिग्रेशन या नौकरी का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था, बदलती तकनीक और अस्थिर रोजगार व्यवस्था की बड़ी तस्वीर को भी दिखाता है। आने वाले समय में वही देश और वही युवा सफल होंगे जो तेजी से बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को तैयार करेंगे। भारतीय युवाओं के लिए यह चुनौती भी है और अवसर भी कि वे केवल विदेश पर निर्भर रहने के बजाय अपनी क्षमता और कौशल के दम पर नए रास्ते तैयार करें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आलेख

डॉ. अशोक कुमार जायसवाल

# राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार विकसित भारत का स्वरूप

पंच–परमेश्वर आजादी के इस अमृत काल से 4000 ई. पूर्व भारत के वेदों, ग्रन्थों एवं काव्यों में है। भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का सजीव एवं साकार स्वरूप स्वंतत्रता के पश्चात पंचायतीराज व्यवस्था दृष्टि गोचर हुआ। पंचायतीराज की परिकल्पना, स्वरूप एवं ग्रामीण विकास की अवधारणा वैदिक काल से भी पूर्व की है। वैदिक काल में तत्कालीन राजा पंचायतों के माध्यम से राज कार्य का दायित्व निर्वहन करते रहे। वैदिक काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायतों एवं ग्रामों को पुरस्कृत किया जाता रहा। बौद्ध काल में ग्राम परिषदों की स्थापना की गई, ग्राम परिषदों का कार्य ग्राम भूमि का प्रबंध, कर लगाने एवं वसुली की व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा स्थापित करना रहा, बौद्ध काल में सबसे अधिक कर वसूली वाले ग्रामों को प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत किया जाता रहा है। मौर्य काल में पंचायतें प्रशासन का का प्रमुख अंग हो गया तथा पंचायतों में सार्वजनिक कोष स्थापित किया गया, करो की राशि, लगान, दण्ड एवं जुर्मानो से प्राप्त धन को संचित किया गया, मौर्य काल में सार्वजनिक कोष में सबसे अधिक धन संचित करने वाली पंचायतों एवं ग्रामों को पुरस्कृत किया गया। गुप्तकाल में अष्टकुलाधिकरण (आठ कुलों का निरीक्षक), शौल्किक (शुल्क वसूल करने वाला, चुंगी संग्राहक) गौल्मिक (वन, उपवन निरीक्षक) आदि नियुक्त किए गए। मध्य काल में भूमि कर वसूली एवं शांती व्यवस्था हेतु नम्बरदारों को नियुक्त किया गया। मुगल काल में परगनों को गांवों में विभाजित किया गया। दसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में दक्षिण में पंचायतें पूर्ण अस्तित्व में थीं। प्राचीन काल में विशेष उल्लेखनीय कार्य करने वाले पंचायतों एवं ग्रामों को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कृत किया जाता रहा है। आजादी के अमृत काल में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025, पंचायत एडवांसमेंट इनडेक्स (उन्नति सूचकांक) 2.0 योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई नही बल्कि पंचायते में आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय को मापने को पैमाना है। पंचायत उन्नति सूचकांक 17 सतत विकास लक्ष्यों को 09 थीम में विभक्त कर 230 आंकडे बिन्दु चिन्हित कर किया गया है, जिसमें 150 यूनिक स्थानीय सूचकांकों का उपयोग किया गया है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत देष की कुल 2,66,999 ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में से 2,59,867 ग्राम पंचायतों (97.32 प्रतिषत) द्वारा साक्ष्य आधारित ग्राम सभा से सत्यापित आंकडे प्रस्तुत किये जिसमें 3635 (1.39 प्रतिशत) ए–श्रेणी, 1,18,824 (45.73 प्रतिशत) बी–श्रेणी, 1,23,719 (67.01 प्रतिशत) सी–श्रेणी तथा 13,689 (5.27 प्रतिशत) डी–श्रेणी में सम्मिलित है, यह पंचायतीराज व्यवस्था को जमीनीस्तर पर लागू करने के प्रयासों का सुखद परिणाम है, जो हमारे गांवों की तसवीर बदली है तथा समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठे हुये व्यक्ति को न्याय प्राप्त हुआ है, और समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठा हुआ व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से जुड़ा है। यह ग्रामीण भारत की उभरती तस्वीर एवं साक्ष्य आधारित पारदर्शी तथा जवाबदेही शासन का प्रमाण है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 09 थीमों–गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका युक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल–हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरियाली युक्त पंचायत, आत्म निर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक रुप से सुरक्षित न्यायपूर्ण पंचायत, सुषासन युक्त पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत में विभक्त कर 2030 तक 17 सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्ति हेतु किया जा रहा सार्थक प्रयास है। अब पंचायतो से अपेक्षा है, कि सेवा का केन्द्र बिन्दु बनकर आत्म निर्भर बने, जो आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की स्थापना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पंचायत एडवांसमेंट इन्डैक्स 2.0 (उन्नति सूचकांक) 24 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये 33 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों हेतु जारी किया गया, जिसमें देश की कुल 2,66,999 पंचायतों में से 2,59,876 पंचायतों (97.32 प्रतिषत) ने साक्ष्य आधारित ग्राम सभा से सत्यापित आंकडे प्रस्तुत किये इसमें से कुल 42 ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया गया। देश की 2,66,999 ग्राम पंचायतों में 1,18,824 (45.73 प्रतिशत) पंचायते उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली श्रेणी में है, जिन क्षेत्रों ने ग्राम पंचायतों ने उत्कष्ट प्रदर्षन किया है, उनमें गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका युक्त तथा स्वस्थ पंचायत शामिल है। छत्तीसगढ़ राज्य की 11,643 ग्राम पंचायतों ने पंचायत पुरस्कार में साक्ष्य आधारित ग्राम सभा से सत्यापित आंकडे प्रस्तुत किया, इसमें 30 ग्राम पंचायत ए–श्रेणी, 3936 ग्राम पंचायत बी–श्रेणी, 5941 ग्राम पंचायत सी–श्रेणी एवं 1736 ग्राम पंचायत डी–श्रेणी प्राप्त की है। स्कोर के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य की ग्राम पंचायत सरदिह (जनपद पंचायत–बगीचा, जिला–जशपुर) को थीम–स्वच्छ एवं हरित पंचायत के अंतर्गत तृतीय पुरस्कार राशि रु. 0.25 करोड़ प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार ग्रामीण भारत में समावेषी, सहभागी और सतत विकास को बढ़ावा देगी तथा विकसित भारत / 2047 की दिषा में राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को प्रभावी जमीनी कार्यवाही में पंचायतों की भूमिका को और मजबूत करेगी, जिससे आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का निर्माण संभव होगा।

*-संकाय सदस्य (पंचायती राज)*
*ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*

# सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।


# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूं। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया।वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योकिं मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती कीमतों के लिए कौन जिम्मेदार?

पेट्रोल–डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद से ही देशभर में लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इस बढ़ोतरी का सीधा असर हमारी रोजमर्रा की जिंदगी और जेब पर पड़ने लगा है। अब तो हर चीज के दाम बढ़ेंगे, जिससे आम आदमी को अपना जीवनयापन करना मुश्किल हो जाएगा। महंगाई बढ़ने से जनता का मासिक बजट बिगड़ जाता है। जरूरी वस्तुओं की खरीददारी में भी कटौती करनी पड़ती है और बचत में भी कमी आती है। आम जनता पर तो महंगाई की चौतरफा मार पड़ती है। मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट तो बिगड़ ही जाता है, लेकिन गरीब आदमी का तो जीना ही मुहाल हो जाता है। सरकार को मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखकर महंगाई पर नियंत्रित करने के उचित प्रयास करने चाहिए।

*– पीयूष जोशी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### डब्ल्यूटीओ में भारत ने चीन के अनुरोध पर रोक लगाई



भारत ने सौर सेल, मॉड्यूल और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्रों के लिए अपने समर्थन उपायों को लेकर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में दायर मामले में पैनल गठित करने के चीन के अनुरोध पर रोक लगा दिया है। चीन ने इस महीने की शुरुआत में डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) से एक पैनल गठित करने का अनुरोध किया था। यह अनुरोध दोनों देशों के बीच परामर्श के विफल रहने के बाद किया गया था। चीन ने पिछले वर्ष दिसंबर में यह मामला दायर किया था। जिनेवा स्थित एक अधिकारी ने कहा कि भारत ने मामले में पैनल बनाने से संबंधित चीन के पहले अनुरोध को खारिज कर दिया है। डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत, मामले से संबंधित देश पहली बार पैनल गठन के अनुरोध को रोक सकता है, लेकिन दूसरी बार भी यह अनुरोध किए जाने पर पैनल गठित हो जाता है। यह मुद्दा 22 मई को जिनेवा में आयोजित डीएसबी की बैठक में उठा था। यदि चीन अगली बैठक में दोबारा अनुरोध करता है, तो पैनल का गठन स्वतः हो जाएगा। चीन ने आरोप लगाया है कि भारत द्वारा कुछ प्रौद्योगिकी उत्पादों पर लगाए गए आयात शुल्क और घरेलू उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले उपाय चीनी उत्पादों के साथ भेदभाव करते हैं।

## ऑफ बीट


### अनिद्रा अपने आप में एक बीमारी, इलाज की जरूरत



अनिद्रा यानी नींद न आने की समस्या संभवतः प्राचीनकाल से ही इनसानों को परेशान करती आ रही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पिछले 20 वर्षों में इसकी समझ हासिल करने की कोशिशों में काफी प्रगति की है। अनिद्रा को लेकर वैज्ञानिकों की समझ में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह यह है कि ज्यादातर मामलों में इसकी शिकायत शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी अन्य समस्या के कारण उभरती है। अनिद्रा के शिकार अधिकांश लोगों को डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, थॉयरॉयड, पेट से जुड़ी समस्याओं, लंबे समय से बरकरार दर्द, बेचैनी या अवसाद की शिकायत होती है। अनिद्रा जब किसी दूसरी बीमारी या समस्या का नजीता होती है, तो उसे "सेकेंडरी इंसोमेनिया" कहा जाता है। यही कारण है कि पहले डॉक्टर अक्सर सिर्फ मुख्य बीमारी का इलाज करते थे और 'सेकेंडरी इंसोमेनिया' का अलग से उपचार करने पर ध्यान नहीं देते थे। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में शोध और नैदानिक अनुभव, दोनों से पता चला कि यह तरीका सही नहीं है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कुछ मामलों में अनिद्रा की शिकायत किसी मुख्य बीमारी के उभरने से पहले से ही हो सकती है, जबकि कुछ मामलों में यह उसके ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रह सकती है।

## ट्रेंड

### सामाजिक परिवर्तन



जब संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित को अपना मिशन बना लेता है, तब संगठन मात्र राजनीतिक शक्ति से सामाजिक परिवर्तन की शक्ति में परिवर्तित हो जाता है।
-**अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### पुख्ता व्यवस्था हो



जब लाखों युवा सड़कों पर हैं, 22 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है, और प्रधानमंत्री चुप हैं तो सरकार प्रतिक्रिया देने पर नहीं, बल्कि टालमटोल करने पर ध्यान दे रही है। जब तक परीक्षाओं के पेपर लीक को रोकने के लिए एक पुख्ता व्यवस्था स्थापित नहीं हो जाती, हम नहीं रुकेंगे।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### आत्मनिर्भर भारत



तेजस मार्क 1ए सिर्फ एक लड़ाकू विमान नहीं है; यह आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और क्षमता की नई पहचान है। आज, भारत अपने वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और युवाओं की प्रतिभा के बल पर रक्षा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### मुख्यमंत्रियों से अपील



सभी मुख्यमंत्रियों से मेरी अपील है: कृपया 21 तारीख को नीट की पुनर्परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए बस यात्रा निःशुल्क करें। मुझे खुशी है कि बिहार और हरियाणा ने इस मामले में पंजाब का अनुसरण किया है। आशा है कि अन्य मुख्यमंत्री भी ऐसा ही करेंगे।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**


**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# अमेरिका से 500 अरब डॉलर आयात के दावे पर कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

## जयराम रमेश ने दागे 5 सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव और वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के एक बयान को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति और आर्थिक फैसलों से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं अब नई दिल्ली के बजाय वॉशिंगटन डीसी से सामने आ रही हैं, जो देश की संप्रभुता और सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने विस्तृत बयान में कहा कि पिछले साल 10 मई को भारतीय समयानुसार शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सबसे पहले उस युद्धविराम की घोषणा की थी, जिसके बाद "ऑपरेशन सिंदूर" अचानक रुक गया। उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप के कारण यह संभव हुआ। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि 21 मई 2026 को भी मार्को रुबियो ने भारत और वेनेजुएला की ओर से किसी आधिकारिक संकेत या पुष्टि से पहले ही यह घोषणा कर दी कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति अगले सप्ताह भारत यात्रा पर आने वाले हैं। अब एक बार फिर मार्को रुबियो ने एक्स पर बयान जारी कर दावा किया है कि मोदी सरकार ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और कृषि क्षेत्रों में 500 अरब डॉलर के सामान खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है।

### भारत को दोगुना करना पड़ेगा अमेरिकी आयात

जयराम रमेश ने कहा कि वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2025-26 तक भारत का वार्षिक आयात लगभग 52.9 अरब डॉलर है। ऐसे में यदि अमेरिकी विदेश मंत्री का दावा सही है, तो भारत को आने वाले वर्षों में अमेरिका से अपना आयात लगभग दोगुना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह समझौता भारतीय किसानों, उद्योगों और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

### प्रधानमंत्री से पूछे 5 सवाल

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस पूरे घटनाक्रम पर पांच सीधे सवाल पूछे हैं।

#### 1. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद समझौता क्यों नहीं रद्द?

जयराम रमेश ने कहा कि मलेशिया समेत कुछ देशों ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप टैरिफ को रद्द किए जाने के बाद अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौतों को "निरस्त" घोषित कर दिया है। उनका आरोप है कि संसद में राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी ने जल्दबाजी में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए और एकतरफा रियायतें दीं। उन्होंने पूछा कि जब उस समझौते का आधार ही खत्म हो गया, तो भारत सरकार ने इसे समाप्त करने का साहस क्यों नहीं दिखाया?

#### 2. विदेशी मुद्रा बचाने की अपील और रिकॉर्ड आयात साथ-साथ क्यों?

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खुद नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए घरेलू ईंधन की खपत और विदेश यात्राएं कम करने की अपील करते रहे हैं। ऐसे में अमेरिका से रिकॉर्ड आयात की प्रतिबद्धता विरोधाभासी प्रतीत होती है।

#### 3. क्या रुपये पर बढ़ेगा दबाव?

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पिछले 12 महीनों में भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग 12 प्रतिशत कमजोर हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि अमेरिका से बड़े पैमाने पर आयात बढ़ने से रुपये पर और दबाव नहीं बढ़ेगा क्या?

#### 4. अदाणी मामले से जुड़ा है क्या यह समझौता?

जयराम रमेश ने हाल ही में ट्रंप प्रशासन द्वारा उद्योगपति गौतम अदाणी से जुड़े कथित सौर ऊर्जा घोटाले में आपराधिक धोखाधड़ी के आरोप हटाने के फैसले का भी उल्लेख किया। उन्होंने सवाल किया कि क्या अमेरिका के साथ आयात समझौते में भारत सरकार का "समर्पण" अदाणी समूह को मिली राहत से जुड़ा हुआ है?

#### 5. विदेश नीति की जानकारी पहले वॉशिंगटन से क्यों?

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के युद्धविराम, रूस से तेल और गैस आयात, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और वेनेजुएला के राष्ट्रपति की यात्रा जैसी महत्वपूर्ण सूचनाएं पहले वॉशिंगटन डीसी से सामने आ रही हैं। उन्होंने पूछा कि आखिर प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भारतीय जनता और दुनिया के सामने देश की विदेश नीति रखने की जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा रहे?

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में गाय काटी तो लगाएंगे मकोका



**मुंबई।** बकरीद के त्योहार से पहले देश में गोवंश सुरक्षा और धार्मिक परंपराओं को लेकर राजनीतिक माहौल गरम है। महाराष्ट्र सरकार में राजस्व मंत्री और भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले के बयान के बाद यह मुद्दा और गरमा गया है। राज्य में गाय की हत्या या अवैध तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर मकोका तक लगाया जा सकता है।

### 2016 में नबरंगपुर में झड़प, 19 को उम्रकैद



**नबरंगपुर।** ओडिशा के नबरंगपुर जिले की अदालत ने 2016 में दो समूहों के बीच हुए संघर्ष के मामले में 19 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई थी। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुनीता पटनायक ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। पुलिस ने बताया कि यह घटना 16 जुलाई, 2016 को उमरकोट प्रखंड के बौंशबेड़ा गांव में हुई थी।

### श्राद्ध भोज करने के बाद 4 की मौत, 20 बीमार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक श्राद्ध भोज में कथित तौर पर विषाक्त भोजन करने के बाद 4लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के हेमगिर प्रखंड के नुआडीही गांव में हुई। उन्होंने बताया कि भोजन करने के तुरंत बाद लोगों ने उल्टी, पेट दर्द और अत्यधिक कमजोरी की शिकायत की।

### मजीठा में एएसआई की गोली मारकर हत्या



**मजीठा।** रविवार सुबह मजीठा क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब ड्यूटी पर जा रहे पंजाब पुलिस के असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर जोगा सिंह की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह वारदात फतेहगढ़ चूड़ियां-मजीठा रोड पर सुबह करीब 6 बजे हुई, जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वे अमृतसर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात थे।

### राजसमंद में बाइक सवार 3 को ट्रेलर ने रौंद डाला



**राजसमंद।** जिले के आमेट थाना क्षेत्र में रविवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब परिवार ढेलाणा भैरूजी के दर्शन के लिए बाइक से जा रहा था। बताया जा रहा कि रास्ते में चंद्रभागा नदी की आसन पुलिया पर सामने से तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी।

## नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर सियासत गरमाई

# 22 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर प्रधान के इस्तीफे तक नहीं रुकेंगे

### नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री प्रधान पर निशाना साधा

नीट मामले पर राहुल ने सरकार को घेरा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जाता। राहुल ने एक्स पर हैदराबाद में छात्रों के प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया। प्रदर्शनकारी छात्र नीट पेपर लीक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के खिलाफ भी नारे लगाए गए। राहुल ने अपने पोस्ट में कहा कि जब लाखों युवा सड़कों पर हों, 22 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हो और प्रधानमंत्री चुप रहें, तो यह साफ दिखाता है कि सरकार जवाब देने के बजाय बचने में लगी है।

**सरकार परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता रखने में विफल रही**

**प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया**

परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित करें



राहुल गांधी

उन्होंने कहा कि जब तक प्रधान इस्तीफा नहीं देते और नीट जैसे पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और फुलप्रूफ व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।गौरतलब है कि कांग्रेस लगातार नीट-यूजी परीक्षा रद्द होने के बाद शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा बनाए रखने में विफल रही है।

### व्यापक जांच की जाएगी

- **सीबीआई जांच:** सरकार ने सीबीआई को परीक्षा में हुई 'अनियमितताओं' की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया है, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।
- **पुनर्परीक्षा का आयोजन:** पेपर लीक और विवादों के कारण रद्द हुई नीट यूजी परीक्षा की नई तारीख 21 जून घोषित की गई थी।
- **शुल्क वापसी :** परीक्षा रद्द होने और नई तारीख घोषित किए जाने के कारण, सरकार ने छात्रों को आवेदन शुल्क वापस करने का निर्णय लिया है।
- **मंत्री का आश्वासन:** परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर जोर देते हुए कहा है कि सरकार छात्रों के भविष्य को लेकर पूरी तरह सतर्क है।

### केजरीवाल की सभी सीएम से अपील: छात्रों को मुफ्त यात्रा देने पर बिहार हरियाणा के कदम की सराहना की

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नीट री-एग्जाम देने जा रहे छात्रों के हक में एक बड़ी अपील की है। केजरीवाल ने एक्स पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया है कि वे 21 तारीख को होने वाली पुनर्परीक्षा के लिए छात्रों के लिए बस यात्रा पूरी तरह मुफ्त करें। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पंजाब की पहल के बाद अब बिहार और हरियाणा सरकार ने भी अपने राज्यों में छात्रों को यह सुविधा दे दी है। केजरीवाल ने उम्मीद जताई है कि देश के अन्य राज्यों के सीएम भी जल्द ही ऐसा ही फैसला लेंगे।

राहुल के बयान पर फडणवीस का तंज

### वे मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी के एनडीए सरकार गिरने वाले बयान को लेकर पलटवार किया। नागपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए फडणवीस ने कहा कि राहुल की बातें सिर्फ 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' जैसी हैं। राहुल का यह दावा कल्पना और दिवास्वप्न है।

केंद्र सरकार ने कहा

### परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाएंगे



कथित पेपर लीक के आरोपों के बीच, सरकार ने परीक्षा प्रणाली में पूरी पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों की व्यापक सीबीआई जांच का निर्देश दिया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट किया है कि सरकार परीक्षा को '100 फीसदी एरर फ्री' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बंगाल में सुवेंदु सरकार बोली

# अवैध विदेशी नागरिकों के लिए बनाएं होल्डिंग सेंटर

सरकार ने जिला मजिस्ट्रेटों को दिए निर्देश



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के गृह और पर्वतीय मामले विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों को एक पत्र लिखा है। इसमें पकड़े गए विदेशी नागरिकों और जेल से रिहा किए गए ऐसे विदेशी कैदियों के लिए अस्थायी हिरासत केंद्र (होल्डिंग सेंटर) बनाने की बात कही है, जो अपने वापस अपने देश भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं। इसमें कहा गया, इस देश में गैरकानूनी रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोगों को वापस भेजने की प्रक्रिया के संबंध में यह पत्र लिखा गया है। इस सिलसिले में अनुरोध है कि पकड़े गए विदेशी नागरिकों और रिहा किए गए विदेशी कैदियों, जो निर्वासन या अपने देश भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं, उनके लिए जिले में अस्थायी हिरासत केंद्र बनाने के लिए पहल और उचित कार्रवाई की जाए। यह कार्रवाई गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाए।

### अवैध ढांचों पर अतिक्रमण रोधी कार्रवाई की

कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने रविवार को तिलजाला, कस्बा और बेलेघाटा सहित शहर के कई हिस्सों में कथित अवैध ढांचों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि केएमसी ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उन ढांचों को ध्वस्त किया, जो नगर नगम के नियमों का कथित रूप से उल्लंघन कर बनाए गए थे। नगर निगम के अधिकारी तिलजाला के वार्ड-66 में पहुंचे और कड़ी सुरक्षा के बीच इमारतों के अनाधिकृत हिस्सों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। टीएमसी के स्थानीय नेता राजू नस्कर से जुड़ी एक इमारत को ध्वस्त कर दिया गया।

### सुवेंदु के प्रभाव में काम न करे पुलिसः कल्याण



लोकसभा में टीएमसी के चीफ व्हिप और सांसद कल्याण बेनर्जी ने बंगाल पुलिस को कड़ी चेतावनी दी है और कहा है कि वह पूरी ईमानदारी से काम करें, न कि किसी भी नेता जिसमें सुवेंदु अधिकारी भी शामिल हैं, उनके प्रभाव में आकर काम न करें। कल्याण ममता बेनर्जी के करीबी नेताओं में गिने जाते हैं। पिछले दिनों, बंगाल हार के बाद ममता ने कल्याण को लोकसभा में चीफ व्हिप बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है।

## बंगाल की फाल्टा सीट पर खिला कमल

# भाजपा के देबांग्शु की जीत, सीपीएम प्रत्याशी को एक लाख वोट से हराया

### टीएमसी के प्रत्याशी जहांगीर चौथे नंबर पर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर हुए दोबारा मतदान के बाद रविवार को मतों की गिनती हुई। 22वें और अंतिम राउंड की गिनती पूरी होने के बाद भाजपा प्रत्याशी देबांग्शु पांडा को विजयी घोषित किया गया।

दूसरे नंबर पर सीपीआईएम प्रत्याशी शंभू नाथ कुर्मी रहे। कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहे, जबकि भाजपा सरकार बनने से पहले सत्तारूढ़ रही टीएमसी के प्रत्याशी को 7783 वोट मिले।

**जीत का अंतर 1.09 लाख वोट से अधिक रहा**



भाजपा प्रत्याशी को 1,49,666 वोट मिले हैं। जीत का अंतर 1.09 लाख वोट से अधिक रहा है। दूसरे नंबर पर रहे सीपीएम प्रत्याशी शंभू नाथ कुर्मी को 40,645 वोट मिले।

### वामदल रहा नजदीकी प्रतिद्वंद्वी

दूसरे नंबर पर वाम दल प्रत्याशी शंभू नाथ कुर्मी रहे। सीपीआईएम के साथ कांग्रेस और टीएमसी भी दौड़ से लगभग बाहर रहे। इस बीच बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर फिर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा ईवीएम में गड़बड़ी की गई है।

# विदर्भ में पारा 47.2 डिग्री पार, तेलंगाना में 16 की मौत

### मौसम विज्ञान विभाग ने कहा- फिलहाल राहत की उम्माद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का एक बड़ा हिस्सा इस समय भीषण गर्मी और जानलेवा लू की चपेट में है। सूरज की तपिश और झुलसाने वाली गर्म हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी की है कि मध्य और उत्तर भारत में मई के अंत तक लू का यह खौफनाक दौर जारी रहने वाला है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित कई राज्यों में अधिकतम तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

**देश के कई हिस्से लू की चपेट में आए**



### ब्रह्मपुरी में रिकॉर्ड तोड़ तापमान

इस समय सबसे डराने वाले आंकड़े महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र से हैं। यहां के ब्रह्मपुरी में अधिकतम तापमान 47.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है, जो देश में सबसे ज्यादा है। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कई इलाकों में पारा 45 डिग्री के पार जा चुका है। चित्तौड़गढ़ भी 44.2 डिग्री के साथ राज्य का सबसे गर्म है।

### पहाड़ी राज्यों में येलो अलर्ट

उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश में 26 और 27 मई के लिए लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है, लेकिन एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ पहाड़ी इलाकों और झारखंड के धनबाद में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं और हल्की बारिश होने की उम्मीद है।

### तेलंगाना सरकार ने की बैठक

तेलंगाना के 7 जिलों में हीटस्ट्रोक यानी लू लगने के कारण 16 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। राज्य के राजस्व और सूचना मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपातकालीन समीक्षा बैठक की। सरकार ने सभी मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है।

## केंद्र सरकार ने पुरस्कार के लिए 4 समितियों का चयन किया

# पाल, दुबे और शिंदे समेत 12 सांसदों को मिलेगा 'संसद रत्न'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


इस साल के संसद रत्न पुरस्कारों के लिए 12 सांसदों और 4 संसदीय समितियों का चयन किया गया है। निजी संगठन 'प्राइम पॉइंट फाउंडेशन' ने बताया कि भाजपा के जगदंबिका पाल , पीपी चौधरी , निशिकांत दुबे और श्रीकांत एकनाथ शिंदे पुरस्कारों के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में चुने गए हैं।

### निजी संगठन 'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन' ने दी जानकारी

*पटेल, महतो, चौधरी, मेधा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए होंगे सम्मानित*



निशिकांत दुबे



जगदंबिका पाल

प्राइम पॉइंट फाउंडेशन के अनुसार, प्रवीण पटेल (उत्तर प्रदेश), विद्युत बरन महतो (झारखंड), लुंबाराम चौधरी (राजस्थान), हेमंत विष्णु सवरा (महाराष्ट्र), स्मिता उदय वाघ (महाराष्ट्र), नरेश गणपत म्हस्के (महाराष्ट्र), मेधा विश्राम कुलकर्णी (महाराष्ट्र) और नरहरि अमीन (गुजरात) को इस साल बजट सत्र के अंत तक संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा।

**2010 में की गई थी शुरुआत**

संसद रत्न पुरस्कार की शुरुआत 2010 में हुई थी और यह पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं जो पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देने के लिए संसद में खासे एक्टिव रहते हैं। इसका मकसद सांसदों को प्रोत्साहित करना और जनता के बीच संसदीय कार्यवाही को लोकप्रिय बनाना है। ये पुरस्कार संसद में सक्रियता पर मिलते हैं।

### अनुराग और महताब की समितियां भी शामिल

इस सम्मान के लिए 4 संसदीय समितियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनमें चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता वाली कृषि समिति, भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त समिति, सप्तगिरि शंकर उलाका की अध्यक्षता वाली ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज समिति और अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता वाली कोयला एवं खान समिति को शामिल किया गया है।

## कर्नाटक में भयावह हादसा

# उत्तर कन्नड़ में नदी में डूबने से 7 महिलाओं समेत 8 की मौत

एजेंसी ▶▶ कन्नड़



कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले की थट्टे हक्कालु नदी में तेज बहाव में एक ही परिवार के 8 लोगों की डूबने से मौत हो गई। इनमें7 महिलाएं भी शामिल हैं। 2 लोग लापता बताए जा रहे हैं। शिराली गांव के लगभग 14 लोग नदी में मीठे पानी की सीप इकट्ठा करने को उतरे थे। बहाव तेज हुआ तो 1-2लोग बहने लगे। कुछ लोग उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गए।

### प्रधानमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान

पीएम मोदी ने कहा कि दुखद घटना के बारे में सुनकर मैं गहरे सदमे में हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता राशि दी जाएगी। सीएम सिद्धारमैया ने प्रत्येक मृतक के सबसे नजदीकी परिजन को 5 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की।

## खबर संक्षेप



### हिंडाल्को का लाभ 51 फीसदी घटकर 2,597 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला समूह की प्रमुख धातु कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 50.8 प्रतिशत घटकर 2,597 करोड़ रुपये रहा। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की अमेरिकी अनुषंगी कंपनी नोवेलिस के संयंत्र में आग लगने की घटनाओं के कारण कंपनी के मुनाफे पर यह असर पड़ा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 5,284 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### रिलायंस इन्फ्रा का मुनाफा घटकर 918 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च की चौथी तिमाही में घटकर 918.07 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इसके पीछे बढ़ते खर्चों को प्रमुख कारण बताया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 4,387.08 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय भी घटकर 4,154.34 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 4,268.05 करोड़ रुपये थी। वहीं, कुल खर्च बढ़कर 5,419.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4,827.97 करोड़ रुपये था।

### कोटेक हेल्थकेयर, दीपा ज्वेलर्स को मिली आईपीओ की मंजूरी

**नई दिल्ली।** दवा क्षेत्र की कंपनी कोटेक हेल्थकेयर और आभूषण क्षेत्र की कंपनी दीपा ज्वेलर्स को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सीमेंट कंपनियों को चालू वित्त वर्ष में आठ प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

## सरकार के बुनियादी ढांचा खर्च व बढ़ती आवास मांग से मिलेगा समर्थन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख सीमेंट कंपनियों को वित्त वर्ष 2026-27 में उद्योग में सात-आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। कंपनियों का मानना है कि सरकार के बुनियादी ढांचा खर्च, आवास क्षेत्र की बढ़ती मांग और तेजी से हो रहे शहरीकरण से उद्योग को बड़ा समर्थन मिलेगा। हालांकि, इसके साथ ही उद्योग ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण बढ़ती ईंधन लागत निकट अवधि में चुनौती बनी हुई है। अल्ट्राटेक सीमेंट, अंबुजा सीमेंट, श्री सीमेंट, डालमिया सीमेंट और नुवोको विस्टास जैसी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने हालिया तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान मध्यम अवधि को लेकर सकारात्मक रुख जताया है। सीमेंट कंपनियों के कुल परिचालन खर्च का लगभग 50-55 प्रतिशत हिस्सा बिजली, ईंधन और बिक्री लागत पर खर्च होता है। हालांकि, डागा ने भरोसा जताया कि भारत की दीर्घकालिक वृद्धि की कहानी मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का निवेश, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन, किफायती आवास योजनाएं और ग्रामीण मांग उद्योग को मजबूती देंगे। डागा ने कहा, हम दो अंक की वृद्धि का लक्ष्य रख रहे हैं। साथ ही उन्होंने आने वाले वर्षों में सीमेंट मांग में सालाना 7-8 प्रतिशत की स्थायी वृद्धि का अनुमान जताया।

### पूंजीगत खर्च बढ़ा है

कंपनियां प्रीमियम सीमेंट उत्पादों और बेहतर बिक्री मूल्य के जरिये बढ़ती लागत के दबाव को संतुलित करने की रणनीति पर काम कर रही हैं। इसके साथ ही सीमेंट कंपनियां चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्च भी बढ़ा रही हैं। उनका मानना है कि सरकार की अवसंरचना परियोजनाओं और आवासीय मांग में तेजी से उद्योग को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।



### आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ा दबाव

अल्ट्राटेक सीमेंट के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) अतुल डागा ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण ईंधन, दुलाई और आयात आधारित आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से पेट्रोल और डीजल भी महंगे हो सकते हैं, जिससे लागत और बढ़ेगी।

## भारत में एफटीए की उपयोग दर अभी 25 प्रतिशत के आसपास

# एफटीए के इस्तेमाल में विकसित देशों से काफी पीछे है भारत, कार्यान्वयन सुधारने की जरूरत : विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के मोर्चे पर भारत की अगली प्राथमिकता इनके व्यावहारिक कार्यान्वयन और निर्यातकों को इन करारों के इस्तेमाल में मदद की होनी चाहिए। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कई बड़े एफटीए किए हैं, लेकिन अब असली चुनौती इन समझौतों का सही उपयोग सुनिश्चित करना है। विशेषज्ञों का कहना है कि अब सरकार और उद्योग जगत का ध्यान 'एफटीए पर हस्ताक्षर' से 'एफटीए के कार्यान्वयन' पर होना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में एफटीए की उपयोग दर अभी लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है, जबकि विकसित देशों में यह 70-80 प्रतिशत तक है।

■ विकसित देशों में उपयोग 70-80 प्रतिशत तक है



**पर्यावरण से जुड़े नियम और सख्त हो सकते हैं :** पांडेय ने कहा कि इसके अलावा भारत को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों, कार्बन अकाउंटिंग और हरित नियमों के अनुरूप अपनी घरेलू प्रमाणन प्रणाली को मजबूत करना होगा। खासकर यूरोपीय बाजारों में भविष्य में पर्यावरण से जुड़े नियम अधिक सख्त हो सकते हैं।

### भारतीय निर्यातकों को फायदा नहीं मिल रहा

यानी भारत ने जिन देशों के साथ कम शुल्क या शुल्क-मुक्त पहुंच हासिल की है, उसका पूरा फायदा भारतीय निर्यातक अभी नहीं उठा पा रहे हैं। डेलॉयट इंडिया के भागीदार गुलजार दिद्वानिया ने कहा कि भारत को अब यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एफटीए के तहत मिले लाभ वास्तव में सीमा शुल्क स्तर पर इस्तेमाल हों और निर्यात बढ़ाने में मदद करें।

### प्राथमिकता कार्यान्वित करने पर होनी चाहिए

दद्वानिया ने कहा कि भारत ने सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, आसियान और ईएफटीए जैसे बाजारों के साथ एफटीए किए हैं। इसके अलावा ओमान, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ भी ऐसे करार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अब इन एफटीए से मिलने वाले लाभ को वास्तविक रूप से कार्यान्वित करने पर होनी चाहिए।

### घरेलू विनिर्माण प्रतिस्पर्धा बढ़ानी होगी

दद्वानिया ने यह भी कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति संकट के दौर में एफटीए भारत के लिए नए व्यापारिक रास्ते खोल सकते हैं। इसके लिए भारत को निर्यात बाजारों और उत्पादों में विविधता लानी होगी तथा घरेलू विनिर्माण प्रतिस्पर्धा बढ़ानी होगी।

### एमएसएमई कंपनियों में जागरूकता कम

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के भागीदार रुद्र कुमार पांडेय ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोला उद्यम (एमएसएमई) कंपनियों में अभी एफटीए को लेकर जागरूकता कम है और कई समझौतों के लिए जरूरी प्रमाणन ढांचा भी कमजोर है। उन्होंने कहा कि हर संभावित निर्यातक को यह समझना चाहिए कि उसे किस बाजार में किस तरह की रियायत मिल सकती है और उसका लाभ लेने के लिए कौन-कौन से दस्तावेज जरूरी हैं।

### अभी प्राथमिकता एफटीए इस्तेमाल की होनी चाहिए

पांडेय ने कहा, ''अभी हमारी प्राथमिकता एफटीए के इस्तेमाल की होनी चाहिए।'' विशेषज्ञों का कहना है कि कपड़ा, चमड़ा, इंजीनियरिंग सामान, फार्मास्युटिकल्स और समुद्री उत्पाद जैसे क्षेत्रों को उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता सुधारने के लिए उत्पादन से जुड़ी (पीएलआई) जैसी योजनाओं का अतिरिक्त समर्थन मिलना चाहिए।

# एशिया प्रशांत क्षेत्र में डिलिवरी लागत 19 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत समेत एशिया प्रशांत क्षेत्र में मार्च से मई की अवधि के बीच डिलिवरी लागत में सालाना आधार पर लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 'लॉजिस्टिक्स सॉफ्टवेयर' सेवा क्षेत्र की कंपनी 'फारआई' ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह सर्वेक्षण पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद किया गया।इस संघर्ष के कारण ईंधन की आपूर्ति तथा लागत पर दबाव है।

■ सेवा क्षेत्र की कंपनी फारआई ने संघर्ष शुरू होने के बाद किया सर्वे

हाल ही में जारी रिपोर्ट में कहा गया, ''शोध से पता चलता है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र (एपीएसी) में डिलिवरी लागत में सालाना आधार पर औसतन 18.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत में ईंधन की कीमतें, वाहन चालकों का वेतन और शहरी भीड़भाड़ संरचनात्मक लागत बढ़ाने वाले कारक हैं, जिसके कारण यह आंकड़ा यहां के लिए चौंकाने वाला नहीं है।''

### शहरी इलाकों में डिलिवरी दर बढ़ सकती है

भारत में घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में पहली बार में सफल रूप से डिलिवरी नहीं होने की दर 20-30 प्रतिशत तक हो सकती है, जो लाभ में कमी का एक प्रमुख कारण है। भारत के त्वरित वाणिज्य क्षेत्र की बात करें तो, 10 मिनट और 20 मिनट में डिलिवरी कार्यों ने अरबों का निवेश आकर्षित किया है तथा तीन वर्षों से 'लॉजिस्टिक्स' के क्षेत्र में सुर्खियां बटोरी हैं।

# मार्च में विदेश यात्रा पर भारतीयों का खर्च घटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीयों का विदेश यात्रा पर खर्च मार्च में घटकर 1.09 अरब डॉलर रह गया, जो फरवरी में 1.30 अरब डॉलर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। जनवरी में विदेश यात्रा पर खर्च 1.65 अरब डॉलर रहा था। 'उदारीकृत धन प्रेषण योजना' (एलआरएस) के तहत आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, भारतीयों द्वारा विभिन्न श्रेणियों में विदेश में भेजा गया कुल धन (रेमिटेंस) मार्च में 2.59 अरब डॉलर रहा, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा यात्रा व्यय का रहा। एलआरएस के तहत निवासी व्यक्ति एक वित्त वर्ष में 2.50 लाख डॉलर तक का प्रेषण किसी भी वैध चालू या पूंजी खाते के लेनदेन के लिए कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, 'अन्य यात्रा' श्रेणी में, जिसमें अवकाश यात्राएं और अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड खर्च शामिल हैं, मार्च में 62.30 करोड़ डॉलर खर्च किए गए, जो कुल यात्रा व्यय का लगभग 57 प्रतिशत है। शिक्षा संबंधी यात्रा पर 45.01 करोड़ डॉलर खर्च हुए, जिसमें ट्यूशन फीस और हॉस्टल खर्च शामिल हैं।

■ आरबीआई के अनुसार खर्च घटकर 1.09 अरब डॉलर रहा



# कच्चे तेल के दाम तय करेंगे घरेलू शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया संकट को लेकर चल रही वार्ताओं से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां अगले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का मानना है कि छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाला यह सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। 'बकरीद' के अवसर पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। इसके अलावा निवेशकों की नजर रुपये-डॉलर की चाल और वैश्विक बाजारों के रुख पर भी रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम और मुद्रा बाजार की गतिविधियों के प्रति काफी संवेदनशील रहेगा। निवेशक कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिका-ईरान वार्ता, अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल पर करीबी नजर रखेंगे, क्योंकि इनका असर विदेशी निवेश प्रवाह और निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता पर पड़ेगा।'' अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में कुछ प्रगति हुई है। इससे संकेत मिले हैं कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के समाधान की दिशा में चीजें आगे बढ़ रही हैं।

■ अमेरिका-ईरान वार्ता से जुड़े घटनाक्रम भी बाजार को करेंगे प्रभावित



### तनाव कम होने की उम्मीद से धारणा में सुधार

ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा मुख्य रूप से अमेरिका-ईरान स्थिति, कूटनीतिक वार्ताओं और कच्चे तेल की कीमतों से जुड़ी खबरों पर निर्भर करेगी। हालांकि, तनाव कम होने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन वार्ता के अंतिम परिणाम को लेकर अनिश्चितता अब भी बनी हुई है।



### कोलगेट-पामोलिव का लाभ मामूली घटकर 353 करोड़

**नई दिल्ली।** टूथपेस्ट समेत दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कोलगेट-पामोलिव इंडिया लि. का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में मामूली घटकर 353.32 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले साल 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 355 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में इसकी बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1,582.77 करोड़ रुपये हो गई। पिछले साल इसी तिमाही में यह 1,452.02 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, कंपनी का शुद्ध मुनाफा 7.7 प्रतिशत घटकर 1,325.31 करोड़ रुपये रहा। कुल एकीकृत आय मामूली घटकर 6,124.16 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 6,170.91 करोड़ रुपये थी।

■ पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, कंपनी का शुद्ध मुनाफा 7.7 प्रतिशत घटकर 1,325.31 करोड़ रुपये रहा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई टेण्डर

निविदा सूचना संख्याः एनईआर_एसएण्डटी_प्रोजेक्ट_बीएसबी_02_2026

उपमुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/प्रोजेक्ट/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्न लिखित कार्यों के लिए टेन्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदाएँ आमंत्रित करते हैं:-

**निविदा सूचना सं० एवं कार्य का विवरण:** एनईआर_एसएण्डटी_प्रोजेक्ट_बीएसबी_02_2026, कार्य का नामः- पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में मल्टी-सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) का उपयोग करके ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के कार्य का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग जिसमें सतत ट्रैक सर्किटिंग और आसपास के स्टेशनों पर संबंधित सहायक कार्य शामिल हैं, साथ ही Aunrihar Jn (ARJ) Varanasi City (BCY) और Banaras (BNRS) Prayagraj Rambag (PRRB) सेक्शनों में 4x48 OFC कार्य और Sarnath (SRNT) Kadipur (KDQ) और Rajwari (RJI) स्टेशनों पर EI (इनडोर) कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 1287170067.90, बयाना राशिः ₹ 25743400.00 स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः दिनांकः 02.07.2026, 15.00 hrs.

नोट :- 1. बयाना राशि एवं ऑफर की वैधता निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन होना चाहिए। 2. वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना, योग्यता मापदंड, नियम एवं शर्तें देखी जा सकती है। 3. बोली सुरक्षा राशि या तो ई-भुगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी या निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित अनुसार होगी। बैंक गारंटी बांड Annexure-1.1 (निविदा दस्तावेज) के अनुसार होगा और बोली की वैधता अवधि के समाप्त होने के 90 दिनों से परे की अवधि के लिए मान्य होगा।

उपमुसिदूइं/प्रोजेक्ट वाराणसी

मुजाधि/सिगनल-42

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## राशिफल

**मेष:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह:** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या:** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ:** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।


**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

# बाजार पूंजीकरण में शीर्ष पर रही रिलायंस इंडस्ट्रीज

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 74,111.57 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान सबसे ज्यादा लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में वृद्धि हुई। वहीं एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 24,696.89 करोड़ रुपये बढ़कर 18,33,117.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।




## शब्द पहेली - 6236




**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 6235 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |



# आईपीएल के 19वें सीजन में रिकॉर्डों का तूफान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईपीएल 2026 में कई रिकॉर्ड कायम हुए। रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में विराट कोहली और सुनील नरेन जैसे दिग्गज भी शामिल रहे। इसके अलावा कुछ टीम रिकॉर्ड भी देखने को मिले। 19वें सीजन के सबसे रिकॉर्ड के बारे में बताएंगे।


## कोहली ने बनाए 9000 रन

आईपीएल के इतिहास में विराट कोहली पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए, जिन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में 9 हजार रनों का आंकड़ा पार किया। इसके साथ कोहली 9 शतक लगाने वाले भी पहले बल्लेबाज हैं।

## सुनील नरेन ने खेले 200 मैच

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले सुनील नरेन टूर्नामेंट के इतिहास में बतौर विदेशी 200 से ज्यादा मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन चुके हैं। इस लिस्ट में कीरोन पोलार्ड 189 मैचों के साथ दूसरे पायदान पर हैं।

**सभी 10 टीमों के खिलाड़ियों ने जड़े शतक :** *यह पहला ऐसा सीजन था कि जब सभी 10 टीमों के खिलाड़ियों ने कम से कम 1-1 शतक लगाया।*





**एक सीजन में सबसे ज्यादा 100 रनों की साझेदारियां**

- आईपीएल 2026- 33* बार
- आईपीएल 2024- 27 बार
- आईपीएल 2023- 24 बार

**पंजाब किंग्स ने किया सबसे बड़ा रन चेज :** *इस सीजन पंजाब किंग्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज करने का रिकॉर्ड कायम किया। इससे पहले भी यह रिकॉर्ड पंजाब के नाम पर ही दर्ज था। इस दफा पंजाब ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 264/4 रन बनाते हुए जीत दर्ज की थी।*

**मोहम्मद शमी, पहली गेंद पर सबसे ज्यादा विकेट :** *आईपीएल पारी की पहली गेंद पर सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले मोहम्मद शमी नंबर-1 पर आ चुके हैं। शमी 6 बार यह कमाल कर चुके हैं। लिस्ट में दूसरे पायदान पर मौजूद जोफ्रा आर्चर ने 5 बार पहली गेंद पर विकेट लिया है।*

**सभी 10 टीमों के भारतीय कप्तान :** *आईपीएल 2026 में पहली बार ऐसा हुआ कि जब सभी 10 टीमों के कप्तान भारतीय खिलाड़ी रहे। टूर्नामेंट की शुरुआत में सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस नहीं आ सके थे, जिनकी जगह ईशान किशन ने कुछ मैचों में टीम की कमान संभाली थी।*


**एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 200+ बनाने वाली टीम** *सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल में 9 बार 200+ रन का आंकड़ा बनाया। इसके साथ टीम ने पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो गुजरात टाइटंस ने 2025 में बनाया था। गुजरात ने 8 बार यह कमाल किया था।*

# नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन चैंपियनशिप : हरियाणा की बेटी रवीना ने कामनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी रांची (झारखंड) में झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 22 मई से 25 मई तक किया जा रहा है। प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने बताया कि रवीना जींद ने 10 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में 44 मिनट 29 सेकेंड 66 माइक्रोन का बेहतरीन समय देकर स्वर्ण पदक जीतकर कामनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल, दिलबाग सिंह एथलेटिक्स हरियाणा अध्यक्ष, हनुमान सिंह भादू वरिष्ठ उपाध्यक्ष एथलेटिक्स Aहरियाणा और राजकुमार मिटान सदस्य एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक विजेता बनने पर शुभकामनाएं प्रदान की।



### जींद की शिल्पा रानी जींद ने जीता स्वर्ण पदक

*शिल्पा रानी जींद ने जेवलिन थ्रो इवेंट में 56 मीटर 46 सैंटीमीटर की बहुत ही अच्छी थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। योगिता भिवानी ने शाट पुट इवेंट में 16 मीटर 82 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीता। तमन्ना जींद ने 100 मीटर दौड़ में 11 सेकेंड 62 माइक्रोन का समय देकर कांस्य पदक जीता। अंजू हिसार ने 1500 मीटर दौड़ में 4 मिनट 21 सेकेंड 26 माइक्रोन के समय के साथ कांस्य पदक जीता।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 5 | 18 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| हैदराबाद | 14 | 9 | 5 | 18 |
| राजस्थान | 14 | 8 | 6 | 16 |
| पंजाब | 14 | 7 | 6 | 15 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| कोलकाता | 14 | 6 | 7 | 13 |
| चेन्नई | 14 | 6 | 8 | 12 |
| मुंबई | 14 | 4 | 10 | 8 |
| लखनऊ | 14 | 4 | 10 | 8 |

**ऑरेंज कैप**



साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

**पर्पल कैप**



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे राजपाल

**नई दिल्ली।** डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल को ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत का दल नेता (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। रवि बेंगानी 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के उप दल नेता होंगे जबकि वंदना राव और राहुल स्वामी भारतीय दल के साथ जनरल टीम मैनेजर के रूप में यात्रा करेंगे। आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा भी शीर्ष प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनकर ग्लासगो जाएंगी।

### सोडेल ओपन : संयुक्त 33वें स्थान पर संधू



**रिंकवेन।** युवराज संधू लगातार दूसरे दौर में तीन अंडर 68 के स्कोर से डीपी विश्व टूर के सोडेल ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर हैं। संधू ने 70, 68 और 68 के स्कोर से कुल सात अंडर का स्कोर बनाया है। इससे पहले शुभंकर शर्मा कट हासिल करने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका के जेंडर लोम्बार्ड ने तीन दौर में बाद शीर्ष पर तीन शॉट की बढ़त बना ली है। उन्होंने तीसरे दौर में 66 के स्कोर से कुल 18 अंडर का स्कोर बनाया है।

### तीसरे दौर में लड़खड़ाए तलवार, 56वें स्थान पर खिसके



**ओडेंसे।** पहले दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार तीसरे दौर में लड़खड़ा गए और पांच ओवर 75 का स्कोर बनाकर डेनिश गोल्फ चैलेंज में संयुक्त 56वें स्थान पर खिसक गए। तलवार ने पहले दो दिनों में 67-70 का स्कोर बनाया था। वह तीसरे दौर के बाद पांच अंडर पर हैं। उन्होंने तीसरे दौर में चार बोगी के मुकाबले सिर्फ एक बर्डी लगाई। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के दूसरे खिलाड़ी अर्जुन प्रसाद कट में जगह नहीं बना पाए थे।

## राजस्थान ने मुंबई इंडियन्स को 30 रन से हराया, आर्चर ने खेली शानदार पारी

# आरआर ने प्लेऑफ में बनाई जगह पंजाब और केकेआर का सफर खत्म

एजेंसी ⏭ मुंबई

जोफ्रा आर्चर के हरफनमौला खेल की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल टी20 मैच में रविवार को मुंबई इंडियन्स को 30 रन से हराकर प्लेऑफ का टिकट पक्का किया। आर्चर ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लड़खड़ाने के बाद 32 रन की अहम पारी खेली और गेंदबाजी में 4 ओवर में सिर्फ 17 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

बृजेश शर्मा (4 ओवर में 26 रन), नांद्रे बर्गर (4 ओवर में 43 रन) और यश राज पुंजा (4 ओवर में 44 रन) ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। रॉयल्स ने लगातार अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद अपने करो या मरो मैच में 8 विकेट पर 205 रन बनाने के बाद मुंबई की पारी को 9 विकेट पर 175 रन पर रोक दिया। इस जीत के साथ ही रॉयल्स के 14 मैचों में 16 अंक हो गए और उसने अंक तालिका में चौथा स्थान पक्का कर लिया। इसके साथ ही पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की उम्मीदें खत्म हो गईं।



### मुंबई इंडियन्स का अभियान नौवें स्थान पर खत्म

प्लेऑफ की दौड़ से पहले से ही बाहर मुंबई इंडियन्स का अभियान नौवें स्थान पर खत्म हुआ। टीम के लिए सूर्यकुमार यादव ने 60, जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 34 और विल जैक्स ने 33 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर राजस्थान की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही, लेकिन ध्रुव जुरेल ने 26 गेंद में 38, आर्चर ने 15 गेंद में 32, दासुन शनाका ने 15 गेंद में 29 और यशस्वी जायसवाल ने 17 गेंद में 27 रन का अहम योगदान दिया। रविंद्र जडेजा (नाबाद 19) और नांद्रे बर्गर (नाबाद 10) ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में 30 रन की साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई इंडियन्स के लिए दीपक चाहर ने 43 और शार्दुल ठाकुर ने 41 रन देकर दो-दो विकेट लिए। विल जैक्स, अल्लाह गजानफर और कोर्बिन बॉश को एक-एक सफलता मिली।

### रोहित हुए डक पर आउट

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने 38 रन तक चार विकेट गंवा दिए। आर्चर ने पहले ओवर में रोहित शर्मा को खाता खोले बिना विकेट के पीछे कैच कराने के बाद दूसरे ओवर में नमन धीर (छह) को बोल्ड किया।

## स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का बॉश बो जैक्स | 27 | 17 | 1 | 3 |
| सूर्यवंशी का धीर बो चाहर | 04 | 6 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल बो बॉश | 38 | 26 | 3 | 2 |
| रियान का तिलक बो गजानफर | 14 | 8 | 2 | 1 |
| दासुन शनाका रन आउट | 29 | 15 | 0 | 3 |
| फरेरा का बॉश बो चाहर | 18 | 15 | 0 | 2 |
| आर्चर का तिलक बो शारदुल | 32 | 15 | 1 | 3 |
| शुभम का धीर बो शारदुल | 05 | 6 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 19 | 11 | 3 | 0 |
| नांद्रे बर्गर नाबाद | 10 | 3 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त: 09 कुल योग: 20 ओवर में 205/8 रन**
गेंदबाजी: चाहर 4-0-43-2, जैक्स 2-0-12-1, गजानफर 3-0-45-1, रघु 3-0-25-0, शारदुल 4-0-41-2, बॉश4-0-38-1.

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का जुरेल बो आर्चर | 00 | 4 | 0 | 0 |
| रिकेलटन का सूर्यवंशी बो बर्गर | 12 | 7 | 1 | 1 |
| नमन धीर बो आर्चर | 06 | 5 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का एवं बो बर्गर | 60 | 42 | 3 | 4 |
| तिलक वर्मा बो बृजेश | 03 | 7 | 0 | 0 |
| जैक्स का जुरेल बो यश राज | 33 | 18 | 3 | 2 |
| हार्दिक का बर्गर बो आर्चर | 34 | 15 | 3 | 2 |
| बॉश का फरेरा बो यश राज | 02 | 4 | 0 | 0 |
| शारदुल ठाकुर नाबाद | 10 | 11 | 1 | 0 |
| चाहर पगबाधा बृजेश | 08 | 5 | 0 | 1 |
| गजानफर नाबाद | 02 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त: 05 कुल योग: 20 ओवर में 175/9 रन**
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-17-3 , बर्गर 4-0-43-2, बृजेश 4-0-26-2, जडेजा 2-0-24-0, यश राज 4-0-44-2, शनाका 2-0-21-0.

# आखिरी लीग मैच में दिल्ली जीती कोलकाता को 40 रन से हराया



एजेंसी ⏭ कोलकाता

दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल (60 रन) के अर्धशतक के बाद कुलदीप यादव (29 रन देकर तीन विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र के अंतिम लीग मैच कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 40 रन से जीत हासिल की, हालांकि इस मैच का नतीजा अब कोई मायने नहीं रखता है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दिन के शुरूआती मैच में जब राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में चौथी और आखिरी टीम के तौर पर क्वालीफाई किया तो यह मुकाबला पहली पारी के चौथे ओवर में ही बेमानी हो गया था। इस नतीजे के साथ ही केकेआर और पंजाब किंग्स, दोनों ही टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। जब मैच में दांव पर लगाने के लिए कुछ खास नहीं था तो मैदान पर खिलाड़ियों में जोश की कमी साफ नजर आ रही थी। राहुल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंद में पांच चौके और चार छक्के जड़ित पारी खेली। यह इस सत्र में उनका छठा अर्धशतक है जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने पांच विकेट पर 203 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे (63 रन, 39 गेंद, चार चौके, चार छक्के) के सत्र के दूसरे अर्धशतक के बावजूद केकेआर की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। केकेआर ने अंतिम सात विकेट 35 रन के अंदर गंवा दिए। कुलदीप के रहाणे को 14वें ओवर में आउट करने के बाद केकेआर के विकेट पतन का सिलसिला शुरू हुआ।

**• दोनों टीमें पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो चुकी थीं।**

# एफआईजी वर्ल्ड चैलेंज कप : प्रणति का शानदार प्रदर्शन, जीता रजत पदक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की प्रणति नायक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताशकंद में एफआईजी वर्ल्ड चैलेंज कप में महिला वॉल्ट स्पर्धा में रजत पदक जीता। एशियाई चैंपियनशिप में तीन बार पदक जीत चुकी ओडिशा की 31 वर्षीय प्रणति ने फाइनल में अपने दो वॉल्ट में क्रमशः 12.950 और 12.700 अंक बनाकर कुल 13.025 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

वियतनाम की थी क्विन्ह न्हु गुयेन ने 13.375 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान की शाखिनाबोनू यूसुफोवा ने 12.950 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारत की एक अन्य खिलाड़ी प्रोतिस्था सामंता 12.850 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं।



### मैंने कभी हार नहीं मानी : प्रणति

प्रणति ने कहा, 'पिछले कुछ महीने आसान नहीं रहे। ऐसे दिन भी आए जब मैंने असफलताओं का सामना किया। कुछ दिन बेहद कठिन थे लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। इस पदक के साथ पोडियम पर खड़ा होना इस बात का प्रमाण है कि धैर्य, दृढ़ता और विश्वास हमेशा अच्छे परिणाम देता है।'

# खिताबी सूखे को खत्म करने उतरेगा भारतीय दल



**ओस्लो।** विश्व चैंपियन गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के जरिए विश्व चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से पहले लय हासिल करने के इरादे से उतरेंगे जबकि एलीट खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके धैर्य और कौशल की परीक्षा होगी। टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी हिस्सा ले रहे हैं। गुकेश और प्रज्ञानानंदा की मौजूदगी में भारतीय दल टूर्नामेंट में खिताब के अपने सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगा। प्रतियोगिता के ओपन और महिला वर्ग में दुनिया के छह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता में चार खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। गुकेश और प्रज्ञानानंदा ओपन वर्ग में शिरकत करेंगे तो वहीं महिला वर्ग में कोनेरु हंपी और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख हिस्सा लेंगी।

# बायर्न म्यूनिख ने जीता जर्मन कप



एजेंसी ⏭ बर्लिन

स्टार फुटबॉलर हैरी केन की हैट्रिक की मदद से बायर्न म्यूनिख ने मौजूदा चैंपियन स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर जर्मन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता और इस तरह से वर्तमान सत्र में घरेलू टूर्नामेंट जीतने का डबल पूरा किया। केन की दूसरे हाफ में बनाई गई हैट्रिक ने बायर्न के प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया। इस बीच दोनों टीम के प्रशंसकों ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए जर्मन फुटबॉल महासंघ (डीएफबी) के विरोध में नारे भी लगाए। केन ने 55वें मिनट में माइकल ओलिस के क्रॉस पर हेडर से पहला गोल किया। इससे बायर्न के प्रशंसकों ने आतिशबाजी शुरू कर दी। इससे काफी धुआं हो गया और खेल रोकना पड़ा।

## एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों ने जीते 6 पदक

# मानसी, काजल और सुमित ने जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अंडर-23 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन करके 6 पदक जीते। इससे महिला पहलवानों ने दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता 23 से 31 मई तक वियतनाम में आयोजित की जाएगी। सुमित ने 63 किलोग्राम ग्रीको रोमन में स्वर्ण पदक जीता है। 76 किलोग्राम में काजल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। 68 किलोग्राम में जींद की मानसी ने स्वर्ण, 59 किलोग्राम में चरखी दादरी की नेहा ने रजत और 50 किलोग्राम में स्वीटी ने रजत पदक जीता। 55 किलोग्राम में अहिला ने कांस्य पदक जीता। काजल और सुमित की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। सुमित के कोच धर्मेंद्र पहलवान ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शनकरने के लिए प्रेरित किया। सुमित झज्जर जिले का निवासी है। काजल सोनीपत जिले की निवासी है। इससे पहले सुमित 2025 में वर्ल्ड मिलिट्री कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। 2022 में ओपन रैंकिंग सीरीज में स्वर्ण पदक जीता था। 2021 में सब जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले काजल ने अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। वर्ष 2024 में उन्होंने अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।







# म्यूनिख विश्व कप : तीन स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी मनु

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत 24 से 31 मई तक म्यूनिख में होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप में 22-सदस्यीय टीम उतारेगा। इस टीम में शामिल दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर मिश्रित टीम मुकाबले के अलावा दो व्यक्तिगत पिस्टल स्पर्धाओं में भी हिस्सा लेंगी।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने रविवार को टीम की घोषणा की, जिसमें अनुभवी और युवा निशानेबाजों का मिश्रण है। इस टूर्नामेंट को इस खेल के सबसे बड़ी सालाना प्रतियोगिताओं में से एक माना जाता है। मनु के अलावा ओलंपियन और विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता ईशा सिंह भी दो व्यक्तिगत पिस्टल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। इस सत्र में पहली बार भारत के शीर्ष निशानेबाज देश से बाहर किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जा रहे हैं।



भारत ने कांगो, युगांडा और साउथ सूडान की यात्रा से बचने की सलाह दी

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इबोला को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया, भारत ने अफ्रीका भेजी दवाओं से भरी खेप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफ्रीका सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने भी इस वायरस को महाद्वीपीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है।

दुनिया पर एक बार फिर एक खतरनाक महामारी का साया मंडराता नजर आ रहा है। अफ्रीका के कुछ देशों में इबोला वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है। विश्व स्तर पर बढ़ते इस खतरे को देखते हुए भारत सरकार भी पूरी तरह अलर्ट हो गई है।




दुनिया में तेजी फैलने की संभावना,कई देश अलर्ट

अफ्रीका में इबोला वायरस के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दी है। वहीं, भारत सरकार ने भी कांगो, युगांडा और साउथ सूडान की यात्रा से बचने की सलाह दी है।

- इबोला का बचाव करना ही इलाज है,वैक्सीन भी नहीं बनी
- अफ्रीकी देशों में 500 से अधिक मामले सक्रिय



## क्या है इबोला?

बता दें, इबोला एक खतरनाक वायरस से होने वाली बीमारी है। यह कई मामलों में जानलेवा साबित हो सकता है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थों जैसे खून, उल्टी, पसीना या वीर्य के संपर्क में आने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने के लिए जाना जाता है। यह महामारी बंडिबुग्यो वायरस के कारण हुई है. यह इबोला वायरस की एक प्रजाति है, जिसके लिए कोई वैक्सीन या उपचार उपलब्ध नहीं है।

### 500 से ज्यादा मामले, 130 मौतें

डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि संक्रमण और अधिक फैल सकता है। मौतों की संख्या बढ़ सकती है। 500 से अधिक संदिग्ध मामले और 130 संदिग्ध मौतों की जानकारी सामने आई है। ये आंकड़े आगे बदल सकते हैं।

### अफ्रीका में भी इमरजेंसी घोषित

अफ्रीका सीडीसी ने कांगो और युगांडा में फैल रहे इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो स्ट्रेन' को महाद्वीपीय सुरक्षा का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है।

**भारत ने भेजी मेडिकल सहायता**

इस संकट की घटी में भारत अफ्रीका के साथ खड़ा है। भारत सरकार ने आज अफ्रीका सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन को जरूरी मेडिकल सप्लाई और प्रोटेक्टिव किट्स की पहली खेप रवाना कर दी है।

---

कीव में भीषण तबाही

## रूस ने किया बड़ा हाइपरसोनिक मिसाइल और 600 ड्रोन से हमला

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन की राजधानी कीव में रविवार रात रूस ने अब तक का सबसे विनाशकारी हमला किया। इस हमले में रूस ने करीब 600 ड्रोन, 90 मिसाइलें और ओरेशनिक नामक शक्तिशाली हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया। धमाकों की आवाज से रातभर कीव गूंजता रहा और शहर के कई हिस्सों में आग और धुएं का भयावह मंजर देखा गया। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, इस भीषण हमले में कम से कम चार लोगों की



मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। हमलों के कारण कई रिहायशी इमारतें, स्कूल, व्यावसायिक भवन और एक मेट्रो स्टेशन के पास स्थित बाजार पूरी तरह तबाह हो गए। दहशत के मारे लोग रातभर मेट्रो स्टेशनों और भूमिगत बंकरों में शरण लेने को मजबूर रहे।

सुरक्षा बलों पर दागी गोलियां

## व्हाइट हाउस के पास 30 राउंड फायरिंग, परिसर में ही मौजूद थे डोनाल्ड ट्रंप, हमलावर हुआ ढेर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास शनिवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अज्ञात हमलावर ने सुरक्षा चौकी (चेकपॉइंट) के पास पहुंचकर सुरक्षाकर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6 बजे 17वीं स्ट्रीट और पेंसिल्वेनिया एवेन्यू इलाके में हुई। संदिग्ध व्यक्ति अचानक सुरक्षा चेकपॉइंट के पास पहुंचा और अपने बैग से हथियार



निकालकर वहां तैनात अधिकारियों पर फायरिंग शुरू कर दी। खबरों के मुताबिक, इस दौरान करीब 30 राउंड फायरिंग हुई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हमले के वक्त अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस परिसर के अंदर ही मौजूद थे।

### जवानों ने की तुरंत और सटीक कार्रवाई

हालांकि वे पूरी तरह सुरक्षित हैं और इस घटना का उन पर कोई असर नहीं पड़ा। सुरक्षा में तैनात सीक्रेट सर्विस के जवानों ने त्वरित और जवाबी कार्रवाई करते हुए संदिग्ध हमलावर पर गोलियां चलाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## हादसा टला, विमान की कराई आपात लैंडिंग

**अलीगढ़।** धनीपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरने वाले एक विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद जलाली क्षेत्र के पास उसकी आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। गनीमत रही कि विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बच गए।






जाफर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे

## बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास आत्मघाती हमला, 24 की मौत व 100 से ज्यादा घायल

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को एक आत्मघाती हमले में 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक यह हादसा एक रेलवे ट्रैक के नजदीक हुआ, जिसके चपेट में जाफर एक्सप्रेस आ गई।

ट्रेन क्वेटा कैंट की ओर जा रही थी। विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के




पास आग लग गई। फायर ब्रिगेड, पुलिस, रेस्क्यू टीम और सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के असर से आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए।

### सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया

सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। बलूचिस्तान सरकार के गृह मामलों के विशेष सहायक बाबर यूसुफजई ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की।

जम्मू कश्मीर में सर्च ऑपरेशन तेज

## राजौरी में एंटी-टेरर ऑपरेशन दूसरे दिन भी जारी रही मुठभेड़



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवाद-विरोधी अभियान रविवार को दूसरे दिन में प्रवेश कर गया।

छिपे हुए आतंकवादियों का पता लगाने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात रहे। जंगल वाले इलाके में उस वक्त मुठभेड़ शुरू हो गई, जब छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर दी। आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया गया, जिसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ सहित सुरक्षा बलों ने राजौरी जिले के गम्भीर मुगलन के जंगलों में 2-3 आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के बाद इलाके में मिलकर आतंकवाद-विरोधी अभियान शुरू किया। संयुक्त ऑपरेशन के दौरान, गंभीर मुगलन, राजौरी के इलाके में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हुआ।

जम्मू-कश्मीर में नारको-टेरर पर बड़ा एक्शन

## 116 तस्करों के पासपोर्ट रद्द करने की सिफारिश, 890 को किया गिरफ्तार


एआई इमेज

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी और नारको-टेरर के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस अभियान के तहत गिरफ्तार किए गए कथित ड्रग तस्करों के कम से कम 116 पासपोर्ट रद्द करने की सिफारिश की गई है, जिनमें से 94 जम्मू और 22 कश्मीर से हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने तस्करों द्वारा ड्रग्स की कमाई से बनाई गई 81 अवैध संपत्तियों को भी ध्वस्त कर दिया है।

### नशे को जड़ से खत्म करने का अभियान

कोई अधिकारी या सार्वजनिक जीवन का व्यक्ति इस ड्रग नेटवर्क से जुड़ा पाया गया, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। उपराज्यपाल ने जनता को भरोसा दिलाया कि इस तंत्र को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा। अभियान के तहत नशीली दवाओं के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए जिलों में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में शनिवार को उपराज्यपाल ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां में एक पदयात्रा का नेतृत्व किया।

### 7,000 से अधिक महिला समितियों का गठन

प्रशासन का मुख्य उद्देश्य नशामुक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से प्रभावित युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालना और उन्हें रोजगार के अवसर देकर मुख्य धारा में वापस लाना है। सामाजिक स्तर पर इस बदलाव को मजबूत करने के लिए जम्मू-कश्मीर में 7,000 से अधिक महिला समितियों का गठन किया गया है। प्रशासन अब इन समितियों को और अधिक सशक्त बनाने पर काम कर रहा है ताकि वे जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से अपना योगदान दे सकें।

## 2 करोड़ की कफ सिरप जब्त, दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप की दो करोड़ रुपए से अधिक बोतल जब्त की गईं और इस सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। कछार और कोकराझार जिलों में इस सिलसिले में अभियान चलाये गए। कोडीन आधारित दवाओं की बिना चिकित्सा परामर्श के बिक्री प्रतिबंधित है और वैध चिकित्सा लाइसेंस के बिना इनका निर्माण या बिक्री करना स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत अवैध है।








हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109